* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.com

01 सितंबर, 2022
भद्रपद, शुक्ल पक्ष, पंचमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
गुरुवार, वर्ष 07, अंक 312

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही

असम के मदरसों पर चला सरकारी बुलडोजर : तीसरे मदरसे पर कार्रवाई, आतंकी ट्रेनिंग देने का आरोप














## झारखंड की सियासी हलचल रांची से रायपुर तक जारी

# कैबिनेट की बैठक आज चारों मंत्री रायपुर से लौटे

- यूपीए के विधायक रायपुर के रिसॉर्ट में जमे
- रिसॉर्ट के बाहर सुरक्षा के कड़े इंतजाम
- मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी जा सकते हैं रायपुर



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/रायपुर।** झारखंड में पिछले एक सप्ताह से सियासी हलचल तेज है। रांची से रायपुर तक सियासत की डोर खींच गयी है। कांग्रेस कोटे के चार मंत्री बुधवार को रायपुर से रांची लौट आये हैं। ये सभी कैबिनेट की बैठक में शामिल होने के लिए आये हैं। चर्चा है कि कैबिनेट की बैठक के बाद ये फिर रायपुर लौट जायेंगे। साथ ही मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की भी कैबिनेट बैठक के बाद रायपुर जाने की चर्चा है। उधर, यूपीए विधायक रायपुर के मायफेयर रिसार्ट में जमे हुए हैं। यहां सुरक्षा के कड़े इंतजाम किये गये हैं। किसी को न ही अंदर आने दिया जा रहा और न ही किसी को बाहर जाने दिया जा रहा। कोई भी विधायक अन्य किसी व्यक्ति से नहीं मिल पा रहा है।

### सत्यानंद भोक्ता और प्रदीप गये थे रायपुर

गौरतलब है कि यूपीए के 32 विधायकों को मंगलवार को रायपुर शिफ्ट किया गया था। साथ ही कांग्रेस कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और अन्य 8 लोग भी रायपुर गये थे। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन का बुधवार को रायपुर जाने का कार्यक्रम रद्द हो गया। मंत्री सत्यानंद भोक्ता और विधायक प्रदीप यादव रायपुर गये। प्रदीप वहीं रायपुर में रुक गये, जबकि सत्यानंद भोक्ता कांग्रेस कोटे के मंत्री आलमगीर आलम, रामेश्वर उरांव, बन्ना गुप्ता, और बादल पत्रलेख को लेकर रांची वापस लौट गये। यूपीए के रायपुर गये अन्य सभी विधायक अभी वहीं हैं।

### आज है कैबिनेट की बैठक

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में गुरुवार को कैबिनेट की बैठक होगी। सभी मंत्री इस बैठक में शामिल होने के लिए रांची लौटे हैं। रायपुर में मीडिया को मंत्री आलमगीर आलम ने बताया कि गुरुवार को वापस रायपुर लौट रहे हैं। सरकार का कोई भी काम प्रभावित ना हो इसलिए पहले से प्रस्तावित कैबिनेट में हिस्सा लेने के लिए रांची जा रहे हैं।

### मायफेयर रिसॉर्ट की सुरक्षा बढ़ी

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की विधानसभा सदस्यता को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है। इसे देखते हुए सत्ता पक्ष पिछले एक सप्ताह से अपने विधायकों को एकजुट रखने का प्रयास कर रहा है। इसी क्रम में यूपीए विधायकों को मंगलवार को रायपुर शिफ्ट किया गया है। उन्हें रायपुर के एक रिसार्ट मायफेयर में ठहराया गया है। सूत्रों के मुताबिक रिसार्ट में मेंटेनेंस के नाम पर अन्य लोगों के प्रवेश पर पाबंदी लगा दी गयी है। वहां से एक किलोमीटर दूर तक सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गये हैं।

### रिसॉर्ट के बाहर किया गया प्रदर्शन

**रायपुर के मेफेयर रिसॉर्ट के बाहर स्थानीय संगठन के लोगों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने झारखंड सरकार के मंत्रियों और विधायकों के खिलाफ नरेबाजी की। साथ ही अंकिता के हत्यारे शाहरुख को फांसी देने की मांग की। प्रदर्शन करने वालों में एक निर्दलीय पार्षद भी हैं। उन्होंने बताया कि वे भगोड़ा सरकार की निंदा करते हैं। जहां बेटियों को हिंदू के घरों में पेट्रोल डालकर जला दिया जाता है। वहां की पूरी सरकार ने भागकर दूसरे राज्य में शरण ले रही है।**

## अंकिता हत्याकांड : पिता बोले-

# इस्लाम कबूलने और शादी के लिए मजबूर करता था शाहरुख

- लोगों में आक्रोश, तनाव बरकरार, रैफ जवानों का फ्लैग मार्च
- राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम पहुंची अंकिता के घर
- परिजनों से मिले भाजपा नेता, 28 लाख रुपये की सहायता राशि दी



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची/दुमका।** अंकिता के पिता ने खुलासा किया है कि आरोपी शारूख बेटी को इस्लाम कबूल करने और शादी के लिए मजबूर कर रहा था। शाहरुख अंकिता से कहता था कि मुझसे शादी करो, इस्लाम कबूल करो, नहीं तो मैं तुम्हारी जिंदगी नरक बना दूंगा। इससे अंकिता काफी डरी-सहमी रहती थी। इस बीच, दुमका में तनावपूर्ण माहौल बना हुआ है। घटना को लेकर लोगों में खासा आक्रोश है। लोग इसे लव जिहाद का मामला बता रहे हैं। शहर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गयी है। रैफ के जवानों को तैनात किया गया है। इन सब के बीच भाजपा सांसद मनोज तिवारी, सांसद निशिकांत दुबे और कपिल मिश्रा अंकिता के आवास पहुंचे। परिजनों से मुलाकात की और 28 लाख रुपये की सहायता राशि दी। उधर, राष्ट्रीय महिला आयोग की टीम भी अंकिता के घर पहुंची। उन्होंने परिजनों से मिल कर घटना की जानकारी ली।

**शाहरुख के पास था अंकिता का मोबाइल नंबर :** मामले में एक अहम खुलासा हुआ है। अंकिता की दरिंदगी से हत्या करनेवाले शाहरूख ने अंकिता का मोबाइल नंबर कहां से लिया था, ये बात सामने आयी है, साथ ही हत्या की मूल वजह भी। पीड़िता के पिता संजय सिंह का कहना है कि उनके ही मोहल्ले में रहनेवाला शाहरुख पिछले कई दिनों से अंकिता को परेशान कर रहा था। वो उस पर जबरन प्यार और शादी करने के लिए दबाव डाल रहा था। अंकिता ने इनकार करते हुए उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की बात कही तो उसने जान से मारने की धमकी दी और अंत में मेरी बेटी को निर्ममता से मार भी डाला। पुलिस एफआइआर में छात्रा अंकिता ने अपना बयान भी दर्ज कराया था, जिसमें उसने बताया था कि शाहरुख ने मेरी किसी सहेली से मेरा मोबाइल नंबर ले लिया। वह बार-बार फोन करके परेशान करने लगा। इससे पहले वह मुझे रास्ते में जब भी देखता, तब परेशान करता था। 22 अगस्त को रात आठ बजे शाहरुख ने फिर अपने मोबाइल नंबर से फोन किया और कहा कि अगर तुम मुझसे बात नहीं करोगी तो मैं तुमको जान से मार दूंगा। अंकिता की हत्या शाहरूख ने उसे जिंदा जला कर की। रिम्स में मौत से लड़ने के बाद आखिरकार अंकिता इस दुनिया से चल बसी।

### झामुमो विधायक का जताया विरोध

**झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम अंकिता के परिजनों से मिलने उसके घर पहुंचे। हालांकि इस दौरान उन्हें हल्का विरोध भी झेलना पड़ा। लोग अंकिता की मौत के इतने समय बाद सत्ता पक्ष के विधायक के पहुंचने से नाराज थे। फिर भी उन्होंने अंकिता के परिजनों से मुलाकात की और घटना के प्रति अपनी संवेदना जाहिर की। अंकिता की हत्या को लेकर लोबिन हेंब्रम ने कहा कि घटना हृदय विदारक है और जो भी दोषी हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जायेगी।**

### भाजपा नेताओं को बंग्लादेश से तार जुड़ने की आशंका

अंकिता की मौत के बाद लगातार उसके परिवार से लोगों के मिलने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में बुधवार को भाजपा की ओर से सांसद मनोज तिवारी, सांसद निशिकांत दुबे और कपिल मिश्रा अंकिता के आवास पहुंचे। उसके परिजनों से मुलाकात की। उन्हें 28 लाख रुपये की सहायता राशि भी दी। वहीं इस पूरे मामले में इसे महज एक हत्या करार ना देते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि यह एक साजिश है और साजिश के तहत ही इस पूरी वारदात को अंजाम दिया गया था। उन्होंने इसके तार बांग्लादेश से भी जुड़े होने की आशंका जाहिर की।

# सीमा पात्रा 12 दिन की पुलिस रिमांड पर

- युवती को बंधक बना कर पिटाई करने का है आरोप

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** दिव्यांग युवती को बंधक बनाने के मामले में बड़ी हुई है। दिव्यांग युवती को बंधक बना कर उनकी बेरहमी से पिटाई करने के मामले में रांची पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भाजपा की पूर्व नेता और पूर्व आइएएस महेश्वर पात्रा की पत्नी सीमा पात्रा को गिरफ्तार कर जेल भेजा। फिर पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर लेने की अर्जी डाली। न्यायालय ने उन्हें 12 दिनों की पुलिस रिमांड पर दे दिया है। अरगोड़ा थाना पुलिस ने हटिया डीएसपी राजा कुमार मित्रा के नेतृत्व में यह कार्रवाई की है। सीमा पात्रा पर आइपीसी की धारा 323/325/346 और 374 लगायी गयी है। वहीं, उन पर एससी-एसटी एक्ट का मामला भी दर्ज किया गया है। सीमा पात्रा रांची के अरगोड़ा थाना क्षेत्र से पूर्व आइएएस महेश्वर पात्रा की पत्नी हैं। दरअसल, आइएएस महेश्वर पात्रा के घर से एक आदिवासी युवती को रेस्क्यू किया गया था। इस मामले में आरोप महेश्वर पात्रा की पत्नी सीमा पात्रा पर लगा था।

# 26 दिन बाद एयर एंबुलेंस से दिल्ली भेजी गयी एसिड अटैक पीड़िता

- रिम्स के बर्न वार्ड में भर्ती थी काजल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** एसिड अटैक की घटना में 26 दिन पहले चतरा जिले में शिकार हुई पीड़िता काजल को बेहतर इलाज के लिए एयर लिफ्ट करके दिल्ली भेजा गया। उसका इलाज अब दिल्ली एम्स में होगा। इससे पहले रांची स्थित रिम्स में उससे मिलने झारखंड सरकार के मंत्री स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता आये थे। उन्होंने काजल को बेहतर इलाज का भरोसा दिलाया था। काजल की मां और छोटा भाई पंकज भी साथ में दिल्ली गये हैं।

एसिड अटैक की शिकार चतरा की काजल को एम्स, दिल्ली भेजने के लिए रांची के रिम्स प्रबंधन ने चार डॉक्टरों की टीम का गठन किया था। पीड़िता की दुख और क्षोभ से भरी मां ने आरोपी संदीप को फांसी की सजा देने की मांग की है। काजल (17) के साथ ये वारदात 5 अगस्त को हुई। उस समय काजल सो रही थी, तभी घर की दीवार फांद कर संदीप नाम का लड़का घर में घुस आया था और मां-बेटी दोनों पर तेजाब फेंक कर भाग गया थ। आनन-फानन में दोनों घायलों को रिम्स में भर्ती किया गया।

## हद है : नौवीं कक्षा के छात्र फेल होने से नाराज थे

# कम नंबर आये तो शिक्षक को बांध कर पीटा



**आजाद सिपाही संवाददाता**

**दुमका।** झारखंड के दुमका में एक सरकारी स्कूल की नौवीं कक्षा के छात्रों ने अपने शिक्षक और स्कूल के दो कर्मचारियों को पेड़ में बांधा और उनकी पिटाई कर दी। प्रैक्टिकल एग्जाम में कम नंबर आने की वजह से ये सभी छात्र फेल हो गये थे।

छात्रों का आरोप है शिक्षक ने जानबूझ कर उन्हें कम नंबर दिये, जिसकी वजह से वे फेल हो गये। इसी बात से नाराज छात्रों ने शिक्षक, क्लर्क और चपरासी को स्कूल के ही आम के पेड़ में रस्सी से बांधा और जम कर पीटा। छात्रों ने इस पूरी घटना का फेसबुक लाइव भी किया है। वीडियो सामने आने के बाद डीडीसी ने मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने की बात कही है।

झारखंड एकेडमिक काउंसिल ने 26 अगस्त को 9वीं कक्षा का परिणाम जारी किया था, जिसमें अनुसूचित जनजाति आवासीय उच्च विद्यालय गोपीकांदर के 11 छात्र फेल हो गये थे। इसी से गुस्साये छात्र सोमवार को ग्रुप बना कर स्कूल के शिक्षक कुमार सुमन और क्लर्क सोनेराम चौड़े के पास पहुंचे और प्रैक्टिकल में दिये गये नंबर के बारे में पूछताछ करने लगे। वे कॉपी दिखाये जाने की जिद कर रहे थे।

### कॉपी दिखाने से इनकार पर पेड़ से बांधा

कॉपी दिखाने से इनकार किये जाने पर छात्र बेकाबू हो गये और दोनों के साथ धक्का-मुक्की करने लगे। उस वक्त मौके पर स्कूल के चपरासी अचंतु मल्लिक भी मौजूद थे। गुस्साये छात्रों ने इन तीनों को स्कूल परिसर के एक आम के पेड़ से बांध दिया और पिटाई की। छात्रों का आरोप है कि जानबूझ कर कम नंबर दिये गये हैं। बाद में शिक्षक के आग्रह पर छात्रों ने उन्हें छोड़ दिया। वीडियो में छात्रों को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि शिक्षकों ने बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ किया है। इसका लाइव करो, वीडियो वायरल करो।

### जांच के बाद कार्रवाई करेंगे डीडीसी

इस बारे में दुमका के उप विकास आयुक्त ने कहा कि इसकी जांच जिला कल्याण पदाधिकारी और गोपीकांदर के बीडीओ करेंगे। छात्रों के आरोप की भी जांच की जायेगी।???? डीडीसी ने कहा कि कारण कुछ भी हो, लेकिन शिक्षक और अन्य लोगों की पिटाई करने का मामला गंभीर है। उन्होंने कहा कि इसमें दोषी छात्रों को चिह्नित किया जा रहा है, उनके खिलाफ कार्रवाई की जायेगी।




आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel



## व्यवस्था पर चोट : दुमका से गढ़वा और चतरा से रांची तक की घटनाएं कर रहीं सवाल

# इतना बेबस क्यों हो गया है झारखंड का प्रशासन

**आजाद सिपाही विशेष**

पिछले एक सप्ताह से झारखंड में राजनीतिक घमासान चरम पर है। सरकार बचाने और गिराने के खेल के बीच कुछ ऐसी दुर्भाग्यपूर्ण घटनाएं हुई हैं, जिनसे प्रशासनिक किले के कमजोर होने का संकेत भी मिला है। पहले दुमका की अंकिता सिंह एक सिरफिरे वहशी की शिकार बन गयी, फिर चतरा की काजल कुमारी भी एक अन्य वहशी के कारण जीवन और मौत से जूझ रही है, उधर पलामू में बलवाइयों के एक समूह ने महादलितों को जबरन बेघर कर दिया, जबकि रांची के नरकोपी में घर में सो रही एक लड़की एक दुष्कर्मी का शिकार बन गयी। ये चारों घटनाएं हालांकि अलग-अलग हैं और सभी मामलों में अभियुक्तों को पकड़ लिया गया है, लेकिन सवाल यह नहीं है कि घटनाएं होने के बाद प्रशासन क्या कर रहा है। सवाल तो यह है कि इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए प्रशासन कितना मुस्तैद है। यह सही है कि ऐसी असंगठित घटनाओं की पूर्व सूचना इतनी आसानी से नहीं मिल पाती है, लेकिन प्रशासन का इकबाल तो जमीन पर दिखना चाहिए। झारखंड में यही शून्यता आ गयी है। इन घटनाओं के कारण सवा तीन करोड़ लोगों का यह खूबसूरत प्रदेश सकते में पड़ गया है। हर वह इंसान, जिसमें सोचने-समझने की क्षमता है, इन घटनाओं से खुद को जुड़ा हुआ महसूस कर रहा है, मानो ये घटनाएं उसके साथ ही घटी हैं। इन घटनाओं ने न केवल व्यवस्था पर चोट किया है, बल्कि झारखंड के सियासतदानों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ उन समाजसेवियों के चेहरों पर भी थप्पड़ जड़ा है, जो खुद को आम लोगों के सबसे करीब होने का दावा करते हैं। झारखंड की इन घटनाओं ने एक बार फिर साबित किया है कि आज हमारे यहां की व्यवस्था आम लोगों से पूरी तरह कट चुकी हैं। उसे केवल अपने हित या सत्ता की राजनीति से मतलब है, चाहे इसके एवज में आम लोगों को कितनी भी तकलीफ क्यों न हो। झारखंड की इन दुर्भाग्यपूर्ण घटनाओं की पृष्ठभूमि में प्रशासनिक निष्क्रियता का विश्लेषण कर रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह



**क्या राजनीतिक घमासान के कारण दरक गया है प्रशासनिक किला**

शुरुआत करते हैं दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र की सर्वोच्च अदालत की टिप्पणी से। सुप्रीम कोर्ट ने टिप्पणी की है कि झारखंड में ऐसा लगता है कि कानून का शासन नहीं रह गया है। झारखंड हाइकोर्ट के चीफ जस्टिस की कोर्ट की टिप्पणी पढ़िये: झारखंड में कानून का राज नहीं है। कानून तोड़नेवालों में कानून का भय नहीं है। पहली टिप्पणी एक पत्रकार की जमानत याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने की, जबकि दूसरी टिप्पणी झारखंड हाइकोर्ट ने अंकिता मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए की। इन दोनों टिप्पणियों से बरबस अमेरिकी समाज वैज्ञानिक प्रो डगलस प्रॉक्टर का वह कथन याद आ गया, जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत इस दुनिया का संभवतः सबसे अनोखा देश है, जहां आम लोगों के विकास और कल्याण को सत्ता प्रतिष्ठान से ही जोड़ कर देखा जाता है। और भारत के पूर्वी हिस्से में बसा सवा तीन करोड़ की आबादी वाला प्रदेश झारखंड तो और भी अनोखा है, जहां विकास और जन कल्याण की अवधारणा पूरी तरह सरकार के जिम्मे है। लेकिन इसके साथ ही खनिज संपदा और खूबसूरत प्राकृतिक नजारों से भरपूर इस प्रदेश की यह विडंबना है कि विकास और कल्याण की जनता की सभी आकांक्षाएं सियासत के दरवाजे पर आकर दम तोड़ देती हैं। उसके बाद आकांक्षाओं-उम्मीदों की लाश पर सियासत की रोटी खूब सेंकी जाती है।

पिछले एक सप्ताह में झारखंड के अलग-अलग हिस्सों से पीड़ादायक खबरें आयीं, जिन्होंने आम लोगों को झकझोर कर रख दिया। दुमका की अंकिता सिंह एक वहशी के हाथों जिंदा जला दी गयी, चतरा की काजल कुमारी एक अन्य वहशी के कारण एसिड अटैक से पीड़ित होकर जिंदगी और मौत से जूझ रही है, रांची के नरकोपी की युवती एक दुष्कर्मी के हवस की शिकार बन गयी और पलामू में महादलित समुदाय के करीब 50 परिवार बलवाइयों के एक समूह के कारण बेघर हो गये। इन चारों घटनाओं में सीधे तौर पर भले ही कोई साम्य नहीं दिखता है, लेकिन इन सभी घटनाएं झारखंड में व्याप्त प्रशासनिक कमजोरी का आइना हैं। आखिर क्या कारण है कि इन घटनाओं को रोकने में प्रशासन नाकाम रहा। विधि विज्ञान और अपराध शास्त्र के साथ प्रशासनिक कामकाज के विशेषज्ञ कह सकते हैं कि इस तरह की असंगठित और छिटपुट घटनाओं को रोक पाना किसी भी प्रशासन के लिए संभव नहीं है, लेकिन क्या इन घटनाओं से यह नहीं लगता है कि झारखंड में प्रशासन का इकबाल अचानक खत्म होने लगा है। किसी में कोई डर नहीं है। आपराधिक मानसिकता वाले लोगों को भरोसा हो गया है कि अभी उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी, क्योंकि झारखंड का प्रशासन राजनीतिक उथल-पुथल की चपेट में है।

अब यह बात भले ही कही जा रही है कि इन घटनाओं के आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, लेकिन कब और कितनी देर बाद, यह बड़ा सवाल है। ये चार घटनाएं साबित करती हैं कि झारखंड में आज भी राजनीति ही प्रशासन के सिर चढ़ कर बोलती है। यहां सब कुछ सियासत की गाड़ी पर ही सवार होता है। इसीलिए अंकिता पांच दिन तक असहनीय पीड़ा सहते हुए मर गयी, लेकिन उसे बेहतर इलाज के लिए बाहर भेजना तो दूर, प्रशासन के किसी अधिकारी ने उसका हाल-चाल जानने की जहमत नहीं उठायी। चतरा की काजल को उस समय दिल्ली भेजा गया, जब राजनीतिक नेतृत्व ने 26 दिन बाद ऐसा करने का निर्देश दिया। नरकोपी की युवती तो खैर अब भी अस्पताल में है और राजनीतिक नेतृत्व के कारण उसे समुचित इलाज मिल रहा है। पलामू के बेघर हुए लोगों के मामले में भी राजनीतिक हस्तक्षेप हुआ, तब प्रशासन एक्शन में आया। लेकिन इन तमाम हकीकतों के बावजूद यह सच है कि इन घटनाओं ने प्रशासन का वह बदसूरत चेहरा उजागर किया है, जिसे आज तक लोगों ने देखा और महसूस तो किया है, लेकिन कोई इसे बताना नहीं चाहता।

आखिर अंकिता और काजल के साथ वहशियाना हरकत करनेवाले युवकों को इतनी हिम्मत कहां से आ गयी। क्या यह माना जा सकता है कि इन लड़कियों की कहानी दुनिया के सामने आने से पहले उन दोनों के घरों के आसपास रहनेवाले राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ताओं को पता नहीं चली होंगी। यह माननेवाली बात ही नहीं है। तब बड़ा सवाल यह है कि उन सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ताओं ने क्या किया। जो लोग अपने इलाके का सबसे प्रभावशाली व्यक्ति होने का दावा करते हैं, वे इन दोनों लड़कियों की तकलीफों को दूर करने के लिए सामने क्यों नहीं आये। इस सवाल का जवाब देना आसान नहीं है। इन लोगों ने प्रशासन को सूचना क्यों नहीं दी और अब प्रशासनिक सुस्ती पर छाती क्यों पीट रहे हैं।

इन घटनाओं ने झारखंड के प्रशासन के साथ उन राजनीतिक-सामाजिक संगठनों की पोल खोल कर रख दी है, जो हर गांव-टोले में अपना जनाधार होने का दावा करते हैं। इन घटनाओं के बाद यह कैसे मान लिया जाये कि राजनीति के मैदान के धुरंधरों के पास कार्यकर्ताओं की फौज बूथ स्तर तक तैनात है और वह फौज आम लोगों से हमेशा संपर्क में रहती है। इसलिए इन घटनाओं ने तमाम राजनीतिक-सामाजिक संगठनों के लिए आत्ममंथन का अवसर मुहैया कराया है, क्योंकि दुनिया बहुत आगे जा चुकी है। अब इस तरह की बेबसी और मजबूरी का रोना रोकर जनता का भरोसा नहीं जीता जा सकता है। यदि अब भी प्रशासन और राजनीतिक-सामाजिक संगठन नहीं चेते, तो वह दिन दूर नहीं, जब जनता भी इतनी ही निष्ठुर हो जायेगी और तब उनके सामने मैदान छोड़ने के अलावा दूसरा कोई विकल्प नहीं बचेगा। इसलिए, जरूरत उस स्थिति से बचने की है, ताकि विकास की हमारी अवधारणा नये क्षितिज की तरफ बढ़े, जिसमें केवल वोट ही सब कुछ नहीं होता, बल्कि आम लोगों की तकलीफ और दुख-दर्द को बांटना महत्वपूर्ण होता है।

---

### पलामू में महादलितों को बेघर किये जाने का मामला

## राज्यपाल ने डीसी से दो दिनों में मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** राज्यपाल रमेश बैस ने बुधवार को पलामू जिले के पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातु गांव में कुछ समुदाय विशेष के लोगों द्वारा लगभग 50 महादलित परिवारों के घर ध्वस्त कर बेघर करने की खबर पर अपनी चिंता प्रकट की। उन्होंने इस मामले का संज्ञान लेते हुए उपायुक्त, पलामू को दो दिनों के अंदर एक विस्तृत जांच प्रतिवेदन समर्पित करने का निर्देश दिया। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को मुस्लिम समुदाय के लोग भीड़ की शक्ल में पांडू थाना क्षेत्र के मुरुमातु के महादलित टोले में पहुंचे। यहां भीड़ ने करीब 50 परिवारों को भगा दिया और उनकी झुग्गी-झोंपड़ियों को उजाड़ दिया। दलित परिवार के ये लोग पिछले 30 वर्षों से इस इलाके में रह रहे थे और पहाड़ के नजदीक मिट्टी



काट कर झुग्गी-झोंपड़ी बना रखी थी। कुछ लोगों के कच्चे मकान भी थे, जबकि कई लोग पत्तों से बनी झोंपड़ियों में रह रहे थे। दलित परिवार की यह बस्ती स्टेट हाइवे पांडू छतरपुर के बगल में है। यह समुदाय इलाके में भिक्षाटन कर अपना जीवन-यापन कर रहा था। महादलित समुदाय का कोई भी व्यक्ति शिक्षित नहीं है। मुसलिम समुदाय का आरोप है कि ये उनकी जमीन है, इस जमीन पर एक संस्था का धार्मिक कार्य संचालन किया जाना है, जबकि पीड़ितों का कहना है कि उनके पास जमीन से संबंधित सर्वे के कागजात भी हैं।

## विचित्र डॉक्टर, अपेंडिक्स की जगह काट दी आंत, गिरफ्तार

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** अपेंडिक्स के आपरेशन के नाम पर आंत का आपरेशन कर महिला की जान लेनेवाले मामले में चिकित्सक सह हास्पिटल संचालक को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इस मामले में झारखंड के गढ़वा जिले के भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के एमओआइसी डॉ दिनेश कुमार ने एक सप्ताह पूर्व गढ़वा के खरौंधी स्थित कादरी हास्पिटल के संचालक डॉ एनुल हक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

जानकारी के अनुसार, डॉ एनुल हक के विरुद्ध अनधिकृत रूप से अस्पताल का संचालन करने तथा गलत आपरेशन करने के कारण संगीता यादव 32 वर्ष की मौत का आरोप था। इसे लेकर श्रीबंशीधर नगर के अनुमंडल पदाधिकारी एवं सिविल सर्जन गढ़वा द्वारा 30 जुलाई 2022 को जांच की गयी थी। जांच में डॉ एनुल हक पर जानबूझ कर तथ्यों को छिपाने, जांच में सहयोग नहीं करने, जांच दल को गुमराह करने

**डॉ एनुल हक के विरुद्ध अनधिकृत रूप से अस्पताल संचालन का आरोप**

तथा झोलाछाप चिकित्सक से मरीजों का आपरेशन करवाने के भी मामले सामने आये थे।

इसे लेकर तत्कालीन सिविल सर्जन डॉ कमलेश कुमार ने भवनाथपुर सीएचसी के एमओआइसी डॉ दिनेश कुमार को सिविल सर्जन कार्यालय के पत्रांक 1546 दिनांक 23 अगस्त 2022 द्वारा कादरी हास्पिटल खरौंधी के संचालक डॉ एनुल हक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करवाने का निर्देश दिया था। सिविल सर्जन ने डॉ एनुल हक को भविष्य में भी किसी प्रकार के चिकित्सा कार्य के लिए प्रतिबंधित करने का भी आदेश दिया था। उक्त आदेश के आलोक में भवनाथपुर के एमओआइसी डॉ दिनेश कुमार ने खरौंधी थाना में डॉ एनुल हक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी थी।

### क्या है मामला...

उत्तरप्रदेश के सोनभद्र जिले के कोन थाना क्षेत्र के बागेसोती गांव के डुबवा टोला निवासी नंद किशोर यादव की पुत्री संगीता यादव 32 वर्ष को पेट में दर्द की शिकायत होने पर झारखंड के गढ़वा जिले के खरौंधी स्थित कादरी हास्पिटल में भर्ती कराया गया था। जांच के बाद उक्त हास्पिटल के संचालक ने 22 फरवरी 2022 को महिला के अपेंडिक्स के आपरेशन किया था। लेकिन महिला की स्थिति बिगड़ती चली गई। इसके पश्चात कादरी हास्पिटल के संचालक की सलाह पर महिला को दो मार्च को वाराणसी के डीएनएस हास्पिटल में इलाज के लिए ले जाया गया।

वहां जांच के दौरान यह बात सामने आई कि महिला के अपेंडिक्स आपरेशन करने के दौरान आंत का आपरेशन कर दिया गया था। फिर वाराणसी में भी महिला का आपरेशन किया गया। इस दौरान वाराणसी के हेरिटेज हास्पिटल व ट्राइडेंट हास्पिटल में भी इलाज चला। लेकिन उसकी हालत दिनोदिन बिगड़ती गई और 12 अप्रैल 2022 को संगीता यादव की मौत हो गई। उसके स्वजनों के अनुसार पूरे इलाज में करीब आठ लाख रुपये खर्च हुए। लेकिन कादरी हास्पिटल में गलत आपरेशन के कारण महिला की जान चली गयी।

### खरौंधी थाना ने नहीं दर्ज की थी प्राथमिकी

मृतका संगीता के स्वजनों की मानें तो उसकी मौत के बाद कादरी हास्पिटल संचालक के विरुद्ध खरौंधी थाना में प्राथमिकी दर्ज के लिए आवेदन दिया गया था। लेकिन वहां प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। इसके बाद मृतका के स्वजनों ने उपायुक्त को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई। बताया गया कि दिशा की बैठक में जब यह मामला उठाया गया, तब इस पर कार्रवाई प्रारंभ हुई। श्रीबंशीधर नगर के एसडीओ आलोक कुमार व जिले के तत्कालीन सिविल सर्जन डा. कमलेश कुमार ने इस मामले की जांच के बाद कादरी हास्पिटल के संचालक के विरुद्ध कार्रवाई की अनुशंसा की थी।

## गेंद समझ कर घर ले आये बम विस्फोट में दो बच्चे घायल

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**सरायकेला।** झारखंड में बुधवार को बड़ा हादसा हुआ। खरसावां जिला के आदित्यपुर के वार्ड 15 के निर्मलनगर में खेलने के दौरान हुए बम ब्लास्ट की घटना में सिकरा (14 वर्ष) और शिवा (12 वर्ष) दो बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गये। उन्हें तत्काल इलाज के लिए एमजीएम भेजा गया है। मिली जानकारी के अनुसार आदित्यपुर नगर निगम के वार्ड 15 निर्मल नगर के एक मकान में रहने वाले किरायेदार का बच्चा शौच के लिए बाहर गया हुआ था। इसी दौरान उसे सुतली में लपेटा हुआ संदिग्ध सामान मिला, जिसे बच्चा खेलने का सामान समझ कर घर ले आया।

घर पर लाकर पत्थर से कूचने के दौरान ही देसी बम ब्लास्ट हो गया, जिसमें दोनों बच्चे घायल हो गये। मामले की सूचना मिलते ही आदित्यपुर थाना पुलिस मौके पर



पहुंची और घायलों को इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल भिजवाया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजन कुमार ने बताया कि मकान को सील कर दिया गया है। फिलहाल घायलों का इलाज कराया जा रहा है। मामले की जांच के बाद ही यह खुलासा हो सकेगा कि माजरा क्या है।

घटनास्थल पर थाना प्रभारी राजन कुमार पहुंचे और आसपास के लोगों से पूछताछ की. बताया जाता है कि जिस घर में सुतली बम ब्लास्ट हुआ है वह चिंतामणि नामक महिला का घर है। इसमें गुरुवारी नामक महिला दो बच्चों और पति के साथ रहती है।

### पहल : फूलो झानो आशीर्वाद अभियान ने अनिमा को सम्मान दिलाया

# हड़िया दारू बेचनेवाली बनी बैंक दीदी

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** खूंटी की हड़िया दारु बेचनेवाली अनिमा हेरेंज अब बैंक दीदी बन गयी है। अनिमा को अब लोग शराब बेचनेवाली नहीं, बल्कि बैंक दीदी के नाम से जानते हैं। दरअसल, फूलो झानो आशीर्वाद अभियान ने अनिमा को उसके हक का सम्मान दिलाया है। कर्रा प्रखंड के छाता गांव की रहनेवाली अनिमा को पूरी पंचायत में एक अलग पहचान मिली है। अनिमा कहती है कि पढ़ी लिखी होने के बावजूद वह अवसरों के अभाव में अपनी शिक्षा का सही उपयोग नहीं कर पा रही थी। फिर उसे फूलो झानो



आशीर्वाद अभियान के तहत 10 हजार रुपये की सहायता प्राप्त हुई। इस राशि के लिए अलग से किसी भी प्रकार का ब्याज देने की आवश्यकता नहीं थी। प्राप्त राशि और अपनी जमा पूंजी की मदद से नौ हजार का स्मार्ट फोन खरीदा। इसके बाद उसे डिजी पे के लिए प्वाइंट आवंटित करने और लेन-देन की तकनीकी जानकारी देकर प्रशिक्षित भी किया गया। अनिमा पढ़ी-लिखी थी, ऐसे में उन्होंने कुछ दिनों में ही बैंक की तर्ज पर राशि जमा और निकासी करने लगी। कुछ महीने में अनिमा ने अपना दायरा बढ़ाया और अपनी पंचायत के सभी गावों में लेन देन करने लगी। छाता गांव के 10 किलोमीटर के दायरे में कोई भी बैंक शाखा नहीं थी। लोगों को गांव से बैंक आवागमन में घंटों लग जाते थे और कच्ची सड़क की वजह से परेशानी भी थी। आवागमन का साधन मुश्किल से मिल पाता था। ऐसे में दीदी ने डोर-स्टेप बैंकिंग सुविधा देने का काम शुरू किया। 20 से 25 हजार रुपये का रोजाना लेन-देन करने लगी। अनिमा को छाता पंचायत के लिए बैंक ऑफ इंडिया के तहत बीसी प्वाइंट भी आवंटित हो गया है। ऐसे में शराब बेचनेवाली अनिमा अपने घर से ही मिनी खाता खोलना, जमा-निकासी, बीमा करना, समूह का लेन-देन करने में समर्थ हो गयी है।

### 15 हजार से अधिक महिलाओं को मिला लाभ

फूलो झानो आशीर्वाद अभियान के तहत अब तक शराब और हड़िया दारू निर्माण तथा उसकी बिक्री से जुड़ीं 15867 महिलाओं को लोन उपलब्ध करा कर सम्मानजनक आजीविका से जोड़ा जा चुका है। इनमें से 5638 महिलाओं ने लोन की राशि की अदायगी भी शुरू कर दी है। वहीं योजना के तहत मिलनेवाले 10 हजार रुपये के अतिरिक्त लोन 4745 महिलाओं को दिया गया है। इनमें से 2419 महिलाएं लोन राशि का भुगतान कर रही हैं। अभियान से आच्छादित होनेवाली महिलाओं में सबसे अधिक सिमडेगा 1625, रांची 1603, गुमला 1505, लोहरदगा 1355 और गोड्डा की 1091 हैं।

## सीए सुमन को बेल देने से इडी कोर्ट का इनकार

**रांची (आजाद सिपाही)।** खूंटी में मनरेगा घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपी और पूजा सिंघल के सीए सुमन कुमार सिंह की जमानत याचिका पर इडी के स्पेशल कोर्ट में सुनवाई हुई। सभी पक्षों को सुनने के बाद कोर्ट ने सुमन कुमार को बेल देने से इनकार कर दिया है। इडी ने 5 मई को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी। इसके बाद इडी ने पूजा सिंघल और सीए सुमन सिंह को गिरफ्तार किया था। दोनों से 14 दिनों की पुलिस हिरासत में पूछताछ की गयी, जिसमें इडी को बेहिसाब पैसे और आय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली। इसके अलावा कई जिलों के डीएमओ के खिलाफ मिले सबूतों पर जांच चल रही है।

## प्रेम प्रकाश को इडी ने फिर लिया रिमांड पर

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**रांची।** पावर ब्रोकर प्रेम प्रकाश उर्फ पीपी को इडी ने पंकज मिश्रा से जुड़े केस में गिरफ्तार किया है। बुधवार को इडी ने उसी केस में दोबारा उसे रिमांड पर ले लिया है। यह जानकारी कोर्ट में मौजूद एक अधिवक्ता ने दी है। जानकारी के मुताबिक, रिमांड अवधि में प्रेम प्रकाश से उसके घरवाले और वकील प्रतिदिन मुलाकात कर सकते हैं। इसके लिए 30 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इसके साथ ही अदालत ने इडी को यह निर्देश दिया है कि जरूरत पड़ने पर प्रेम प्रकाश को मेडिकल सुविधा भी उपलब्ध करायी जाये। पावर ब्रोकर के नाम से जाने

**कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है**

जानेवाले प्रेम प्रकाश को इडी अब रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। प्रेम प्रकाश को गिरफ़्तार करने के बाद इडी की टीम ने उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया था। पिछली बार इडी की ओर से प्रेम प्रकाश को 14 दिनों की रिमांड पर लेने का आवेदन दिया गया, लेकिन कोर्ट ने सिर्फ आठ दिनों के रिमांड को ही मंजूरी दी थी। वहीं रिमांड अवधि खत्म होने के बाद दोबारा इडी ने कोर्ट से आठ दिनों की रिमांड मांगी थी। कोर्ट ने छह दिनों की रिमांड की मंजूरी दी है।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
187200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
1 Channel

वेदर

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| रांची | 32.4 °c | 24.2 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | 18.07 बजे | |
| सूर्योदय (कल) : | 05.30 बजे | |



**पहल : सीएम हेमंत सोरेन ने लिये जनहित के कई फैसले**

# असाध्य रोगियों को इलाज के लिए अब 10 लाख रुपये सहायता राशि मिलेगी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री गंभीर बीमारी उपचार योजना के तहत असाध्य रोगियों को मिलनेवाली चिकित्सा सहायता अनुदान की राशि 5 लाख रुपये से बढ़ा कर 10 लाख रुपये कर दी है। इसके अलावा पूर्व से स्वीकृत असाध्य रोगों की सूची में अन्य असाध्य रोगों को सूचीबद्ध करने से संबंधित प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।



मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रस्तावों पर दी सहमति

## जरूरतमंदों को मिलेगी मदद

मुख्यमंत्री ने असाध्य रोग के इलाज के लिए पूर्व में दी जा रही 5 लाख रुपये की राशि को पर्याप्त नहीं मानते हुए राशि में बढ़ोतरी करने का निर्देश दिया था। इसके उपरांत राशि को बढ़ा कर 10 लाख रुपये किया गया। अब सभी जरूरतमंदों को असाध्य रोग के इलाज में काफी मदद मिलेगी।

## रंका के युवाओं को डिग्री कॉलेज की सौगात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गढ़वा जिलांतर्गत रंका अनुमंडल मुख्यालय में डिग्री कॉलेज की स्थापना किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है। मालूम हो कि 2008 से पूर्व रंका गढ़वा सदर अनुमंडल अंतर्गत आता था। अनुमंडल बनने के बाद से रंकावासियों की डिग्री कॉलेज को लेकर मांग की जा रही थी। मंत्री सह गढ़वा विधायक और जिलावासियों की मांग को देखते हुए जनहित में डिग्री कॉलेज की स्थापना का निर्णय लिया है। रंका में डिग्री कॉलेज शुरू होने से युवाओं को उच्च शिक्षा के कई अवसर प्राप्त होंगे और भविष्य में उन्हें आगे बढ़ने का मौका मिलेगा।

## सीएम आज करेंगे हर हाथ को काम, हर गांव का विकास अभियान की शुरुआत

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन गुरुवार 1 सितंबर को ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत हर हाथ को काम, हर गांव का विकास अभियान की शुरुआत करेंगे। यह अभियान राज्य की सभी पंचायतों, ग्रामों तक संचालित किया जायेगा। इसके साथ ही सीएम ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा भी अधिकारियों के संग करेंगे। सीएम मनरेगा, पीएम आवास योजना ग्रामीण, बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर आवास योजना, रूर्बन, सैगी, कृषि सिंचाई योजना 2.0, झारखंड जलछाजन योजना, नाबार्ड संपोषित जलछाजन योजना, पलाश की समीक्षा करेंगे। अभियान का शुभारंभ सुबह 9.30 से होगा। इसके बाद सीएम प्रोजेक्ट भवन सचिवालय में समीक्षा बैठक करेंगे। ग्रामीण विकास विभाग समीक्षा को लेकर बुधवार को भी खुला रहा और रिपोर्ट तैयार की गयी। सीएम के समक्ष सारी योजनाओं का प्रजेंटेशन भी किया जायेगा। इस बैठक में विभागीय मंत्री आलमगीर आलम, ग्रामीण विकास सचिव डॉ मनीष रंजन सहित कई वरीय पदाधिकारी और डीडीसी शामिल होंगे।

## हजारीबाग में जमीन की अब कटेगी रसीद

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने हजारीबाग नगरपालिका द्वारा अबतक उपभोग किये जा रहे जमींदारी अधिकारों को बिहार भूमि सुधार अधिनियम, 1950 के प्रावधानों और अपर मुख्य सचिव, राजस्व, निबंधन और भूमि सुधार विभाग की अध्यक्षता में दिनांक 21.06.2022 को आहूत बैठक में अभिलेखों के हस्तांतरण के लिए दिये गये निर्देशों के अनुसार राज्य सरकार में निहित किये जाने के प्रस्ताव पर स्वीकृति दी है।

मालूम हो कि हजारीबाग शहर की करीब आधी भूमि का राजस्व रसीद हजारीबाग नगरपालिका द्वारा निर्गत किया जाता था। वर्ष 2011-12 में तत्कालीन एसडीओ ने इस प्रक्रिया पर रोक लगा दी थी। तब से लेकर अब तक जमीन की खरीद बिक्री, म्यूटेशन, आदि को लेकर लोगों को अनेक परेशानियों का सामना करना पड़ता था। जिला प्रशासन के पास भी रसीद निर्गत करने का अधिकार नहीं था, जिससे समस्या जटिल होती जा रही थी। इस बाबत पूर्व में विधानसभा में भी सवाल पूछे गये। कई जनप्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों ने इस समस्या के निराकरण की मांग कई बार पूर्व की सरकारों के समक्ष रखा था। लेकिन समाधान कभी नहीं निकल पाया। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने मामले की जानकारी के बाद रसीद निर्गत करने की प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए राजस्व विभाग को रसीद निर्गत करने संबंधी प्रस्ताव पर अपनी सहमति प्रदान की है।

# राज्य में हों या बाहर बिकनेवाले कहीं भी बिक जायेंगे : लोबिन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** यूपीए विधायकों को रायपुर भेजे जाने के बाद झामुमो के बोरियो विधायक लोबिन हेंब्रम ने कहा है कि विधायकों को झारखंड में रखिये या फिर विदेश ले जाइये, जिन्हें बिकना होगा, वे कहीं भी रह कर बिक जायेंगे। राज्य में कई घटनाएं हो गयी हैं, ऐसे में विधायकों और मंत्रियों के नहीं रहने से गलत संदेश जा रहा है। पीड़ित को केवल पैसा ही दे देना बहुत नहीं होता। दुख में साथ रहने से परिवार को बल मिलता है। राज्य सरकार को काम करने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर चल रहे



ऑफिस ऑफ प्रॉफिट के मामले में जब तक राज्यपाल का कोई निर्णय नहीं हो जाता, तब तक इस तरह के कार्यों से परहेज करना चाहिए। झामुमो विधायक लोबिन हेंब्रम अंकिता के परिजनों से मिलने उनके घर पहुंचे थे। उन्होंने पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन भी दिया।

# लालू यादव का पासपोर्ट फिर सीबीआइ कोर्ट में जमा

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** चारा घोटाला से जुड़े अलग-अलग मामलों में सजायाफ्ता राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष और बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का पासपोर्ट फिर से सीबीआइ कोर्ट में जमा कर लिया गया है।

बता दें कि 14 जून 2022 को रांची सीबीआइ की विशेष अदालत ने लालू प्रसाद यादव का पासपोर्ट रिलीज करने का आदेश दिया था। लालू यादव के अधिवक्ता अनंत कुमार विज ने सीबीआइ कोर्ट के स्पेशल जज दिनेश राय की कोर्ट में पासपोर्ट जमा कर दिया है। सीबीआइ कोर्ट के आदेश के बाद लालू प्रसाद यादव का पासपोर्ट रिन्यूअल कराने का रास्ता साफ हुआ था। चारा घोटाला में दोषी करार दिये जाने के बाद लालू प्रसाद यादव का पासपोर्ट सीबीआइ की विशेष अदालत ने जमा करा लिया था। सीबीआइ कोर्ट ने पासपोर्ट जमा कराने के साथ ही लालू प्रसाद यादव के देश से बाहर जाने पर भी रोक लगा दी थी। नवीनीकरण के लिए पासपोर्ट रिलीज करने की मांग की गयी थी

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** परिस्थिति में सुधार होगा, नौकरी में परिवर्तन होने की संभावना।
- **वृष** रोजी-रोजगार में सफलता, यशस्वीकार्य करने का अवसर मिलेगा, राजनीतिक लाभ।
- **मिथुन** श्रेष्ठजनों के सहयोग से रुका हुआ काम पूरा होगा, महत्वकांक्षा पूरी होगी।
- **कर्क** व्यक्तित्व का विकास, आत्मविश्वास की वृद्धि, धन-द्रव्य का लाभ, शुभसमाचार की प्राप्ति होगी।
- **सिंह** विविध उलझनों का सामना होगा, नौकरी में उच्चाधिकारियों से वाद-विवाद।
- **कन्या** आर्थिक विकास, पारिवारिक दायित्व पूरे होंगे, पत्नी का परामर्श लाभप्रद सिद्ध होगा।
- **तुला** अत्यधिक कार्यव्यस्तता, नियमित आमदनी में बाधा, परिवार में अशांति का वातावरण।
- **वृश्चिक** चिरसंचित अभिलाषा पूरी होगी, आकस्मिक लाभ, स्वजन-मित्रों का सहयोग मिलेगा।
- **धनु** सुख-साधनों की वृद्धि, आत्मविश्वास में वृद्धि, विद्या-बुद्धि-प्रतिभा का विकास होगा।
- **मकर** सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, सट्टा-लाटरी से लाभ, हर्षदायक समाचार मिलेंगे।
- **कुंभ** महत्वपूर्ण काम सिद्ध होंगे, आरोग्यसुख, दिमागी तनाव दूर होंगे, पारिवारिक जीवन सुखद।
- **मीन** कर्मक्षेत्र में संतोषजनक प्रगति, सम-सामयिक प्रयास सफल होंगे, व्यापार में लाभ।

देश-विदेश की खबरों के लिए क्लिक करें
www.azadsipahi.com

# अंकिता हत्याकांड को लेकर निकाला आक्रोश मार्च, आरोपी शाहरुख को फांसी देने की मांग

आरोपी को बचाने के आरोप में डीएसपी नूर मुस्तफा को नौकरी से बर्खास्त करने की मांग




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** दुमका की बेटी अंकिता की मौत से राज्यभर के लोगों में भारी आक्रोश व्याप्त है। घटना को लेकर राज्य में तनाव की स्थिति है। घटना से आक्रोशित लोग आरोपी शाहरूख हुसैन को फांसी देने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि 23 अगस्त की अहले सुबह अंकिता को पड़ोस के शाहरुख हुसैन ने खिड़की से पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। इस बीच राजधानी रांची के रातू थाना क्षेत्र अंतर्गत दलादली चौक पर लोगों ने आक्रोश मार्च निकालकर आरोपी को जल्द से जल्द फांसी देने की मांग की। साथ ही आरोपी को बचाने के आरोप में डीएसपी नूर मुस्तफा को नौकरी से बर्खास्त कर उसके खिलाफ मुकदमा चलाने की मांग की है। लोगों ने डीएसपी नूर मुस्तफा पर पीएफआइ का एजेंट होने का आरोप लगाया है। मौके पर आक्रोशित लोगों ने पुलिस प्रशासन और सरकार के खिलाफ जम कर नारेबाजी की। लोगों ने अंकिता हम शर्मिंदा हैं, तेरे कातिल जिंदा है..., अंकिता के हत्यारों को फांसी दो फांसी दो... जैस नारे लगाये। मौके पर राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने कहा कि बच्ची के हत्यारे को फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से स्पीडी ट्रायल कर जल्द से जल्द फांसी के तख्ते तक पहुंचाया जाये ताकि ऐसी घिनौनी और विकृत घटना को अंजाम की कोई सोच भी न सके। साथ ही उन्होंने सरकार पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा कि एक ओर रांची में हुए हिंसा के उपद्रवी को सरकार एयर एंबुलेंस से दिल्ली में सराकरी खर्चे पर इलाज कराती है, वहीं दूसरी ओर अंकिता को उसके हाल पर छोड़ दिया जाता है। अंकिता को अगर बेहतर इलाज मिलता तो उसे बचाया जा सकता था। उन्होंने सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए बोला कि एक तरफ अंकिता जिंदगी और मौत से जूझ रही थी, वहीं दूसरी ओर राज्य के मुखिया अपने विधायकों संग नौकाविहार और पिकनिक मनाने में व्यस्त थे। श्री सिंह ने मौके पर सरकार से पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुआवजा, एक सदस्य को सरकारी नौकरी और परिवार को सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। आक्रोश मार्च में राकेश चौधरी, बबन सिंह, रौशन कुमार, ब्रजेश प्रसाद, अभिषेक मिश्रा, बीरेंद्र सिंह, मंतोष.ा कुमार, उदय सिंह, रामाशीष शर्मा, प्रमोद कुमार सिंह, जीके श्रीवास्तव, कृष्णा चौधरी, रामबृक्ष यादव, आरबी राय, ओझा जी, रवि कुमार, नवीन कुमार, रितेश कुमार, अनिल कुमार, चंदन ठाकुर, पुरुषोत्तम कुमार, संजय कुमार, छोटू सहित अन्य लोग शामिल थे।

## कांग्रेसियों ने सोनिया गांधी की मां के निधन पर दुख व्यक्त किया



**रांची।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ नेता आलोक कुमार दुबे, लाल किशोर नाथ शाहदेव और डॉ राजेश गुप्ता छोटू ने अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष सोनिया गांधी की माता पावला मैनो के निधन पर गहरी संवेदना और दुख प्रकट किया है। कांग्रेस नेताओं ने ईश्वर से प्रार्थना किया है कि दिवंगत आत्मा को शांति दें और परिजनों को दुख सहने की शक्ति दें। ज्ञातव्य है कि पिछले कई महीनों से कांग्रेस अध्यक्षा की माता लगातार बिमार चल रही थी। जिसे देखने सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी एक साथ इटली गये हुए हैं। जो अंतिम संस्कार में भाग लेकर वापस दिल्ली लौटेंगे।

# सीमा पात्रा के खिलाफ आदिवासी संगठनों ने एसटी-एससी थाना में दर्ज कराया मामला



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आदिवासी और मूलवासी संगठनों ने बुधवार को अलग से भाजपा नेत्री सीमा पात्रा पर एसटी एससी थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है। पात्रा पर सुनीता खाखा का उत्पीड़न करने का आरोप लगाया गया है।

संगठनों ने हेमंत सोरेन सरकार से मांग की है कि स्पीडी ट्रायल कर सीमा पात्रा को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाये

इन संगठनों ने हेमंत सोरेन सरकार से मांग की है कि स्पीडी ट्रायल कर सीमा पात्रा को कड़ी से कड़ी सजा दिलायी जाये। नहीं तो आंदोलन किया जायेगा। प्राथमिकी दर्ज कराने वालों में जगलाल पहान, केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की, बबलू मुंडा, आदिवासी जनपरिषद के अध्यक्ष प्रेम शाही मुंडा, केंद्रीय आदिवासी परिषद की अध्यक्ष निरंजना हेरेंज टोप्पो, केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप, डब्लू मुंडा, रंजीत बावरी, अनिल उरांव, उमेश लोहरा, बबलू मुंडा, अरुण पहान, अनिल मुंडा शामिल हैं। आदिवासी विमेंस नेटवर्क, झारखंड घरेलू कामगार यूनियन ने भाजपा नेत्री सीमा पात्रा द्वारा सुनीता को यातना दिये जाने की घटना की कड़ी निंदा की है। संगठन ने कहा कि सुनीता गुमला की रहने वाली एक आदिवासी महिला है। 10 साल से परिवार के लिए काम कर रही थी। लगभग 8 साल से हिंसा झेल रही थी। उसे कई तरह की शारीरिक, मानसिक यातनाओं का सामना करना पड़ा। उसे गर्म तवे से दागा गया। लोहे की छड़ से पीटा गया. फर्श से पेशाब चटवाया गया। कई दिनों तक बिना भोजन और पानी के रखा गया। सुनीता को अब इलाज के लिए रिम्स रांची में भर्ती कराया गया है।

**विरोध : राज्य सरकार को बताया निकम्मा**

# भाजपा ने चलाया पाप का घड़ा फोड़ कार्यक्रम




आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश भाजपा ने बुधवार को पाप का घड़ा फोड़ कार्यक्रम चलाया। राजधानी में आयोजित इस कार्यक्रम में हेमंत सोरेन सरकार पर जम कर निशाना साधा। भाजपा, रांची महानगर की ओर से आयोजित इस कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि दुमका और राज्य की बेटी अंकिता की हत्या राज्य सरकार पर कलंक है। अंकिता सहित झारखंड की बेटियों के साथ लगातार दुष्कर्म की घटनाएं सामने आ रही हैं। पर राज्य सरकार जनता को भगवान भरोसे छोड़ कर मौज-मस्ती करने रायपुर चली गयी है। आज पूरे प्रदेश में महिलाओं के साथ बढ़ता अपराध चिंतनीय है। अंकिता को इंसाफ दिलाने तक भाजपा आंदोलन जारी रखेगी।

अंकिता की हत्या राज्य सरकार पर कलंक : दीपक प्रकाश

मौके पर जिला स्कूल मैदान से कचहरी चौक स्थित कमिश्नरी ऑफिस तक में पार्टी नेताओं ने घड़े के साथ आक्रोश यात्रा भी निकाली। इसमें विधायक सीपी सिंह, डिप्टी मेयर संजीव विजयवर्गीय, महानगर अध्यक्ष के-के गुप्ता समेत अन्य भी शामिल हुए। सीपी सिंह ने कहा कि अंकिता के हत्यारे शाहरुख और उसके साथियों को जल्द से जल्द फांसी हो। फास्ट ट्रैक कोर्ट में इसकी सुनवाई की जाये। मृतक के परिजनों को सम्मानजनक मुआवजा मिले। साथ ही सरकारी नौकरी भी दी जानी चाहिए। तुष्टिकरण और लव जिहाद की घटनाओं को रोकने में सरकार गंभीरता दिखाये।

# बिहार की तरह यहां भी नाकाम होगी भाजपा : गौरव वल्लभ



आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में चल रही उठापटक वाली राजनीति के बीच कांग्रेस ने आदिवासी कार्ड खेल दिया है। पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ गौरव वल्लभ बुधवार को रांची में थे। प्रदेश कांग्रेस भवन में प्रेस कांफ्रेंस कर उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर एक सीरियल किलर होने का गंभीर आरोप लगाया। कहा कि एक सीरियल किलर की तरह आदिवासी मुख्यमंत्री की सरकार को गिराना चाहती है। हेमंत सोरेन की सरकार को पूरे पांच साल चलने देने से रोकना चाहती है।

इस दौरान कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने बिहार का जिक्र किया। कहा कि सीरियल किलर बीजेपी के मंसूबों पर महागठबंधन ने बिहार में पानी फेर दिया था। उन्हें उनकी प्लानिंग में कामयाब नहीं होने दिया गया। इसी तरह अब झारखंड में भी भाजपा को झटका दिया जायेगा। सरकार को अस्थिर करने के उनके मंसूबों को पूरी तरह से नाकाम किया जायेगा। झारखंड की साढ़े तीन करोड़ जनता ने महागठबंधन की इस सरकार पर भरोसा जताया, इनके विश्वास को हम डगमगाने नहीं देंगे। गौरव ने पूछा कि क्या भाजपा नेता आरपीएन सिंह कांग्रेस पार्टी को तोड़ना चाहते हैं? इस सवाल पर राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि वो क्या कर रहे हैं? मुझे नहीं पता। पर मैं यह बताता हूं कि 50 विधायक आज भी सरकार के साथ खड़े हैं और कल भी खड़े रहेंगे। उनके मन में क्या है? वो, वो (आरपीएन सिंह) जानें और उनका काम जानें। मेनिफेस्टो में जिन कामों को करने का जिक्र किया था, उसे पूरा करने के लिए हम कटिबद्ध हैं। आरपीएन सिंह कितना भी लोकतंत्र को तोड़ने की कोशिश कर लें, पर झारखंड की इस भूमि पर वो सफल नहीं हो पायेंगे। **सीमा पात्रा मामले में भी बीजेपी को घेरा :** गौरव वल्लभ ने अपने प्रेस कांफ्रेंस की शुरुआत आदिवासी महिला को बंधक बना दुर्व्यवहार करने के मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजी गयी सीमा पात्रा के मुद्दे पर भाजपा को घेरने से की। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की, प्रदेश प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद, आभा सिन्हा, सतीश पॉल मुंजनी, कार्यालय प्रभारी अमुल्य नीरज खलखो, महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गुंजन सिंह उपस्थित थीं।

गौरव वल्लभ ने पूछा कि क्या भाजपा नेता आरपीएन सिंह कांग्रेस पार्टी को तोड़ना चाहते हैं

**कोर्ट-नोटिस**

न्यायालय श्रीमान सिविल जज जुनियर डिविजन (मुंसिफ), कोडरमा।
O.S. No. - 51/2021
नेहल पंडित ............ वादी
बनाम
रामलाल पंडित और अन्य............ प्रतिवादी
नोटिस बनाम
1. रामलाल पंडित पिता-स्व. रेवा पंडित, उम्र 75 वर्ष, साकिन ग्राम-चिल्हीपहरी, पो.- बेकोबार, थाना-कोडरमा, जिला-कोडरमा।
चूंकी आपको इस पेपर प्रकाशन के द्वारा सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध उपरोक्त वाद मेरे न्यायालय में सुनवाई हेतु लंबित है। जिसकी सुनवाई कि तिथि 12.09.2022 निश्चित है।
अत: आपको आग्रह किया जाता है कि आप उक्त तारिख को 11:00 बजे सुबह में स्वयं उपस्थित होकर वो रहकर या अपने-अपने अधिवक्ता के माध्यम से हाजिर उचित कार्रवाई करें। अन्यथा आपके गैर हाजरी में एक पक्षीय आदेश पारित किया जायेगा।
इसे ताकिद समझा जाने।
आज दिनांक 31.08.2022 को मेरे दस्तखत तथा अदालत के मोहर से जारी किया गया।
सिविल जज जुनियर डिविजन (मुंसिफ), कोडरमा

**पूर्व मध्य रेल**
ई-खुली निविदा सूचना
ई – निविदा सूचना सं.:
टी०एम०/ई–ओपेन टेन्डर/07/2022–23
उप मुख्य अभियन्ता (ट्रैक मशीन) प्लान्ट डिपो, पूर्व मध्य रेलवे, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए तथा उनके पसकार के रूप में निम्नलिखित कार्य के लिए प्रतिष्ठित फर्मों से ऑन लाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती है। (1) कार्य का नाम एवं लोकेशन: टी०टी०20226014– स्पेयर्स फॉर प्लासर मेक मशीन के लिए, सिलिन्ड्रिकल रोलर बियरिंग, प्लासर पार्ट नं०–एन०जे० 310, इत्यादि (14 आईटम), मेक– एनेक्चर के अनुरूप। कार्य का अनुमानित लागत: रू. 9,40,371.50, जमानत राशि: रू.18,810.00 (2) कार्य का नाम एवं लोकेशन: टी०टी० 20226015– 10 टन हाईड्रोलिक जैक फॉर ट्रैक मशीन के लिए, हेवी डियूटी स्क्रू रैम विथ सेफ्टी लॉक नट, इत्यादि (02 आईटम), मेक– वैकोस या समतुल्य (स्पेसिफिकेशन के अनुरूप)। कार्य का अनुमानित लागत: रू. 29,13,101.40, जमानत राशि: रू.58,270.00 (3) कार्य का नाम एवं लोकेशन: आर०टी०टी०20226005ए– स्पेयर्स बी.सी.एम. मशीन के लिए, हाइड्रोलिक मोटर फॉर कूलिंग, प्लासर पार्ट नं०–एच०वाई० 701–एन० 10 आर०ई० एण्ड, वेल्जन डेनिशन पार्ट नं०– टी.2एस.सी.010.2आर.01.ए.1, इत्यादि (09 आईटम), मेक–एनेक्चर के अनुरूप। कार्य का अनुमानित लागत: रू.23,03,430.80, जमानत राशि: रू.46,070.00 (4) ई–निविदा बन्द होने की तिथि एवं समय: 23/09/2022, 12:30 बजे तक। (5) वेबसाईट जिस पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी है।: www.ireps.gov.in
उप मुख्य इंजीनियर (ट्रैक मशीन) पूर्व मध्य रेलवे, प्लांट डिपो, पण्डित दीनदयाल उपाध्याय
पीआर/00949/पीडीएल/ईएनजीजी/टी/22-23/44

### हजारीबाग प्रेस क्लब के द्वारा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

# कैंप में पहुंचे जयंत सिन्हा और मनीष जायसवाल, पत्रकारों के कार्य को सराहा



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** नगर भवन प्रांगण में बुधवार को हजारीबाग प्रेस क्लब के द्वारा मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। यह कैंप राज हॉस्पिटल रांची के सौजन्य से लगाया गया था। कैंप का उद्घाटन सदर विधायक मनीष जायसवाल और राज हॉस्पिटल के चेयरमैन जोगेश गंभीर ने फीता काट कर किया। इससे पूर्व हजारीबाग प्रेस क्लब की ओर से सभी अतिथियों को पुष्प देकर स्वागत किया गया। कैंप में बीपी, शुगर, आर्थो, मेडिसिन, गैस्ट्रोलॉजी, इसीजी, इजी समेत अन्य विभाग के डॉक्टर परामर्श दे रहे थे एवम जांच कर रहे थे। इस दौरान कैंप में दिन भर जांच करवाने वालों की अच्छी खासी भीड़ लगी रही। सौ से अधिक पत्रकारों, उनके परिजनों और आम लोगों ने अपना अपना जांच करवाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सांसद जयंत सिन्हा और सदर विधायक मनीष जायसवाल शामिल हुए। दोनो ने बीपी और शुगर जांच करवाया। इस दौरान सांसद श्री सिन्हा ने पत्रकारों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की ऐसे आयोजन यहां के पत्रकारों के दूरदर्शी सोच को प्रदर्शित करता है, जो काबिले तारीफ है। साथ ही कहा की ऐसे निशुल्क स्वास्थ्य कैंप का आयोजन लगातार होते रहना चाहिए जिसमे लोग सुगमता से अपनी जांच करवा सकें। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा की यहां के पत्रकारों के द्वारा किया गया यह ऐतिहासिक पहल है, जिसमे रांची के एक अस्पताल की टीम यहां फ्री हेल्थ कैंप लगाई है। साथ ही हजारीबाग प्रेस क्लब के सदस्यों को बधाई देते हुए कहा की पत्रकारों के स्वास्थ्य जांच के लिए समय समय पर ऐसे आयोजन होते रहना चाहिए। क्योंकि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ है उन्हे स्वस्थ्य रहने पर ही लोकतंत्र मजबूत बना रहेगा। कैंप में सांसद प्रतिनिधि आनंद देव समेत कई अन्य भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में हजारीबाग प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुरारी सिंह, सचिव विस्मय अलंकार, वरिष्ठ पत्रकार विकास सिंह, अर्जुन सोनी, नीलेंदु जयपुरियार, मिथलेश सिंह, मुन्नू सिंह, सुबोध मिश्रा, उमेश पांडे, उपाध्यक्ष दीपक सिंह, अजय मिश्रा, मिथलेश पाठक, संगठन सचिव सागर कुमार, उमेश दांगी, कोषाध्यक्ष राजकुमार गिरी शानू, कार्यकारिणी सदस्य मकबूल अंसारी, रंजन चौधरी, कौशल ओझा, मनीष मेहता, नरेश कुमार, सुमन सिन्हा, इंतेखाब आलम, अरविंद राणा, सचिन खंडेलवाल, रवि सिंह, गौरव प्रकाश, अनुज सिन्हा, विवेक सिंह, धीरज कुमार, धीरज पूरी, डॉ मिथलेश, राहुल कुमार, अरुण खुशबू, श्यामदेव मेहता, संजय लाल विश्वकर्मा, आरिफ सागर, तमीम फैजी, फैज अनवर, रंजन सिन्हा, फैजल, अभिषेक पांडे, विक्रम सोनी, प्रमोद कुमार, अशोक कुमार शर्मा, रमन कुमार, प्रदीप कुमार, प्रदीप सिंह, भावेश मिश्रा समेत अन्य पत्रकारों का अहम योगदान रहा।

## विष्णुगढ़ में गणपति पूजा की धूम



**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** प्रखंड में पांच दिवसीय गणपति पूजा आज से शुरू हुई। विष्णुगढ़ के ग्राम देवी मंदिर परिसर में स्थित गणपति मंदिर में वर्ष 2014 ई० से पूजा अर्चना की जा रही है। मंगलवार को हजारीबाग से प्रतिमा लाया गया। बुधवार को गणपति बप्पा की पूजा अर्चना की गई, जो पांच दिनों तक चलेगा। बुधवार एवं गुरुवार को बाल नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। शुक्रवार को भक्ति जागरण, और रविवार को प्रतिमा विसर्जन के साथ पांच दिवसीय गणपति पूजा का समापन होगा। पूजा को संपन्न कराने में डीएमटी क्लब के अध्यक्ष शंकर कसेरा, सचिव नीतीश कुमार, कोषाध्यक्ष अशोक सिंह, मीडिया प्रभारी नीरज कुमार बर्मन। सदस्यों में बहादुर साव कसेरा, विजय कुमार, अनूप कुमार, संदीप कुमार कसेरा, बिरजू कसेरा, प्रदीप कुमार, ओमकार नाथ शर्मा, सोनू कुमार, एवं विकास कुमार आदि जुटे हुए हैं। इसके अलावा प्रखंड के गोबिन्दपुर पंचायत के चितरामो, एवं चरंबा में गणपति पूजा पंडाल का उदघाटन फीता काट कर प्रखंड उप प्रमुख सरयू साव ने किया। मौके पर मुख्य रूप से सोमर महतो, समाजसेवी दासो सिंह, विनोद सिंह, तुलसी सिंह, हीरामन सिंह, विजय सर, एवं माही बाबू, समेत चितरामो के ग्रामीण उपस्थित थे। विष्णुगढ़ प्रखंड के अंतर्गत नवादा मे स्थित महावीर नगर मे भगवान श्री गणेश की पूजा की गई।

## टाटीझरिया में गणपति पूजा की धुम, गणपति बप्पा मोरया.. से गुंजा प्रखंड



**टाटीझरिया(आजाद सिपाही)।** विघ्न विनाशक प्रथम पूज्य भगवान श्रीगणेश की पूजा-अर्चना बुधवार को धूमधाम से की गई. इस दौरान पूरा प्रखंड गणपति बप्पा मोरया के जयघोष से गूंज उठा. सुबह से ही लोग पूजा की तैयारियों में जुटे रहे. पारंपरिक तरीके से गणेश पूजा की गई. प्रखंड के विभिन्न पूजा पंडालों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधान पूर्वक पूजा की गई. पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया. गणेश पूजा को लेकर श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखा गया. प्रखंड के शिव मंदिर धरमपुर, झरपो, दुर्गा मंदिर टाटीझरिया, बेड़म, सिझु, जेरूवाडिह, सहित कई स्थानों पर प्रतिमा स्थापित किया गया. लोगों ने भक्तिभाव से भगवान गणेश की पूजा कर सुख-समृद्धि की कामना की. ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ पूजा कराया. इस दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. पूजा संपन्न होने के बाद श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया. जगह-जगह पर भजन-कीर्तण का भी आयोजन किया गया. जिससे माहौल भक्तिमय बना रहा.

## नौनिहालों की जिंदगी संवारने में लगे हैं रमेश

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** नौनिहालों की जिंदगी सवारने के साथ-साथ जरूरतमंदों की मदद के लिए समर्पित गूमो निवासी शख्सियत रमेश कुमार सिंह उर्फ पप्पू दिन-रात सेवा भाव से ओतप्रोत अपने कार्यों में जुटे हैं। झारखंड/बिहार में संचालित सामाजिक संस्था सेवा फाउंडेशन ट्रस्ट के प्रदेश उपाध्यक्ष रमेश कुमार सिंह विगत कई वर्षों से सड़क किनारे रह रहे 15 वर्ष की आयु तक के असहाय वह जरूरतमंद बच्चों को गोद लेकर उनका भरण पोषण का कार्य निरंतर कर रहे हैं। संस्था के माध्यम से श्री रमेश जरूरतमंदों को लगातार चिकित्सा सुविधा भी प्रदान कर रहे हैं। असहाय और लाचार मरीजों को निशुल्क एंबुलेंस की सुविधा प्रदान करना, सक्षम चिकित्सक की देखरेख में निशुल्क उपचार और दवाइयां उपलब्ध कराना इनके अभियान का हिस्सा है। कोडरमा जिले में जरूरतमंदों को इस तरह की सुविधा लोगों को दी जाए इसके लिए वह प्रयासरत हैं। उन्होंने आज यहां झुमरीतिलैया शहर के रेलवे स्टेशन परिसर स्थित काली मंदिर सेवा समिति के माध्यम से अपने पुत्र आदित्य सिंह के जन्मदिन के अवसर पर लगभग सैकड़ों लोगों को भोजन कराया। मौके पर उन्होंने बातचीत के दौरान बताया कि आज संध्या में स्थानीय कोडरमा गोशाला परिसर में पशुओं को चारा खिलाने और उपलब्ध कराने का कार्य करेंगे। उन्होंने अपील करते हुए बताया कि जिले का कोई सामाजिक संस्था आगे आए तो वे अपनी संस्था के माध्यम से इस तरह के कार्यों के लिए सहयोग देना चाहते हैं। जनहित कार्यों के प्रति उन्होंने बताया कि यह सब करना उनके जीवन का हिस्सा बन चुका है। गौरतलब है कि समाज सेवा के लिए समर्पित श्री रमेश के परिवार में दो बेटी एक बेटा और उनकी पत्नी है जो उन्हें इस कार्य में सदैव प्रेरित करते हैं।

## प्रेमी जोड़ी का राम जानकी मंदिर में सामाजिक स्तर से रचाई गई विवाह



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड के नयाटांड पंचायत निवासी चुरामन राम का पुत्र पंकज कुमार दास का प्रेम प्रसंग नयाटाँड़ निवासी शिवेंद्र राम की पुत्री दिव्या कुमारी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था। सूत्र बताते हैं कि पिछले एक 2 सालों से इन दोनों के बीच संबंध था। सूत्रों की माने तो लड़की अपनी मौसी के यहां केरेडारी थाना क्षेत्र में गई हुई थी और प्रेमी पंकज कुमार दास के साथ वही से भाग थाने में पहुंच गई। थाने में ही दोनों प्रेमी युगल एक रात बिताए। जिसके बाद दोनों प्रेमी युगल के परिजनों को बुलाकर समाजिक पहल पर राम जानकी मंदिर में शादी करवा दिया गया।

## बड़कागांव में गणेश महोत्सव शुरू



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के कुम्हार मोहल्ला एवं बड़कागांव डेली मार्केट में नेतृत्व में गणेश महोत्सव शुरू हो गया।कुम्हार मोहल्ला में तीन दिवसीय पूजा अर्चना एवं डेली मार्केट में पांच दिवसीय पूजा अर्चना की जाएगी।कुम्हार मोहल्ला में रात्रि में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। जबकि 1 सितंबर को बच्चों के बीच डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा एवं 1 एवं 2 सितंबर को भंडारा का आयोजन किया जाएगा।अध्यक्ष बालेश्वर राणा, उपाध्यक्ष सुनील कुमार प्रजापति ,सचिव शिव शंकर प्रजापति ,उप सचिव राहुल राणा उर्फ बिक्कू ,कोषाध्यक्ष विजय कुमार प्रजापति ,उप कोषाध्यक्ष गंगाधर प्रजापति ,मनोरंजन मंत्री अमर कुमार राणा ,उप मनोरंजन मंत्री तुलसी कुमार राणा ,संगठन मंत्री सुभाष कुमार राणा ,उप संगठन मंत्री राजकुमार राणा, पूजा प्रभारी भोला कुमार राणा, पूजा प्रभारी मिथिलेश प्रजापति, डेकोरेशन मंत्री राहुल प्रजापति, ओम प्रकाश प्रजापति, सोनू प्रजापति उर्फ नरेश, कमलेश प्रजापति ,विक्की सोनी, पवन रजक ,संरक्षण मंत्री सुरेश राणा ,बिशुन रजक , सदस्य खिरोधर प्रजापति ,उपेंद्र प्रजापति, लालमणि राणा ,सोनू कुमार प्रजापति, कमलेश प्रजापति ,विकास कुमार प्रजापति, संतोष रजक ,अभिषेक राणा, सोनू कुमार प्रजापति ,श्याम राणा, ओम प्रकाश प्रजापति, संतोष राणा, पंकज कुमार प्रजापति ,शिबू राणा, गौतम प्रजापति ,पवन कुमार प्रजापति, संतोष राणा ,आनंद सोनी ,कृष्णा पासवान, मनोज राणा ,पप्पू प्रजापति ,विवेक प्रजापति, सूरज प्रजापति,पोखन प्रजापति ,उमेश रजक नेपाल रजक,तिलक रजक,विनोद प्रजापति,तेजन प्रजापति प्रभु राणाआदिअध्यक्ष स्वर्णकारगौतम वर्मा सचिव विक्की सोनी ,कोषाध्यक्ष संदीप पंडित ,उपाध्यक्ष कुणाल चौरसिया ,उपसचिव आकाश सोनी ,अभिषेक सोनी ,डेकोरेशन मंत्री अंकित सोनी ,लगन सोनी, गोलू गुप्ता, उप कोषाध्यक्ष राहुल सोनी ,संगठन मंत्री अभिषेक मेहता ,शुभम विश्वकर्मा, राज विश्वकर्मा, मनोरंजन मंत्री प्रमोद सोनी ,सुशांत मेहता, गोपाल विश्वकर्मा ,संयोजक भोला विश्वकर्मा, रोहन कुमार ,महामंत्री पिंकू सोनी, विक्रम विश्वकर्मा पूजा प्रभारी विकास कुमार, कुशवाहा, रंजीत कुमार कुंदन विश्वकर्मा ,बंटी वर्मा, आदित्य सोनी ,आयुष कुमार , अनुपम आर्यन ,सदस्य संदीप सोनी विवेक मेहता, तपेश्वर महतो, अजय महतो , रमेश मिश्रा ने मुख्य भूमिका निभाई।

## किसानों के सवाल पर आज समाहरणालय के समक्ष धरना

**कोडरमा(आजाद सिपाही)।** अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष महेश प्रसाद सिंह ने कहा कि स्वामीनाथन कमीशन लागू करो किसानों को 50 हजार तक केसीसी लोन माफ करने, फसल राहत योजना अंतर्गत किसानों को 50 हजार अनुदान देने, सुखाड को देखते हुए गेहूं सरसों चना तथा रासायनिक खाद किसानों को मुफ्त देने, किसानों की लागत मूल्य के डेवढा लाभ देने आदि सवालों को लेकर 1 सितंबर 2022 को जिला समाहरणालय कोडरमा के समक्ष अखिल भारतीय किसान सभा का धरना होगा। इसकी तैयारी पूरी कर ली गई है। धरना के मुख्य वक्ता भाकपा राज्य कार्यकारिणी सदस्य एवं जिप सदस्य महादेव राम, सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक, महिला नेत्री सोनिया देवी, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अंचल मंत्री रमेश यादव उर्फ भीखन यादव आदि संबोधित करेंगे।

## महिलाओं के स्वावलंबन एवं विकास के लिए एनटीपीसी सदैव समर्पित



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** एनटीपीसी पकरी बरवाडीह कोयला परियोजना द्वारा महिलाओं के उत्थान, स्वावलंबन और स्थायी आजीविका प्रदान करने के लिए एक महीने के निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ एनटीपीसी मैती आईटीआई कॉलेज में किया गया। परियोजना के महाप्रबंधक शिवम श्रीवास्तव द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने एवं आत्मनिर्भर भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप 60 विस्थापित महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जाएगा। सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ करते हुआ महाप्रबंधक श्रीवास्तव ने कहा कि विश्व महाशक्ति के रूप में देश का परिवर्तन हमारी महिलाओं के सशक्तिकरण से जटिल रूप से जुड़ा हुआ है। इस तथ्य को स्वीकार करते हुए, एनटीपीसी के पास विशेष रूप से सिलाई, ड्रेस डिजाइनिंग, ब्यूटीशियन और कढ़ाई जैसे विभिन्न प्रकार के डिजाइन किए गए पाठ्यक्रमों का एक गुलदस्ता है। उन्होंने ये भी कहा कि कपड़े सिलना एक ऐसा रोजगार है, जिसे एक आम महिला अपने घरेलू क्रिया करते हुए भी अपने घर से कर सकती है और अपनी आजीविका चला सकती है। महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार मिलने से वह आर्थिक रूप से भी मजबूत हो सकेंगी। कोरोना महामारी के समय में भी परियोजना क्षेत्र के आसपास की महिलाओं ने ही भारी संख्या में मास्क बनाकर दिए थे। उन्होंने बताया कि महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाना आज के आत्मनिर्भर भारत की मूलभूत मांग है, महिलाएं पुरुषों से किसी भी क्षेत्र में कम नहीं है। इस अवसर पर श्री राम अपरमहाप्रबंधक (आर एन्ड आर), अमित कुमार अस्थाना अपरमहाप्रबंधक (मानव संसाधन), प्रभाकर चौधरी उपमहाप्रबंधक(पीबी-नॉर्थवेस्ट), देवराज आंनद वरिष्ठ प्रबंधक (आर एंड आर), मिथिलेश उपाध्याय प्राचार्य (आईटीआई मैती) एवं सभी वरीय पदाधिकारियों एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थिति रहे।

## अंकिता के मौत पर भाजपा ने किया शोक सभा

**विष्णुगढ़(आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष अंजू देवी के नेतृत्व में बहन अंकिता की मृत्यु पर शोकसभा का आयोजन किया गया।इसके पूर्व दुर्गा मन्दिर प्राँगण से सातमिल मोड़ तक कैंडल मार्च निकाल कर हत्यारे शाहरुख एवं छोटू को फाँसी देने की माँग की गई। शोकसभा कर भाजपा कार्यकताओं ने अंकिता को श्रद्धा सुमन अर्पित कर विनम्र श्रद्धांजलि दी। मौके पर अंजू देवी ने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त है और झारखंड सरकार पिकनिक में मस्त है। झारखण्ड की बेटी अंकिता को सरफिरे, जिहादी ने जिंदा जलाकर मार दिया और हेमन्त सोरेन की सरकार मौन है। शोकसभा में मुख्य रूप से मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल, भाजयुमों प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष कुमार महतो,जिला प्रवक्ता सुरेश राम, उपाध्यक्ष महादेव मंडल,सरयू साव,पिंकी देवी,महामंत्री गुरु प्रसाद साव, प्यारी राम,कोषाध्यक्ष हिरामन महतो,राकेश बर्णवाल, माही बाबू,ओम प्रजापति,कारू प्रजापति उपस्थित थे।

## जिप सदस्य चुरचू पंद्रहवीं वित्त योजना से स्नान घाट का शिलान्यास किया



**चरही (आजाद सिपाही)।** चुरचू जिला परिषद सदस्य बासूदेव करमाली मंगलवार को चरही मंडा टांड तलाब में जिला परिषद सदस्य पंद्रहवीं वित्त योजना से स्नान घाट का विधीवत पुजा अर्चना कर नारियल फोड़कर शिलान्यास किया। इस घाट को निर्माण में प्रकालन राशि लगभग तीन लाख पैंतीस हजार रुपए की राशि से निर्मित किया जाएगा इस स्नान घाट को निर्माण पुर्न हो जाने से मां बहनो के लिए काफी सुरक्षा हो जाएगा यह योजना शिलान्यास होने से स्थानीय लोगों ने काफी उत्साह देखा गया। इस क्रम ये लोग हुए उपस्थित जिला परिषद सदस्य बासूदेव करमाली, पंचायत समिती सदस्य आशा राय, पुर्व उप प्रमुख चौलेशवर महतो, भुनेश्वर ठाकुर, पुर्व मुखिया प्रतिनिधि उमेश सिंह निरज कुमार, ललिता कुमारी, बबलू मांझी, निर्मल महतो, रमेश करमाली, प्रदीप ठाकुर, दिपक ठाकुर, कुलेशवर करमाली, सुरेंद्र ठाकुर, गौतम कुमार वर्मा एंव संजय कुमार वर्मा सहीत दर्जनों लोगों ने शामिल हुए।

## झारखंड सरकार की यह दोहरी नीति कैसी ?

**बड़कागांव की पीड़िता बहनों को भी मिले 10- 10 लाख मुआवजा एवं सरकार लें शिक्षा की जिम्मेवारी : वैश्य मोर्चा**



**बड़कागांव(आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की यह दोहरी नीति कैसी है? बड़कागांव के नाबालिग बहनों को भी 10-10 लाख रुपए मुआवजा, परिवार का लालन-पालन, रोजगार के साथ-साथ दोनों बहनों को शिक्षा की जिम्मेवारी झारखंड सरकार को लेनी पड़ेगी। उक्त बातें झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष महेश्वर साहू ने बड़कागांव प्रखंड के सिरमा गांव निवासी नाबालिग बहनों के साथ घटित घटना के आलोक में झारखंड सरकार से मांग की है। श्री साहू ने कहा है कि दुमका की अंकिता की तरह ही घटना बड़कागांव सिरमा गांव की है। सिरमा गांव के दोनों बहनें नाबालिक के साथ -साथ इनके ऊपर पिता का साया भी नहीं है। मां के पास तीनों नाबालिक बच्चों को लालन-पालन करने की समस्या है। उन्होंने कहा कि अभियुक्त तो जेल चल गए लेकिन सरकार को इनकी पूर्ण सुरक्षा के साथ-साथ, शिक्षा, लालन- पालन, एवं अति शीघ्र 10- 10 लाख रुपैया मुआवजा दिया जाए। श्री साहू ने कहा कि ठीक ढंग से राजनीति दबाव नहीं मिलने के कारण झारखंड सरकार द्वारा अब तक इस परिवार के लिए किसी प्रकार की कोई व्यवस्था नहीं की गई है लेकिन झारखंड प्रदेश वैश्य मोर्चा चुपचाप बैठने वाली नहीं है। इसका पुरजोर तरीके से सरकार तक आवाज पहुंचाने का काम करेगी।

## मरकच्चो में गणेश पूजा शुरू, होंगे कई आयोजन

**मरकच्चो(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के ग्राम जामु, दरदाही, चोपनाडीह, सिमरिया समेत लगभग आधे दर्जन जगहों में बुधवार को भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर पूजा-अर्चना शुरू की गई। इसके तहत जामु स्थित नदी पर बाल गणेश पूजा समिति के द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना किया गया तथा प्रसाद वितरण किया गया। बाल गणेश पूजा समिति नदी पर का पंडाल का उद्घाटन जामु मुखिया नीता कुमारी व प्रखंड विकास पदाधिकारी मरकच्चो पप्पू रजक ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। बाल गणेश पूजा समिति के अध्यक्ष पंकज साव, सचिव तुलसी साव व कोषाध्यक्ष प्रमोद कुमार व सूरज साव ने बताया कि बुधवार को गणेश प्रतिमा स्थापित कर पूजा अर्चना की गई। पांच दिवसीय चलने वाले गणेश महोत्सव को लेकर सारी तैयारी कर ली गई है। 1 सितंबर से 4 सितंबर तक स्थानीय भजन मंडली के द्वारा संध्या 7 बजे से देर रात तक भजन कीर्तन का आयोजन किया जाएगा। वही 4 सितंबर को दिन में बाल भोग व भंडारा का आयोजन किया जाएगा। वही 3 बजे दिन से मटका फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने में पूणार्नंद कुमार, संजय कुमार साव, सूरज कुमार साव, विकास कुमार, अनिल कुमार, मंगर कुमार, दीपक कुमार साव, पप्पू कुमार साव समेत समिति के दर्जनों सदस्य लगे हुए हैं।

## प्रधानाध्यापिका की लापरवाही से 32 बच्चों का आठवीं का रिजल्ट हुआ इनकंप्लीट



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सांढ़ पंचायत के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांढ़ में आठवीं बोर्ड परीक्षा में 32 बच्चे शामिल हुए थे। जिसका रिजल्ट कुछ दिन पूर्व झारखंड एकेडमिक काउंसिल के द्वारा ऑनलाइन जारी किया गया। जिसके बाद बच्चों के द्वारा कैफे या कंप्यूटर दुकान पर जाकर अपना रिजल्ट काफी उत्साह के साथ देखने गए तत्पश्चात रिजल्ट देखते ही सभी बच्चे मायूस और हताश हो गए। हताश और मायूस होने के कारण यही रहा कि बच्चों का रिजल्ट इनकंप्लीट दिखाया जा रहा है। कारण यही है कि विद्यालय के द्वारा दिए जाने वाले प्रैक्टिकल का अंक अपलोड नहीं किया गया जिसके वजह से सभी 32 बच्चों का रिजल्ट इनकंप्लीट आया और आज उन 32 बच्चों के घर में उदासी छाई हुई है। अभिभावक अपने बच्चों के रिजल्ट जानने के लिए कभी इस कंप्यूटर के दुकान पर तो कभी उस कंप्यूटर के दुकान पर घूम रहे हैं उनको लग रहा है कि इसके कंप्यूटर में हमारे बच्चे का रिजल्ट खराब दिखा रहा है तो हम दूसरे कंप्यूटर दुकान के पास जाएंगे परंतु उनको यह पता नहीं कि विद्यालय की लापरवाही की वजह से उनके बच्चे का रिजल्ट खराब हुआ है। और इसी के वजह से सभी अभिभावकों को अपने बच्चों के भविष्य अंधकार में जाता दिख रहा है। ज्ञात हो कि उत्क्रमित मध्य विद्यालय सांढ़ विद्यालय के प्रधानाध्यापिका उचित्रा सिंह की लापरवाही की वजह से सभी 32 बच्चों का रिजल्ट इनकंप्लीट आया है। वही इस संबंध में प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिवदयाल कुमार उर्फ शिबू ने अधूरे रिजल्ट पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि इसकी जांच कर दोषी पर कार्रवाई की जाए। **इन बच्चों का है अधूरा रिजल्ट :** मुस्कान कुमारी,अंकित कुमार,छोटी कुमारी, दिगेश्वर राम ,विद्या कुमारी, दीपिका कुमारी ,दीपशिखा कुमारी, जयनंदन कुमार, काजल कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, मुस्कान कुमारी, पिंकी कुमारी, पूनम कुमारी, उदित कुमार दांगी सहित 32 बच्चे का रिजल्ट अधूरा है। इस संबंध में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका उचित्रा सिंह से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि नहीं हम किसी को ऑनलाइन करने के लिए दिए थे लेकिन रिजल्ट देखने के बाद पता चला कि मेरा बच्चों का प्रैक्टिकल नंबर नहीं अपलोड किया गया है। जिसे कारण बच्चों का रिजल्ट इनकंप्लीट आ रहा है मैं जैक से मिलकर इसे सुधारने का प्रयास करूंगी। इस संबंध में बड़कागांव प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जवाहर प्रसाद से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि यह विद्यालय की लापरवाही की वजह से रिजल्ट इन कंप्लीट आया है इसके बारे में जिला के मार्गदर्शन के बाद ही हम कुछ कह सकते हैं।

## हजारीबाग के अमन ने मिस्टर टीन इंडिया का खिताब जीतकर किया नाम रौशन

**सदर विधायक ने पुष्पगुच्छ भेंटकर किया स्वागत, कहा मॉडलिंग के क्षेत्र में उभरता हुआ सितारा है हजारीबाग का लाल अमन**



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** मॉडलिंग की दुनिया में पूरे विश्व में हजारीबाग की बेटी स्टेफी पटेल ने अपने हुनर से तो हजारीबाग का डंका बजाया ही अब हजारीबाग शहर के नूरा क्षेत्र में रहने वाले व्यवसाई दीपक कुमार वर्मा और गृहणी अनुराधा वर्मा के लाडले अमन वर्मा ने राष्ट्रीय फलक पर आयोजित 24 वां एली क्लब मिस्टर टीन इंडिया का खिताब अपने नाम कर हजारीबाग सहित समस्त झारखंड को गौरवान्वित किया है। अमन वर्मा ने इस प्रतियोगिता में अपने हुनर का जलवा बिखेरा और देशभर के करीब 50 प्रतिभागियों को पछाड़कर उसने यह किताब अपने नाम किया। अमन वर्मा हजारीबाग के विवेकानंद सेंट्रल स्कूल के प्रोडक्ट हैं और बचपन से ही उनकी रुचि नृत्य और मॉडलिंग के क्षेत्र में रही है। इसी क्षेत्र में बेहतर करने के प्रयास में वे हमेशा जुटे रहें और सोशल मीडिया उनके इस किताब के जीतने का सबसे बड़ा माध्यम बना। सोशल मीडिया के इंस्टाग्राम के माध्यम से उन्होंने इसके लिए खुद को पंजीकृत किया और फिर उनका ऑडिशन झारखंड की राजधानी रांची में हुआ जिसमें इनका चयन सेमीफाइनल के लिए हुआ। अमन झारखंड के प्रति प्रतिभागी थे जिनका चयन इस प्रतियोगिता के लिए हुआ। सेमीफाइनल में बेहतर प्रदर्शन कर फाइनल में जगह बनाई और एली क्लब मिस्टर टीन इंडिया का खिताब अपने नाम किया। अमन बताते हैं कि उन्हें इस खिताब को जीतने के लिए कड़ी मेहनत और खुद को इस लायक बनाने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ा। उनकी दिनचर्या अहले सुबह शुरू होती थी जो देर रात्रि तक निरंतर चलता था। अमन के अनुसार उनके मेंटोर के रूप में संविता घोष, पुष्कर , सृजिता, अनुष्का और दिया सहित अन्य लोगों का सरहनीय योगदान रहा । मिस्टर इन इंडिया 2022 का खिताब जीतने के बाद हजारीबाग पहुंचे अमन वर्मा का हजारीबाग सदर विधायक मनीष जायसवाल ने अपने आवासीय परिसर में पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत व समान किया। विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग में प्रतिभा की कमी नहीं है। विभिन्न क्षेत्रों में हजारीबाग के युवा पीढ़ी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही है यह हमारे लिए बेहद ही गर्व की बात है।

## उत्तम क्षमा धर्म के साथ प्रारंभ हुआ जैनीयो का महा पर्व दस लक्षण



**हजारीबाग(आजाद सिपाही)।** परम पूज्य 105 आर्यिका प्रतिभा मति माताजी एवं आर्यिका 105 सुयोग मति माताजी के सानिध्य में बड़ा बाजार दिगंबर जैन मंदिर में विधान स्थल में पांडुक शिला में 1008 शांतिनाथ भगवान को विराजमान किया गया। साथ ही नंदीश्वर दीप एवं पंचमेरू की रचना की गई, जिसका पट प्रदीप-सुलोचना विनायक के द्वारा खोला गया। सैकड़ों श्रद्धालु द्वारा भगवान का अभिषेक किया गया। सुनील अजमेरा तथा अनूप जैन द्वारा शांति धारा की गई। शांति धारा माता के मुखारविंद से की गई। आज के पुण्य अर्जक अनुज जैन बने। बाडम बाजार मंदिर में माता जी द्वारा तत्वार्थ सूत्र पर प्रवचन दिया गया। संध्या में दोनों मंदिरों में आरती हुई, तत्पश्चात बाडम बाजार जैन मंदिर में पंडित दीपक कुमार द्वारा शास्त्र वाचन हुआ और रात में जैन युवा परिषद द्वारा अक्षय निधि का सांस्कृतिक कार्यक्रम हुआ। सभी कार्यक्रम में समाज की पूरी भागीदारी रही।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# उरीमारी, भुरकुंडा से लेकर बरकाकाना तक कोयला हेराफेरी का हो रहा है बड़ा खेला

## कौन है मनीष, इसी के इशारे पर प्लांट में खपाया जा रहा अवैध कोयला



बीरू कुमार/आजाद सिपाही

**रामगढ़।** हजारीााग जिला के उरीमारी इलाके से रामगढ़ जिला में अवैध कोयले की बड़ी खेप पहुंचने की सूचना है। इस इलाके से हाइवा में कोयला लोडिंग कराकर कोल माफिया भुरकुंडा होते हुए बरकाकाना ला रहे है। जंहा से एक कोल प्लांटों में खपाते है। साकुछ आसानी से हो रहा है। जिससे कई सवालों को जन्म देती है। काले कारोाार पर किसी की नजर नही पड़ना भी एक बड़े मिलीभगत की ओर इशारा करता है। खैर मामशा जो भी कारोाार से कारोाारी और हार्डकोक प्शांट मालिक खूा मलाई काट रहे है। इसके अलावे कई विभाग के कुछ लोग भी कारोाार से खूा वारा-न्यारा कर रहे है।

### आँखो में धूल या चढ़ावा?

इधर सवाल उठ रहा है कि कोल माफिया कारोाार करने के लिए सांधित विभाग के आंखो में धूल झोंक रहा है या फिर चढ़ावा चढ़ाकर कारोाार कर रहा है। ऐसे कई सवाल है वर्तमान में उठ रहा है। हालाँकि सांधित विभाग का दावा है कि जिले में किसी तरह के अवैध कारोाार नही चल रहा है। लेकिन सच्चाई दावे के विपरीत है।

### कोल साइडिंग की ट्रंस्पोर्टिंग में हाइवा से हो रही है कोयले की हेराफेरी!

कारोाार से जुड़े सूत्रों ने दावा किया है कि कारोाार महीनों से चल रहा है। साकुछ सेट है, जिसके कारण कार्यवाई नही होती है। खेल में बड़े खिलाड़ी शामिल है। कोयला हेराफेरी कोल साइडिंग की ट्रांसपोर्टिंग में लगी हाइवा से हो रही है। कारोाारी अपने कारोाार को आसानी से करते है, इसका कारण हर स्तर पर अच्छी सेटिंग है। सूत्रों ने बताया कि अच्छी सेटिंग के कारण ही कभी भी कारोाार में अड़चन नहीं आता है और कारोाार बेरोकटोक चलता है।

### मनीष के इशारे पर प्लांट में खपाया जा रहा अवैध कोयला

इधर सूत्रों का दावा है कि कोयला हेराफेरी का मास्टरमाइंड मनीष नामक व्यक्ति है। जिसकी सेटिंग कई प्लांट प्रांधन से है। इसके इशारे के िाना प्लांट में कोयशा का एक टुकड़ा भी नही गिरता है। हालांकि इसका सिग्नल मिलते है प्लांट में दर्जनों कोयला लदा हाइवा प्लांट के अंदर प्रवेश कर जाता है। इधर बताया है कुछ महीनों से जो कोयला हेराफेरी कर प्शांटो में खपाया जा रहा है। उसका मास्टरमाइंड मनीष ही है।

## झारखंड में खनिज संपदा के साथ साथ प्राकृतिक जड़ी बूटी का है भंडार : दुर्गा महारानी सेना



**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** दुर्गा महारानी सेना सामाजिक संस्थान है, दुर्गा महारानी सेना माता रानी के प्रति आस्थावान लोगों की संस्थान है, जो संत गुरुओं की दिशा निर्देश से पर संचालित की जाती है, जिसके प्रमुख संत सोखा बाबा कुंवर टुडू है। उक्त बातें बुधवार को दुर्गा महारानी सेना के संयोजक प्रिंस राज ने प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रदेश में खनिज संपदा के साथ-साथ प्राकृतिक जड़ी बूटी का भंडार है और बंगाल के सुदूर गांव बस्ती में ऐसे संत गुरु भी मौजूद है जो मंत्र शक्ति से रोगों का निवारण करते हैं। दुर्गा महारानी सेना के संतो ने यह योजना बनाई है कि प्राकृतिक जड़ी बूटी एवं मंत्र शक्ति के समावेश से रोगों का निवारण किया जाए। साथ ही सुदूर गांव बस्तियों में रहने वाले संत सोखा गुरु वैद्य के लिए एक ऐसा संस्थान बनाया जाए जहां पर आमजन का प्राकृतिक जड़ी बूटी एवं मंत्र शक्ति से निःशुल्क उपचार सेवा हो सके और लोगों के मन में मां महारानी के प्रति आस्था बढ़े। इसी उद्देश्य दुर्गा महारानी सेना ने आरोग्यधाम बनाने का संकल्प लिया है आरोग्यधाम निर्माण संकल्प पूरा करने के लिए मगलान न्यूक, केयरवेल एवं वर्टन इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के प्रतिनिधि मंडल ने दुर्गा महारानी सेना के संत गुरु से मिलकर वार्ता किया। कहा कि संत गुरु सोखा बाबा कुंवर टुडू के निर्देश पर दुर्गा महारानी सेना जल्द ही निगरानी, अनुशासन समिति, प्रोजेक्ट समिति का गठन करेगी। प्रोजेक्ट इंचार्ज के रूप में कैप्टन महानंदा सिंह के नाम पर सहमति बनी है जो पूर्व प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी के एसोसिएट पायलट रह चुके हैं। प्रेस वार्ता में संयोजक प्रिंस राज, संगठन महामंत्री रामलाल मांझी, संगठन सचिव विपिन गिरी, उपाध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, विजय कुमार महतो आदि उपस्थित थे।

## पोड़ा कोयला लदा तीन बाइक जब्त

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना पुलिस ने चुटूपालू घाटी से पोड़ा कोयला लदा तीन बाइक जब्त की है। पोड़ा कोयला के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले में रामगढ़ थाना पुलिस ने कांड संख्या 207/22 धारा 414/34 भादवि 30 के तहत मामला दर्ज कर बुधवार को मांडू निवासी महफूज अली पिता स्व अब्दुल रशीद को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार अन्य दो बाइक सवार मौका देख कर फरार हो गए।

## भुरकुंडा कोयलांचल भक्तिभाव से मना गणेश पूजा, हरियाली-खुशहाली की हुई कामना



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में बुधवार को भगवान गणेश की पूजा-अर्चना का प्रतिमा स्थापना के साथ विधिवत शुभारंभ हुआ। पूजा के दौरान भक्ति जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजता रहा। इधर रिभर साईड भुरकुंडा स्थित प्रवीण शर्मा के आवास पर भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित हुई। जहां पुरोहित पंडित महेश्वर त्रिवेदी द्वारा पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कराई गई। इसमें प्रवीण शर्मा, सुषमा शर्मा, धनंजय अग्रवाल, अशोक वशिष्ट, अंकित शर्मा, मुकेश, गोपाल शर्मा, रिंकी अग्रवाल, ऋतु वशिष्ट, रिंपी शर्मा, राज शर्मा, कमलेश रानी, आशु शर्मा आदि श्रद्धालु शामिल हुए। पूजा के दौरान क्षेत्र की हरियाली-खुशहाली व सुख-समृद्धि की कामना की गई। पूजा के बाद प्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर प्रवीण शर्मा ने बताया कि लगातार दस दिनों तक धार्मिक अनुष्ठान चलेगा। साथ ही सुबह शाम भगवान गणेश को भाग चढ़ाया जाएगा। वहीं 9 सितंबर को भव्य भंडारा का आयोजन होगा।

## पतरातू में गणेशोत्सव की हुई शुरुआत

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** पतरातू बाजार साईं मंदीर के पास बुधवार से पांच दिनों के लिए गणेशोत्सव की शुरूआत की गई। अगले पांच दिनों तक प्रतिदिन भगवान गणेश की पूजा अर्चना की जाएगी। साथ ही भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा। बुधवार को भगवान की गणेश की पूजा अर्चना करने के लिए सैकड़ो महिला पुरुषों ने स्नान ध्यान कर पूजा पंडाल में पहुंच कर पूजा अर्चना की। इसके बाद आरती हुई और फिर प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर गणपति बप्पा मोरया की गगनभेदी जयकारा भी लगाए गए।

## अंकिता के हत्यारे को फांसी देने की मांग

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** दुमका की बेटी अंकिता एकतरफा प्यार में हैवानियत की शिकार हुई अंत में उसकी मौत हो गई। इस घटना से पुरा देश आंदोलित है। इसी क्रम में पतरातू के युवाओं ने भी आक्रोश व्यक्त किया और बुधवार को पतरातू रेलवे स्टेशन से एक जुलूस निकाला। इसमें भारीर संख्या में युवक व युवतियां शामिल हुईं। जुलूस में अंकिता के हत्यो शहरुख को फांसी देने की मांग के नोरे लगाए जा रहे थे। स्टेशन से बाजार होते हुए प्रखंड कार्यालय पहुंच कर प्रदर्शन किया गया और फिर ब्लॉक मोड़ पहुंच कर मुख्यमंत्री का पुतला जलाया गया। इस मौके पर गुड्डु कुमार, सागर कुमार, संजीत सिंह, चंदन जी, अमिता सोनी, अजय बर्णवाल, प्रभु बर्णवाल, अभिषेक सोनी, मधुकर, संजय, राजन कुमार, रोहित सिंह, सूरज प्रसाद, रवि कुमार, राकेश विश्वकर्मा, आनंद यादव, आदित्य कुमार, पंकज कुमार, रिषि कुमार सहित अन्य दर्जनों युवक शामिल थे।

## मंत्री जोबा मोझी पतरातू पहुंची

**पतरातू (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार के महिला बाल विकास एवं सामाजिक सुरक्षा विभाग के मंत्री जोबा मांझी बुधवार को पहुंची। वे यहां पहुंचकर पतरातू लेक रिजॉट का भ्रमण कि। इस दौरान उन्होने पत्रकारों को दुमका की बेटी अंकिता एकतरफा प्यार में हैवानियत की शिकार हुई अंत में उसकी मौत हो गई। इस घटना से पुरा देश आंदोलित है। इस मामले में मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार इस मामले में गंभीर है अपना काम कर रही है। वर्तमान सरकार को किसी तरह का दिक्कत नही है। विपक्ष द्वारा लगााए गए आरोप की सरकार मौज मस्ती कर रही है। ऐसी बात नही है। सरकार अपना काम कर रही है।

## कलश यात्रा एवं दीप प्रज्वलन कर टंडवा में दस दिवसीय गणेश महोत्सव का हुआ शुभारंभ

**टंडवा (आजाद सिपाही)।** टंडवा के प्रसिद्ध चुन्दरू धाम परिसर में पिछले तेरह वर्षो से हो रहे दस दिवसीय गणेश महोत्सव का शुभारम्भ हुआ। बुधवार को गणेश चतुर्थी के दिन महा कलश यात्रा के साथ प्राण प्रतिष्ठा कर गणेश महोत्सव पूजा का प्रारंभ हो गयी। आचार्य चेतन पांडेय द्वारा वैदिक मंत्रोचार से विधिवत चुन्दरू एवं गेरुआ के संगम नदी पर जल पूजन कर कलश यात्रा प्रारंभ किया गया। जिसमें ढाई हजार से अधिक श्रद्धालु शामिल हुए।श्रद्धालुओं ने माथे पर कलश लेकर टंडवा अंबेडकर चौक गुप्ता चौक,बाजार टांड़,थाना चौक, नीम चौक, झंडा चौक,भामाशाह मोड, शहीद चौक होते लंबी जल यात्रा कर टंडवा नगर भर्मण किया।इस दौरान गणपति बप्पा मोरया,मंगल मूर्ति मोरया,हर महादेव,जय श्री राम के नारे से गुँजे।इस दौरान सिमरिया विधायक किशुन कुमार दास ने पूजा स्थल एव पूजा पंडाल का दीप प्रज्वलित एवं फीता काट कर किया।इस मौके पर मध्य जिप सदस्य सुखदेव उर्फ सुभाष यादव,उतरी जिप सदस्य देवंती देवी,टंडवा मुखिया सुनीता देवी,केरेडारी प्रमुख सुनीता देवी,समाज सेवी प्रेम रंजन,महोत्सव अध्यक्ष संजीत गुप्ता,सचिव संजीत नायक,कोषाध्यक्ष छोटू गुप्ता,जिला महामंत्री मिथलेश कुमार गुप्ता,जय मंगल देव नायक,आजसू नेता मनोज चंद्रा,संतोष गुप्ता,संकर गुप्ता,समेत पूजा पदाधिकारी एव हजारो श्रद्धालु उपस्तिथ थे।

## महाप्रबंधक बरका-सयाल ने पत्रकार से किया दुर्व्यवहार



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** सीसीएल प्रबंधन अपनी नाकामी को छुपाने के लिए चौथे स्तंभ पर भी हमला करना सुरु कर दिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार को मिनिस्ट्री ऑफ इंवॉयमेन्ट की टीम बरका- सयाल के दौरे पर सीसीसीएल के अधिकारियों के साथ टीम भुरकुंडा अस्पताल भी पहुंची थी। बताया जाता है कि टीम यहां व्यवस्था चाक-चौबंद है कि नहीं अस्पताल परिसर में साफ-सफाई है कि नही। इसकी जांच में पहुचे थे। मीडिया को जब यह सूचना मिली की भुरकुंडा अस्पताल में मिनिस्ट्री ऑफ इन्वायरमेंट की टीम पहुची हुई है। तो वहां कवरेज करने पहुंचे फोटो खींचते देख सीसीएल बरका-सयाल जीएम आग बगुला हो उठे। पत्रकार के साथ अमयादित भाषा का प्रयोग करते हुए कहा कि। यहां कैसे आ गए ? कौन भेजा ? कौन फोटो खीचने बोला है ?जीएम यही नही रुके उन्होंने सीसीएल के अधिकारियो से कहा कि उस पत्रकार से फोटो डिलीट करने को कहा। बताया जाता है कि प्रबंधन नही चाहती है कि मेरी कोई भी खामियां ऊपर के अधिकारियों व आम जानो को नही मालूम हो यही कारण है कि जब जब प्रक्षेत्र में कोई बड़े अधिकारी आते हैं तो। मीडिया को कवरेज करने से रोका जाता है।

## जिप उपाध्यक्ष ने किया इटखोरी मयूरहंड व पत्थलगड्डा में गणेश पूजा उद्घाटन

**चतरा (आजाद सिपाही)।** इटखोरी, मयूरहंड व पत्थलगड्डा प्रखंड में गणेश पूजा समिति के पूजा पंडाल का उद्घाटन मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा की भगवान गणेश की सभी देवताओं से पहले पूजा होती है। वे सुख समृद्धि के दाता हैं। उन्होंने सभी लोगों से विघ्नहर्ता गणेश की मनोयोग से पूजा करने तथा शांति-सौहार्द की अपील की। मौके पर जिला परिषद सदस्य सरिता देवी, शहरजाम पंचायत मुखिया वीणा देवी, भरत साव, अनुज दांगी, जगेश्वर यादव, मृत्युंजय सिंह, सतीश सिंह, बालगोविंद राम, पूर्व मुखिया सिताराम दांगी, नवल किशोर नवल, दशरथ दांगी समेत मौजूद थे।

# किरण मरांडी हत्याकांड मामले में कुजू ओपी प्रभारी से नेताओं संग परिजन मिले

## 15 दिनों के अंदर नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी की रखी मांग

**कुजू(आजाद सिपाही)।** किरण मरांडी हत्याकांड मामले में अब तक नामजद अभियुक्तो की गिरफ्तारी नहीं होने पर पीड़िता के पिता बुधवार को नेताओं और जनप्रतिनिधियों के संग कुजू पुलिस से मुलाकात की। इस दौरान ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद से पिता समेत मौजूद प्रतिनिधियों ने किरण मरांडी हत्याकांड में अब तक की जानकारी ली। वही, परिजनों ने पुलिस के समक्ष अपना आक्रोश प्रकट करते हुए कहा कि एक माह बीत जाने के बाद भी चार अभियुक्तों में अब तक एक की भी गिरफ्तारी नहीं की गई है। साथ ही, अनुसंधानकर्ता द्वारा कोई जांच प्रतिवेदन नहीं दिया गया है। मौजूद ओपी प्रभारी धनंजय प्रसाद ने कहा कि अनुसंधान जारी है। जल्द ही इस मामले से जुड़े अभियुक्तों की गिरफ्तारी कर ली जाएगी। वही, आजसू पार्टी के विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों व परिजनों ने थाना प्रभारी से हत्याकांड मामले में शामिल अभियुक्तों को 15 दिनों के अंदर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने की मांग की। 15 दिनों के अंदर गिरफ्तारी नहीं होने पर थाना का घेराव एवं धरना प्रदर्शन किया जाएगा। मौके पर चूरचू जिला परिषद सदस्य बासुदेव करमाली, मांडू भाग संख्या 1 के जिला परिषद सदस्य भोला तुरी, मांडू भाग संख्या 4 जिला परिषद सदस्य तापेश्वर महतो, मांडू भाग संख्या 3 जिला परिषद प्रतिनिधि ज्योतेन्द्र प्रसाद साहू, शहाबुद्दीन रिजवी, विनोद प्रसाद, रामाशंकर प्रसाद, गुड्डू सिंह, सुखदेव हेंब्रम, चुनीलाल सोरेन, विनोद मरांडी,बबलू चौहान समेत परिजन शामिल रहे।

**पिता सोनाराम मांझी ने एसपी को लिखा था पत्र**

मृतक के पिता चरही निवासी सोनाराम मांझी ने 23 वर्षीय पुत्री किरण मरांडी हत्याकांड मामले में कुजू ओपी में 30 जुलाई को मामला दर्ज कराया था। इधर, 8 अगस्त को उन्होंने रामगढ़ एसपी को अविलम्ब अभियुक्तों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर आवेदन सौंपा था। अपने आवेदन में सोना राम मांझी ने लिखा है कि किरण मरांडी के ससुराल वालों द्वारा शादी बाद से ही मेरी पुत्री के साथ बराबर मारपीट और प्रताड़ित किया जाता रहा। उन्होंने कहा कि सुगिया निवासी संतोष टूडू से 2021 में अपनी पुत्री का शादी रचाया। जिसके बाद पांच लाख रुपये और एक बुलेट की मांग की जाने लगी। सोनाराम मांझी ने दामाद संतोष टुडू, ससुर श्यामलाल टुडू, सास फूलो बेसरा, देवर आकाश टुडू पर साजिश के तहत हत्या कर साक्ष्य को छुपाने का आरोप लगाते हुए कुजू ओपी में मामला दर्ज कराया था। वही, दामाद द्वारा बेटी की गुमशुदगी को लेकर मुझे फोन पर सूचना देकर गुमराह किया गया।

# शिक्षा के साथ जीवन में खेल कूद का भी अहम रोल : जीएम

**चितरपुर (आजाद सिपाही)।** राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में डीएवी रजरप्पा में आयोजित तीन दिवसीय खेल महोत्सव का समापन बुधवार को किया गया। खेल दिवस के समापन समारोह के मुख्य अतिथि सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक पीएन यादव व विशिष्ट अतिथि एसओपी एसके गोस्वामी, पर्सनल ऑफिसर आशीष झा, डीएवी प्राचार्य एचके झा मौजूद थे। इस दौरान यहां खोखो, बास्केटबॉल, एथलेटिक्स, शतरंज, योगा, टीटी सहित विभिन्न तरह के प्रतियोगिता आयोजित किया गया। जिसमें सफल हुए प्रतिभागियों को मुख्य अतिथि द्वारा शील्ड व प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। समापन समारोह के दिन डीएवी रजरप्पा टीचर्स टीम और सीसीएल रजरप्पा टीम के बीच मैत्री क्रिकेट मैच खेला गया । टॉस जीतकर सीसीएल टीम शानदार बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 5 विकेट खोकर 101 रन बनाया । जवाबी पारी खेलने के लिए उतरी रजरप्पा टीचर्स टीम ने संघर्ष करते हुए निर्धारित 10 ओवरों में 90 रन बनाया । इस प्रकार सीसीएल टीम ने 11 रन से मैच जीत कर विजेता होने का गौरव प्राप्त किया । खिलाड़ियों के अद्भुत जोश, उत्साह और प्रदर्शन देखकर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेलने की कोई निश्चित उम्र सीमा नहीं होती । बस मन में खेलने की प्रबल इच्छा होनी चाहिए । उन्होंने कहा कि खेल से जहाँ खिलाड़ियों की विशेष पहचान बनती है वहीं आपसी सहयोग और मित्रता की भावना बढ़ती है । उन्होंने तीन दिवसीय खेल महोत्सव की शानदार सफलता पर मुक्त कंठ से प्रशंसा की। इससे पूर्व विद्यालय प्राचार्य हिमांशु कुमार झा ने पुष्पगुच्छ से मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत किया । प्राचार्य ने कहा कि यह हमारे विद्यालय के लिए गौरव की बात है कि सी सी एल प्रबंधन शैक्षणिक एवं गैरझ शैक्षणिक कार्यक्रमों के लिए सदैव तत्पर रहता है। विद्यालय परिवार सीसीएल प्रबंधन को हृदय से आभार व्यक्त करता है । समापन समारोह के अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी उपस्थित थे ।

## तीन अलग-अलग मामलों में 4 लोगों को जेल भेजा गया

**रामगढ़(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ थाना पुलिस ने तीन अलग-अलग मामलों में चार लोगों को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दी। जानकारी के अनुसार रामगढ़ थाना कांड संख्या 305/ 22 धारा 147/ 148/149/ 341/323/307 के अभियुक्त रविंद्र नायक, कांड संख्या 207/22 धारा 414/34 भादवि 30 (फफ) के मांडू निवासी महफूज अली पिता स्व अब्दुल रशीद एवं कांड संख्या 208/22 धारा 420/414/34 भादवि के प्राथमिक अभियुक्त रजरप्पा निवासी जीतू लाल भोक्ता पिता स्व प्रदीप भोक्ता को गिरफ्तार कर बुधवार को जेल भेज दी। इसके अलावा कांड में अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए रामगढ़ थाना पुलिस लगातार छापामारी कर रही है।

## मेजर ध्यानचंद की जयंती पर चल रहे कराटे सह तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता संपन्न



**भुरकुंडा(आजाद सिपाही)।** बिरसा चौक भुरकुंडा स्थित महात्मा गांधी उच्च विद्यालय में मेजर ध्यानचंद सिंह के जयंती पर अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में चल रहे कराटे सह तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। इस दौरान सेंसाई कंचन दास ब्लैक बेल्ट द्वितीय डॉन के देखरेख में कराटे, योग, भाला फेक, गोला फेक, फुटबॉल आदि प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। इसमें अनमिता, श्रृष्टि, आस्था, मयंक, मिहिर, स्मृति, हर्ष, जान्हवी, आलिया, आमनी, चित्रलेखा, नमन, विकास, रेयांश, शिवांश, प्रिंस, ज्योति, डॉली, दौलती आदि शामिल हुए। मौके पर कंचन दास ने बताया मेजर ध्यानचंद सिंह की जयंती पर 29 अगस्त से भुरकुंडा पंचायत सचिवालय में कराटे तथा तीन दिवसीय खेल-कूद प्रतियोगिता का शुभारंभ इंडिया चिफ सिहोन गणेश थापा (जीबी थापा) ने किया था। इस दौरान बच्चों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेकर अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मौके पर सिहोन जीबी थापा ने कहा कि खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग है, इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। प्रतियोगिता को सफल बनाने में संतोष कुमार, राजेश मुंडा, कमल सिंह, रंजीत राम, रीना कुजूर आदि का विशेष योगदान रहा।

## प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी को दी गयी भावभीनी विदाई



**चतरा (आजाद सिपाही)।** मयूरहंड प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी अरविन्द प्रसाद अपने पद से सेवा मुक्त हुए । इस अवसर पर प्रखंड के समस्त शिक्षकों के द्वारा स्वामी विवेकानंद +2 उच्च विद्यालय के प्रांगण में एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप प्रखंड विकास पदाधिकारी साकेत सिन्हा मौजूद थे। कार्यक्रम का आगाज मुख्य अतिथि साकेत सिन्हा,थाना प्रभारी रामबृक्ष राम , राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित शिक्षक देवचरण दांगी, मुखिया प्रतिनिधि अनिल सिंह तथा प्रखान शिक्षा प्रसार पदाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर किया ।तत्पश्चात सभी अतिथियों को माल्यार्पण कर तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया ।विदाई भाषण में प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि ये अपनी नौकरी से सेवानिवृत हुए हैं शिक्षकों के हृदय से नहीं ।थाना प्रभारी ने कहा कि इस आयोजन से समझ में आता है कि अरविंद सर यहां शिक्षकों के बीच कितने लोकप्रिय थे ।स्वामी विवेकानंद +2 उच्च विद्यालय की छात्राओं ने स्वागत गीत गाकर सभी अतिथियों का सम्मान किया। अन्य प्रवक्ताओं ने अपने शब्दों से सभा का संबोधन किया। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विकास सिंह ने किया ।कार्यक्रम में प्रखंड के प्रायः सभी शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद थे।

# गणेश देवा की पूजा अर्चना से मिलती है सुख समृद्धि शांति एवं मन को सुकून : सांसद

## छतरमांडू में सिद्धिविनायक गणपति बप्पा पूजा पंडाल का सांसद ने किया उद्घाटन



**रजरप्पा(आजाद सिपाही)।** रामगढ़ प्रखंड के नगर परिषद क्षेत्र छतरमांडू में गणेश श्री चतुर्थी के अवसर पर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया जिस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में रामगढ़ सदर के पार्षद धनेश्वर महतो शामिल हुए, अतिथियों द्वारा छतरमांडू चौक स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में बनाए गए पूजा पंडाल का विधिवत रूप से फीता काटकर उद्घाटन किया गया इस मौके पर पूजा समिति के लोगों द्वारा संसद को फूल माला पहनाकर भव्य रूप से स्वागत किया गया तत्पश्चात पूजा समारोह में उपस्थित लोगों के बीच सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि सिद्धिविनायक गणपति बप्पा मानव समाज को सभी तरह की मनोकामना पूर्ण करता है तथा हिंदू धर्मावलंबियों ने सर्वप्रथम भगवान गणेश देवता की पूजा अर्चना की जाती है एवं सभी तरह के धार्मिक शुभ कार्य में प्रथम पूजन गणेश देवा का पूजा करना बहुत ही पवित्र माना गया है तथा भगवान गणेश की पूजा अर्चना करने से मानव समाज का कल्याण होता है तथा प्राणियों में सुख समृद्धि और शांति मिलती है तथा पवित्र मन को सुकून मिलता है तथा गणपति देवता सभी का मनोकामना पूर्ण करते हैं इस मौके पर मनोज सिंह दिलीप सिंह अंगेश सिंह सतीश सिंह, पुरुषोत्तम सिंह, नीरज मंडल ,पंकज महतो, आजाद सिंह, पवन सिंह, ओमप्रकाश सिंह, पंकज सिंह ,रंजन सिंह ,उत्तम सिंह अमरदीप सिंह ,गुलाब चंद्र सिंह सहित दर्जनों पूजा समिति के सदस्य मौजूद थे।

## पूजा से मिलती है सुख समृद्धि शांति एवं मन को सुकून : सांसद

**गोला(आजाद सिपाही)।** गोला प्रखण्ड क्षेत्र के पतरातू में गणेश चतुर्थी के अवसर पर पूजा पंडाल का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी ने किया। पूजा समारोह में उपस्थित लोगों के बीच सांसद ने संबोधित करते हुए कहा कि सिद्धिविनायक गणपति बप्पा मानव समाज को सभी तरह की मनोकामना पूर्ण करते है। हिंदू धर्म में सर्वप्रथम भगवान गणेश देवता की पूजा अर्चना की जाती है। सभी तरह के धार्मिक शुभ कार्य में प्रथम पूजन गणेश देवा का पूजा करना बहुत ही पवित्र माना गया है।

## गणपति महोत्सव शुरू, गणपति बप्पा के जयघोष से गूंजा क्षेत्र

**ईटखोरी (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी को लेकर इटखोरी प्रखंड के महुदा, पीतीज के युवा संघ व नव युवा एक्सप्रेस क्लब द्वारा भगवान श्री गणेश की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान पूर्वक पूजा-अर्चना की और प्रसाद वितरण कियो इस दौरान पितीज आशीर्वाद युवा संघ पूजा पंडाल का उद्घाटन जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर जिप सदस्य सरिता देवी, मुखिया रामदेव यादव, कान्हाचट्टी भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि प्रदीप पासवान, राजद युवा नेता प्रकाश यादव, रोहित पाण्डेय मुख्य रूप से उपस्थित थे आशीर्वाद युवा संघ के द्वारा सम्मानित कार्यक्रम का भी आयोजन किया गयो जिसमें मुख्य अतिथि जिला परिषद उपाध्यक्ष बिरजू तिवारी समेत अन्य अतिथियों को माला पहनाकर स्वागत कियो इस अवसर पर जिला परिषद उपाध्यक्ष ने कहा की भगवान गणेश की सभी देवताओं से पहले पूजा होती है वे सुख समृद्धि के दाता हैं उन्होंने सभी लोगों से विघ्नहर्ता गणेश की मनोयोग से पूजा करने तथा शांति-सौहार्द की अपील की साथ ही क्षेत्र में खुशहाली हेतु सुख समृद्धि की कामना कियोतीन दिवसीय गणपति महोत्सव को लेकर पूजा समितियों की ओर से विशेष तैयारियां की गयी हैं आशीर्वाद युवा संघ के पूजा समिति अध्यक्ष जय प्रकाश प्रजापति, सचिव अभिनाश दांगी, कोषा अध्यक्ष अमित प्रसाद सोनी, उपाध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सदस्य नरेश प्रजापति, मुकेश प्रजापति, रोहित प्रजापति, सतीश साव, धीरज साव, विशाल कुमार, मुकेश दांगी, दीपक साव, अजय यादव,राजू प्रजापति,उपेंद्र साव,मुकेश गुप्ता,भरत साव,गुड्डू गुप्ता आदि पूजा समिति के सदस्य उपस्थित थे।

# असुरक्षित लड़कियां

झारखंड के दुमका की घटना ने एक बार फिर महिला सुरक्षा को लेकर सरकारों के ढीलेपन को रेखांकित किया है। विचित्र है कि सरकारें महिला सुरक्षा के दावे तो खूब बढ़-चढ़ कर करती हैं, मगर असलियत यह है कि दिनोंदिन उनके खिलाफ उत्पीड़न और हिंसा की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। यह कानून से बेखौफ होने का ही नतीजा है कि अपराधी जघन्यतम अपराध करते और पकड़े जाने पर मुस्कराते हुए सलाखों के पीछे चले जाते हैं। इस घटना से यह भी चिंता जागती है कि आखिर युवाओं में हिंसा का ऐसा मानस क्यों बनता गया है। दुमका की घटना में एकतरफा प्यार बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक आरोपी लंबे समय से युवती को परेशान कर रहा था। जब युवती से सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उसने रात को युवती के कमरे में खिड़की से पेट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। आखिरकार युवती ने दम तोड़ दिया। अब झारखंड सरकार, प्रशासन और महिला आयोग इस घटना को लेकर सक्रिय हो उठे हैं। पीड़ित परिवार को राज्य सरकार ने मुआवजा भी दे दिया है। दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई का वचन दिया है। मगर इस सक्रियता पर कितना भरोसा किया जा सकता है कि फिर से वहां ऐसी कोई घटना नहीं घटने पाएगी। बिहार और झारखंड में लड़कियों पर तेजाब फेंकने की घटनाएं कोई छिपी नहीं हैं। हर बार ऐसी घटनाओं से पार पाने का संकल्प दोहराया जाता है, मगर कभी पुलिस प्रशासन ऐसी घटनाओं से सबक लेने का प्रयास करता नहीं दिखता। यही वजह है कि हर घटना अधिक जघन्य रूप में घटित हो जाती है। हालांकि निर्भया कांड के बाद महिला सुरक्षा संबंधी कानूनों को काफी सख्त बना दिया गया था। कई राज्य सरकारों ने प्यार में लड़कियों को फांस कर धोखा देने वालों के खिलाफ कड़े कानून बना रखे हैं। फिर भी अपराधियों में कानून का भय पैदा नहीं हो पा रहा, तो इसमें दोष कहां है, चिंतन का विषय है। पिछले कुछ सालों में बलात्कार के बाद हत्याओं की दर काफी बढ़ी है। हैरानी की बात है कि दुमका का सिरफिरा आशिक अगर लड़की को लंबे समय से परेशान कर रहा था, तो लड़की ने उसके बारे में अपने परिवार वालों या नजदीकी लोगों को बताना और उससे छुटकारा पाने का प्रयास क्यों नहीं किया। इतने सालों से ऐसी घटनाएं होती रहने के बावजूद हम अपनी लड़कियों को इतनी साहसी क्यों नहीं बना पा रहे हैं कि वे अपने साथ हो रहे किसी गलत व्यवहार के बारे में बताने से संकोच न करें। स्कूलों आदि में लड़कियों को जागरूक बनाने के लिए विविध कार्यक्रम चलाए और आत्मरक्षा का प्रशिक्षण आदि दिए जाने लगे हैं, इसके बावजूद अगर लड़कियां अपने खिलाफ हो रहे किसी अन्यायपूर्ण व्यवहार पर चुप्पी साधे रहती हैं, तो यह समाज और व्यवस्था दोनों की कमी है। मगर इसमें व्यवस्था की कमी अधिक इसलिए है कि तमाम सख्त कानूनों और महिला सुरक्षा से जुड़े मामलों के त्वरित निपटारे की व्यवस्था के बावजूद ऐसे मामलों में जांचों आदि को इस कदर उलझा दिया जाता है कि बहुत सारे मामलों में उचित न्याय मिल ही नहीं पाता। ऐसे मामलों में दोष सिद्धि की दर काफी कम है। जाहिर है, इससे ऐसे अपराध करने वालों में कानून का भय पैदा नहीं हो पाता।

**दुमका की इस घटना से यह भी चिंता जागती है कि आखिर युवाओं में हिंसा का ऐसा मानस क्यों बन गया है।**

**वास्तव में 24 अगस्त को बिहार विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर बहस का सार उन्होंने विपक्ष को एकजुट करने और भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ युद्ध को एक नई दिशा प्रदान करने के अपने इरादे को नहीं छिपाया। हालांकि उनके कुछ करीबी सहयोगी कुछ क्षेत्रीय क्षत्रपों और मोदी को चुनौती देने वाले के रूप में पेश किए जाने के इच्छुक लोगों की प्रतिक्रिया पर संदेह जताते हैं, लेकिन उनका दृढ़ मत है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कोई और नहीं बल्कि केवल नीतीश ही इस मुद्दे को उठा सकते हैं।**

# सितंबर से विपक्ष को एकजुट करने के अपने मिशन पर नीतीश कुमार

**अरुण श्रीवास्तव**



नीतीश को एक बात बिल्कुल साफ है कि जब तक भाजपा नेताओं से अधिक आक्रामक तरीके से नहीं निपटा जाएगा, तब तक मध्यम वर्ग के लोगों को जीतना मुश्किल होगा, जो आर्थिक और विकास में भारी विफलताओं के बावजूद मोदी में अभी भी विश्वास रखते हैं।

अगला महीना सितंबर भारतीय राजनीति में एक बड़ा बदलाव लाएगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मोदी-शाह की योजना को बिहार तक सीमित रखने की विकृत विफलता के परिदृश्य के बीच विपक्षी दलों को एक आम मंच पर एक साथ लाने के विशाल कार्य को शुरू करने के लिए दृढ़ संकल्प किया।

आने वाला महीना नीतीश के राजनीतिक कौशल और कौशल के उच्चतम क्रम का प्रदर्शन भी देखेगा। यह सच है कि दिल्ली राजनीतिक प्रतिभा की शाही लड़ाई की गवाह बनेगी और देश के आंतरिक चरित्र को डिकोड करेगी। नीतीश के अपने गर्व और पूर्वाग्रह की परीक्षा लेने के साथ, मोदी-शाह का गठबंधन भी भारत के चरित्र और उसकी राजनीतिक दिशा को दक्षिणपंथ की ओर मोड़ने के लिए अपने जोड़तोड़ को और अधिक आक्रामक और निर्णायक रूप से तेज करेगा।

भाजपा के खिलाफ वैचारिक और राजनीतिक अभियान की सामग्री और प्रकृति के बारे में अंतिम निर्णय विपक्षी नेताओं के कॉलेजियम द्वारा लिया जाएगा, यह निश्चित है कि नीतीश भाजपा नेताओं की हिंदुत्व की राजनीति की सरलता और खतरनाक प्रभाव को उजागर करेंगे। नीतीश को एक बात बिल्कुल साफ है कि जब तक भाजपा नेताओं से अधिक आक्रामक तरीके से नहीं निपटा जाएगा, तब तक मध्यम वर्ग के लोगों को जीतना मुश्किल होगा, जो आर्थिक और विकास में भारी विफलताओं के बावजूद मोदी में अभी भी विश्वास रखते हैं। फिर भी उनके सामने एक और काम विपक्षी नेताओं को सड़कों पर खुलकर आने के लिए प्रोत्साहित करना, अपनी अस्पष्टता की भावना को त्यागना और भाजपा के हिंदुत्व कार्ड का सामना करना है।

**नीतीश कुमार का मुख्य ध्यान 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्षी दलों को भाजपा से मुकाबला करने के लिए एकजुट करने पर है।**

वास्तव में 24 अगस्त को बिहार विधानसभा में विश्वास प्रस्ताव पर बहस का सार उन्होंने विपक्ष को एकजुट करने और भाजपा की विभाजनकारी राजनीति के खिलाफ युद्ध को एक नई दिशा प्रदान करने के अपने इरादे को नहीं छिपाया। हालांकि उनके कुछ करीबी सहयोगी कुछ क्षेत्रीय क्षत्रपों और मोदी को चुनौती देने वाले के रूप में पेश किए जाने के इच्छुक लोगों की प्रतिक्रिया पर संदेह जताते हैं, लेकिन उनका दृढ़ मत है कि वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य में कोई और नहीं बल्कि केवल नीतीश ही इस मुद्दे को उठा सकते हैं। जद (यू) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह ने खुलकर कहा, "बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में उभर सकते हैं यदि अन्य दल ऐसा चाहते हैं, तो यह एक विकल्प है।' नीतीश कुमार का मुख्य ध्यान 2024 के लोकसभा चुनावों में विपक्षी दलों को भाजपा से मुकाबला करने के लिए एकजुट करने पर है और उन्होंने पहले ही अन्य विपक्षी नेताओं से परामर्श करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वास्तव में सदन में बहस में भाग लेते हुए, नीतीश ने स्पष्ट रूप से कहा, "मुझे देश भर से विपक्षी नेताओं के फोन आ रहे हैं और सभी ने 2024 में नरेंद्र मोदी को सत्ता में आने से रोकने के मिशन में अपना समर्थन देने का वादा किया है।" अपने दिल्ली दौरे के दौरान वह विभिन्न दलों के नेताओं से मुलाकात करेंगे। विपक्षी नेताओं के मन में किसी भी तरह की भ्रांति न पनपने देने के लिए, उनके करीबी सहयोगियों ने यह स्पष्ट करने की पूरी कोशिश की है कि नीतीश विपक्ष के प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के दावेदार नहीं हैं। हालांकि सहयोगियों ने उन विपक्षी नेताओं के नामों का उल्लेख नहीं किया जो प्रधानमंत्री बनने की दौड़ में हैं, लेकिन सूत्रों का कहना है कि अरविंद केजरीवाल एक बाधा साबित हो सकते हैं।

अन्यथा भी वर्तमान परिदृश्य में केजरीवाल अपने पक्ष में अच्छी संख्या में सांसद होने का दावा कर सकते हैं। लेकिन यह मोदी का मुकाबला करने के लिए काफी नहीं है। इसके विपरीत नीतीश कम से कम बिहार से महागठबंधन के 35 से अधिक सांसदों के प्रति आश्वस्त हैं, पहले ही सपा नेता अखिलेश यादव ने उन्हें अपना समर्थन दिया है। ललन सिंह ने स्वीकार किया कि शरद पवार और यहां तक कि अरविंद केजरीवाल सहित कई विपक्षी नेताओं ने कुमार के भाजपा से नाता तोड़ने के बाद उन्हें बधाई देने के लिए फोन किया था। स्थिति अपनी योजना के अनुरूप नहीं होने के कारण, मोदी और शाह हताश हो गए हैं और उनके खिलाफ एक धब्बा अभियान शुरू करने की योजना बना रहे हैं। मोदी-शाह के एजेंडे में जो तात्कालिक मुद्दा है, वह यह आरोप लगाकर उनकी छवि खराब करना है कि बिहार फिर से महागठबंधन के शासन में जंगल राज में बदल गया है। आपराधिक मामलों को फिर से खोलने के लिए भी कदम उठाए जा रहे हैं जिसमें उनके करीबी सहयोगी शामिल हैं। लेकिन संभावना काफी कम है कि इस तरह की किसी भी साजिश से मोदी-शाह को मदद मिलेगी। लोगों को ईडी, सीबीआई और अन्य एजेंसियों के गंदे खेल का एहसास हो गया है। इस तरह के किसी भी डिजाइन का मुकाबला करने के लिए, जद (यू) के नेता उनकी खूबियों को प्रचारित करने की योजना बना रहे हैं। वह एक बेदाग छवि वाले नेता हैं। उनका नाम भ्रष्ट नेताओं या भाई-भतीजावाद को संरक्षण देने वाले राजनेताओं की सूची में भी नहीं है। संयोग से बीजेपी इन दोनों मुद्दों को लेकर विपक्षी नेताओं पर निशाना साधती रही है। चूंकि मोदी इन दो मुद्दों का इस्तेमाल तेजस्वी और उनके राजद नेताओं को बदनाम करने के लिए कर रहे हैं, नीतीश ने मुश्किल से एक पखवाड़े पहले अपने मंत्रियों और विधायकों से कहा कि नेता खुद को गरिमा और विनम्रता के साथ व्यवहार करें, गरीबों की मदद करने को प्राथमिकता दें। वह छवि बदलाव के प्रयास के साथ कैबिनेट सहयोगियों के लिए निर्देशों की एक सूची लेकर आये हैं।

नीतीश के सहयोगी नीतीश के मिशन की सफलता के प्रति आशान्वित हैं क्योंकि वे अपने अस्तित्व की चुनौती का सामना कर रहे हैं। वे जानते हैं कि उनकी ओर से कोई भी नरमी मोदी को देश के राजनीतिक परिदृश्य से उन्हें मिटाने में मदद करेगी। ऐसा कहा जाता है कि कुछ नेताओं ने ममता बनर्जी से भी संपर्क किया है कि वे अपने मामले को आगे न बढ़ाएं और इसके बजाय अपने प्रयास में नीतीश का समर्थन करें। दरअसल ममता बनर्जी लगातार 'विपक्षी एकता' के किसी तंत्र की ओर इशारा करती रही हैं। उनके प्रयास स्वाभाविक रूप से राज्य दलों और संघीय सत्ता-साझाकरण के परिप्रेक्ष्य पर केंद्रित हैं। यह राहुल गांधी का कारक था जो उनके रास्ते में बाधाएं पैदा कर रहा था। इन नेताओं को यह भी लगता है कि लोकतांत्रिक लोकाचार और इसके कामकाज की रक्षा और संरक्षण के लिए यह जरूरी है कि कांग्रेस और क्षेत्रीय दलों द्वारा संयुक्त रूप से दक्षिणपंथी ताकतों को रोका जा सके।

## जमशेदपुर की खबरें

# करम पूजा को लेकर मुखी समाज की बैठक में नयी कमेटी का गठन

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** आगामी भादो महीने के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन अच्छी फसल की मन्नत और बहन के द्वारा भाई की दीर्घायु, सुख- समृद्धि की कामना के साथ झारखंड, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश के सर्वाधिक लोकप्रिय त्योहार 'कर्मा पूजा' के सफल आयोजन को लेकर जमशेदपुर के भालुबासा स्थित मुखी बस्ती के श्रीश्री राधा कृष्ण गौरी शंकर मंदिर प्रांगण में बैठक का आयोजन किया गया। बुधवार को बैठक में समिति के अध्यक्ष नरदीप मुखी और पूजा देहरी गणेश सागर ने नये आयोजन समिति के गठन को लेकर चर्चा की। बैठक की अध्यक्षता मुखी समाज के सलाहकार जगन्नाथ बेहरा के नेतृत्व में संपन्न किया गया। इस दौरान काफी संख्या में भालूबासा मुखी समाज के लोग शामिल हुए। मौके पर करमा पूजा के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया। समिति के मुख्य सलाहकार जगन्नाथ बेहरा, टिके लाल मुखी, सुग्रीव मुखी, परेश मुखी,शत्रुघ्न नायक देव चरण, छोटी लाल मुखी, सुशील कुमार मुखी, शंभू मुखी डूंगरी, मुजिम मुखी,षष्ठी कुमार, छवि नायक, कृष्णा सांडो, रामनाथ मुखी, कैलाश सेंद्रिय, दीनबंधु महानंद, जगदीश मुखी, पांडव सोना,राकेश मुखी चुना गया। मुख्य पुजारी गणेश सागर, अध्यक्ष नर दीप मुखी, उपाध्यक्ष विनोद सागर और सुभाष मुखी, महामंत्री सुरेश्वर सागर, पिंकी मुखी,संगठन सचिव अमित मचखंड, सचिव आकाश सोना, ओमी चंद्र,चंदन महानंद, कोषाध्यक्ष सरजू मुखी महानंद,सह कोषाध्यक्ष सन्नी दीप नाग, शंकर सागर, प्रेस प्रभारी अमरदीप नाग, कार्यकारिणी सदस्य में मंगल सोना, रोशन मुखी,बिरजू महानंद, महेश नायक, निर्मल महानंद, अक्षय कुमार, सोनू महानंद, महेश सागर, नंदी मुखी, सुरेश मुखी, तापस मुखी,आशीष, पिंटू मुखी, कुबेर मुखी,उत्तम मुखी,मटरू मुखी, विमल मुखी, हीरालाल मुखी, दीपू मुखी,रंजीत डूंगरी, अशोक बागदल और दीपक नायक को शामिल किया गया। आगामी करमा पूजा के कार्यक्रम का आयोजन भूइयांडीह स्वर्णरिखा घाट से एक सितंबर को बालू खुदाई, 5 सितंबर को माई भुजली, 6 सितंबर को भादो एकादशी एवं करमा पूजन, 7 सितंबर को कर्मा विसर्जन के दिन रंगारंग विशाल कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा। इसके साथ ही बड़े ही धूमधाम से शोभायात्रा निकालने का निर्णय लिया गया। सोभा यात्रा में पश्चिम उड़ीसा के बलांगिर से मांदर बाजा की टिम और संबलपुरी सिंग बाजा की टीम के द्वारा विशेष रुप से झांकी मुख्य आकर्षण होगा। इस बार निकलें वाले मुख्य यात्रा में स्थानीय एवं आरगन सुख मेहमान लोक पारंपरिक वेशभूषा में भाग लेंगे। इस वार समिति के द्वारा 108 वीं पूजा का आयोजन धूमधाम से हर्ष उल्लास के साथ किया जायेगा।

# नवल टाटा की जयंती पर स्कूली छात्रों के बीच हॉकी सत्र आयोजित

**जमशेदपुर (आजाद सिपाही)।** नवल टाटा के 118वीं जयंती के अवसर पर नवल टाटा हॉकी अकादमी ने स्कूली छात्रों के लिए हॉकी महोत्सव का आयोजन किया। मौके पर जमशेदपुर के स्कूलों को हॉकी की महिमा का अनुभव करने के लिये आमंत्रित किया। इस दौरान जमशेदपुर के 15 विभिन्न विद्यालयों से कक्षा 5वीं से 8वीं के बीच 125 से अधिक छात्रों ने महोत्सव में भाग लिया। प्रत्येक स्कूल को अपने फिजिकल एजुकेशन टीचर के साथ 10 इच्छुक लड़के और लड़कियों या मिश्रित समूह को भेजने का अनुरोध किया गया था। हॉकी ऐस फाउंडेशन के चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर आशीष कुमार के द्वारा नवल टाटा को श्रद्धांजलि देने के बाद कार्यक्रम की शुरूआत की गई। महोत्सव का आयोजन एफआईएच प्रमाणित कोचों और नवल टाटा हॉकी अकादमी के राष्ट्रीय पदक विजेता खिलाड़ियों के द्वारा किया गया। स्कूलों के प्रत्येक समूह का अभिनंदन किया गया। उन्हें ऑडियो-वीडियो कक्ष की ओर ले जाकर एक एवी दिखाया गया। जिसमें भारतीय हॉकी का संक्षिप्त इतिहास और हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद की जीवनी शामिल थी।

### डीएवी एनआइटी का उत्कर्ष सीबीएससी दसवीं के रिजल्ट को दी चुनौती

# 98.2 प्रतिशत मिलने पर शहर का बना थर्ड टॉपर

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** डीएवी एनआईटी का उत्कर्ष सीबीएसई दसवीं के रिजल्ट को चुनौती देकर जमशेदपुर का थर्ड टॉपर बना। बीते 22 जुलाई को सीबीएससी दसवीं की परीक्षा का परिणाम निकला था। उसमें डीएवी एनआईटी का छात्र उत्कर्ष आनंद ने 94.8 प्रतिशत अंक हासिल किये थे। लेकिन इससे पहले हमेशा क्लास में अव्वल आने वाले उत्कर्ष को यह रिजल्ट स्वीकार नहीं था। खासकर मैथ में 89 और सोशल साइंस में 90 अंक पाकर वह काफी असंतुष्ट था। वहीं उसके माता-पिता एवं परिवार के अन्य लोगों को भी उत्कर्ष की बातों पर भरोसा था। यही वजह है उन्होंने सीबीएसई बोर्ड में मैथ और एसएसटी विषय में आए अंक पर असंतोष व्यक्त करते हुए दोनों विषय के अंक पर चुनौती देते हुए रि-वैल्यूशेन के लिए रिक्वेस्ट डाला। आखिरकार जब उत्कर्ष का नया रिजल्ट जारी हुआ तो सारा माजरा साफ हो गया। उत्कर्ष अपनी जगह सही था। जबकि रिजल्ट जारी करने में लापरवाही या गलती सीबीएसई बोर्ड की ही थी। नये रिजल्ट आते ही आदित्यपुर रोड नंबर दो के होल्डिंग नंबर 11 निवासी माणिक प्रसाद सिंह के पुत्र उत्कर्ष आनंद डीएवी एनआईटी का टॉपर ही नही शहर का थर्ड टॉपर बनने का गौरव भी उत्कर्ष को हासिल हो गया। उत्कर्ष आनंद का मैथ में 10 अंक और एसएसटी में 7 अंक बढ़ा।

### जमशेदपुर पुलिस ने सामुदायिक पुलिसिंग के तहत कार्यक्रम किया आयोजित

# एसएसपी प्रभात कुमार ने शिक्षा और खेल सामग्री का किया वितरण

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**जमशेदपुर।** पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएससी प्रभात कुमार ने गणेश चतुर्थी के दिन घाटशिला प्रखंड के नक्सल प्रभावित क्षेत्र पहुचे। बुधवार को जमशेदपुर पुलिस के द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत हेंडलजुड़ी पंचायत अंतर्गत हलुदबनी गांव के सबर बस्ती में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसएसपी प्रभात कुमार ने 72 सबर परिवारों को एवं 12 असहाय परिवार को एक-एक तिरपाल, टॉर्च, गमछा, साड़ी, लुंगी, छतरी, गंजी, स्कूल बैग और बच्चों के बीच कॉपी पेंसिल तथा खेल सामग्री का बितरण किया। मौके पर पूर्वी सिंहभूम जिले के एसएसपी प्रभात कुमार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा पुलिस और पब्लिक के बीच एक मधुर संबंध बनाने का पहल है। ताकि ग्रामीणों को किसी तरह की परेशानी न हो। जमशेदपुर पुलिस ग्रामीणों की सहायता के लिए लगातार काम कर रही है। सरकार की योजना के तहत सुदूर ग्रामीण क्षेत्र के ग्रामीणों को सुविधा उपलब्ध कराना इस प्रकार के कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य है।

## संयुक्त केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक 2 सितंबर को

**आदित्यपुर (आजाद सिपाही)।** सरायकेला खरसावां जिले के संयुक्त केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की महत्वपूर्ण बैठक 2 सितंबर को प्रातः 11 बजे जयराम यूथ स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा मैदान में आयोजन किया जायेगा। बैठक में दुर्गा पूजा 2022 के आयोजन पर विस्तृत से चर्चा की जायेगी। बैठक में सरायकेला खरसावां जिले के संयुक्त केंद्रीय दुर्गा पूजा कमेटी के केंद्रीय अध्यक्ष एवं जयराम स्पोर्टिंग क्लब दुर्गा पूजा समिति के संरक्षक अरविंद सिंह बैठक को संबोधित करेंगे। इस दौरान केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति के सभी सदस्य एवं पदाधिकारी से बैठक में शामिल होने के लिए विशेष रूप से आग्रह किया गया। बैठक में सभी सदस्य उपस्थित होकर दुर्गा पूजा 2022 के भव्य आयोजन के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझावों को समिति के बीच साझा करेंगे।

# भूखंड और जमीनों का सर्वे कराने के लिए चैंबर ने झारखंड सरकार का कराया ध्यानाकृष्ट

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**जमशेदपुर।** सिंहभूम चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष विजय आनंद मूनका एवं मानद महासचिव मानव केडिया ने जमशेदपुर की अनाबाद बिहार सरकार जमीनों एवं भवनों का सर्वे कराने के लिए झारखंड सरकार का ध्यानाकृष्ट कराया। बुधवार को चैंबर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड के मुख्यमंत्री, भूमि राजस्व मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री सह विधायक जमशेदपुर पश्चिमी, विधायक जमशेदपुर पूर्वी, मुख्य सचिव झारखंड, भूमि राजस्व सचिव, कमिश्नर कोल्हान एवं उपायुक्त पूर्वी सिंहभूम को प्रेषित किया। मौके पर चेंबर के अध्यक्ष विजय आनंद मुनका ने कहा शहर के मानगो, जुगसलाई, कदमा, बारीडीह, बिरसानगर में पिछले 100 वर्षों से लोग अपने परिवार के साथ दो-तीन पीढ़ियों से निवास कर रहे हैं। लेकिन जमशेदपुर के कई स्थानों में अभी भी अधिकांश भूखंड में खतियान अनाबाद बिहार में पंजीकृत है। विगत तकरीबन 40-45 वर्षों से कोई सर्वे नहीं करवाया गया है।उन्होंने कहा इन जमीनों और भूखंडों के खतियान अनाबाद बिहार में पंजीकृत होने के कारण भूस्वामी मकान होने के बाद भी लोग सरकारी रिकॉर्ड में मकान के मालिक नहीं हैं। मकान होने के बावजूद भी वे ना तो मकान की खरीद-बिक्री कर सकते हैं और ना ही बैंक से ऋण ले सकते हैं। उसका पुनः निर्माण भी नही करा सकते है। इसके लिये इनका हस्तांतरण एकदूसरे के नाम पर करने में समस्यायें आ रही है। इससे राज्य के राजस्व में भी हानि हो रही है। उन्होंने कहा जमशेदपुर के गैर टाटा कमांड एरिया के भूखंड और जमीनों का सर्वे कराये जाने की आवश्यकता है। ताकि मालिकाना सत्यापित हो सके।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### गणेश चतुर्थी के अवसर पर आरकेपीएस गढ़वा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर आरकेपीएस गढ़वा में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जूनियर विंग के छात्र-छात्राओं ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया और शानदार प्रस्तुति दी। इस अवसर पर स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय ने सभी प्रतिभागियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से छात्र-छात्राओं की प्रतिभा को निखरने का मंच मिलता है। स्कूल अपने स्थापना काल से ही बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। यही कारण है कि आज स्कूल के छात्र-छात्राएं हर क्षेत्र में अव्वल हैं। अंत में उन्होंने सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राओं को गणेश चतुर्थी की शुभकामना देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। स्कूल की प्राचार्या श्रीमती प्रियंका वर्मन ने भी बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम की प्रशंसा की। इस अवसर पर जूनियर विंग के इंचार्ज जेपी नारायण व सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थीं।

### बारिश से घर क्षतिग्रस्त होने पर झामुमो रंका प्रखंड युवा मोर्चा अध्यक्ष ने किया सहयोग



**रंका (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के कंचनपुर पंचायत के खूरा गांव निवासी जितेंद्र उरांव के घर में बारिश का पानी घुस जाने के चलते उनका घर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। जिसके चलते उन्हें रहने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस खबर को सुनते के साथ ही झारखंड मुक्ति मोर्चा रंका प्रखंड युवा मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी ने युवा मोर्चा प्रखंड कमेटी एवं पंचायत समिति को सूचना देते हुए शीघ्र जितेंद्र उरांव के घर पहुंच कर संज्ञान लिया और जितेंद्र उराव को तत्काल 50 केजी चावल, 50 केजी आटा तथा साग सब्जी, दाल वगैरह के लिए 1000 रुपये युवा प्रखंड अध्यक्ष दीपक कुमार सोनी के द्वारा दिया गया। साथ ही इसकी सूचना रंका बीडीओ देवानंद राम को भी दी गयी। किंतु वे मुख्यालय में नहीं रहने के चलते खूरा गांव नहीं पहुंच पाये, लेकिन कल सुबह एक सितंबर को पहुंचने का आश्वासन देते हुए उन्होंने कहा कि वे निरीक्षण कर सारी प्रक्रिया पूरी कर उन्हें बिरसा आवास दिलाने का प्रयास करेंगे। मौके पर युवा उपाध्यक्ष किशोर कुमार ओझा, उप सचिव राज किशोर राम, रंका पंचायत युवा अध्यक्ष मोबीन खान, कंचनपुर पंचायत युवा अध्यक्ष मधुसूदन राम, सचिव लवली उरांव, संतोष कुमार रवि, संतोष चंद्रवंशी, पंकज चंद्रवंशी सहित काफी लोग उपस्थित थे।

### श्री राम महायज्ञ की तैयारियां शुरू, चंदा कलेक्शन टीम को भगवा झंडा दिखाकर किया रवाना



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित सुप्रसिद्ध चतुर्भुजी मंदिर प्रांगण में शारदीय नवरात्र में श्रीराम महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस यज्ञ की तैयारी मंदिर विकास समिति और यज्ञ कमेटी के द्वारा जोर शोर से की जा रही है। इसी क्रम में श्री राम महायज्ञ का सफल आयोजन के लिए सभी पंचायतों में प्रचार वाहन और चंदा कलेक्शन कमिटी को भगवा झंडा दिखाकर रवाना किया गया। श्रीराम महायज्ञ 26 सितंबर को कलशयात्रा के साथ शुरू होगा और 4 अक्टूबर को भंडारा के साथ पूणार्हुति होगी। जबकि हनुमान मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा और मूर्ति स्थापना भी की जाएगी। वहीं रात्रि में रासलीला का आयोजन किया जाएगा। वहीं यज्ञ को लेकर मंदिर का गुबंद का मरम्मती और सुंदरीकरण का कार्य शुरू हो गया है। चंदा कलेक्शन कमेटी में जिप सदस्य ज्वाला प्रसाद, विधायक प्रतिनिधि विकर्मा, कन्हाई प्रसाद सिंह, गुडन पासवान, उमेश दुबे, मुकुन्दपुर पाठक, रिंकु सिंह, प्रमोद मेहता, राम प्रवेश ठाकुर, विजय गुप्ता, रामाश्रय गुप्ता, विकास सिंह सहित अन्य लोग शामिल थे।

**निरीक्षण :** सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए धुरकी प्रखंड के विभिन्न गांवों में पहुंची त्रिस्तरीय जांच टीम, कहा

# स्थिति संतोषजनक नही, सूखाग्रस्त की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता

**जांच टीम ने किसानों को सूखे जैसी स्थिति की भरपाई के लिए जारी पोर्टल जेआरएफआरवाई में अपने-अपने मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक विवरण के साथ रजिस्ट्रेशन कराने की सलाह दी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**धुरकी।** गढ़वा जिला सहित धुरकी प्रखंड को सूखाग्रस्त क्षेत्र घोषित करने के लिए त्रिस्तरीय जांच टीम ने प्रखंड क्षेत्र के टाटीदीरी, भंडार, अंबाखोरया, खाला व खुटिया पंचायत में वर्षा और सूखे के प्रभाव से खरीफ फसलों के अलावा अबतक क्षेत्र के किसानों को कौन-कौन सी प्रमुख फसलों को क्षति और नुकसान हुआ इसका आंकलन किया।

धुरकी में मंगलवार को पहुंची स्टेट जांच टीम के साथ जिला कृषि अधिकारी रामाश्रय राम, धुरकी प्रखंड के बीएओ अंबुज कुमार, बीपीआरओ चंद्रकिशोर व बीटीएम प्रवीन कुमार मिश्रा शामिल थे। जांच टीम ने सभी पंचायतो के खेतों और पगडंडियों पर पहुंचकर सूखे और समय से वर्षा नहीं होने के कारण किसानों को क्या-क्या नुकसान हुआ इसकी भी समुचित जानकारी उक्त सभी पंचायत और गांव के प्रगतिशील किसान, छोटे किसान व बंटाईदार किसानो तथा कृषि मित्रों से बारी-बारी से प्राप्त की। वहीं जांच टीम को बीएओ अंबुज कुमार व बीटीएम प्रवीन कुमार मिश्र ने खेतों का हेक्टेयर, एकड़, रकबा डिसमील सहित समुचित जानकारी दी है। वहीं जांच टीम को बताया कि वर्षा के अभाव में धुरकी प्रखंड के अधिकांश किसानों ने हल्की फुल्की वर्षा के सहारे खरीफ फसल अरहर, मक्का, धान, तील इत्यादि की बोआई किसी तरह हिम्मत जुटाकर कर दी थी। इसके बाद गत 20 जून से लेकर पूरा जुलाई और वर्तमान में अगस्त माह की समाप्ति तक सामान्य वर्षा नहीं होने के कारण बोआई किए गए उक्त सभी खरीफ फसल सिंचाई के अभाव में खेतों में सूख गये।

वहीं त्रिस्तरीय जांच टीम में शामिल जिला कृषि अधिकारी व राज्य की टीम ने धुरकी प्रखंड में पूरी तरह से सूखाग्रस्त रहने की पूरी संभावना जतायी है। वहीं उन्होंने क्षेत्र में कम वर्षा के कारण नदी, तालाब, डैम, कुआं व सभी बड़े छोटे जलाशय को भी देखने के बाद बताया है कि स्थिति संतोषजनक नहीं है तथा सूखाग्रस्त की संभावना से भी इंकार नही किया जा सकता है। वहीं अधिकारिक तौर पर बताया कि फिलहाल उन्होंने सूखे और कम वर्षा का आंकलन डोर-टू-डोर कर लिया है। उसके बाद इसकी रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को शीघ्र भेजी जाएगी। उन्होंने स्थानीय किसानों से यह भी कहा है कि सभी लोग राज्य सरकार के द्वारा किसानों को सूखे जैसी स्थिति की भरपाई के लिए जारी पोर्टल जेआरएफआरवाई में अपने-अपने मोबाइल नंबर, आधार नंबर, बैंक विवरण के साथ रजिस्ट्रेशन हर हाल में करायें। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार जेआरएफआरवाई के तहत सभी प्रगतीशील किसान, छोटे-बड़े किसानो के अलावा बंटाईदारों को भी राहत पहुंचाने के लिए सीधे उनके खाते में रकबा हेक्टेयर के अनुसार भरपाई हेतु राशि भेजी जाएगी। आपको बता दें इससे पूर्व जिला कृषि विभाग ने सूखे के लिए जांच रिपोर्ट भेजा था, वहीं इसके बाद पुनः दोबारा जांच की गयी है।

## बॉलीबॉल खिलाड़ियों ने पुलिस पर लगाया बेवजह गाली-गलौज कर डंडे से पिटाई करने का आरोप

**पिटाई का आरोप बेबुनियाद, लड़के बीयर पी रहे थे, इसलिए डांटे-धमकाये थे : थाना प्रभारी**



आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना क्षेत्र के मकरी पंचायत भवन के सामने वाली फील्ड में बॉलीबॉल खिलाड़ियों ने बीती रात भवनाथपुर थाना के एएसआई अभिमन्यु सिंह पर बेवजह डंडे से पिटाई करने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत गढ़वा एसपी से करने की बात कही। उक्त घटना से मकरी के खिलाड़ियों में काफी आक्रोश व्याप्त है। खिलाड़ी ओम नारायण यादव ने बताया कि हमलोग प्रतिदिन मकरी मैदान में शाम को वॉलीबॉल मैच खेलते हैं। रोज की भांति मंगलवार की शाम खेल समाप्त होने के बाद हम सभी अपने-अपने घर जाने से पहले आगामी 31 अगस्त को होने वाले फाइनल मैच पर डिस्कसन कर रहे थे। इसी दौरान गश्ती कर रहे एएसआई अभिमन्यु सिंह पहुंचने के साथ ही सीधे गाली गलौज करते हुए गाड़ी से उतरकर डंडा से मारने लगे। जिसके बाद सभी डर से यत्र तत्र बिखर गए। मेरे द्वारा कारण पूछने पर बोले दबंग के साथ दबंगई करोगे, जो मेरा मन करेगा वही करेंगे। इस तरह की भाषा बोलते हुए उन्होंने डंडा से पिटाई की। जिससे मेरा हाथ फुला हुआ है और साथ ही डंडे से पिछवाड़े पर मारा है जिससे बैठने में तकलीफ हो रही है। पुलिस द्वारा खिलाड़ी की पिटाई किये जाने को पुष्टि अंडा दुकान संचालक गुलाम अंसारी ने भी की। इस संबंध मे पूछे जाने पर एएसआई अभिमन्यु सिंह ने बताया कि मेरे ऊपर लगाया गया आरोप बेबुनियाद है, मैं गश्ती में नहीं गया था। जबकि थाना प्रभारी सतीश कुमार महतो ने बताया कि लड़के बीयर पी रहे थे। इसलिए डांटे धमकाये हैं।

मौके पर उपस्थित खिलाड़ियों दीपक कुमार पासवान, निखिल कुमार, रितिक कुमार, रोहित कुमार, अनुपम प्रकाश, धीरज कुमार प्रजापति, सुनील कुमार यादव, अखिलेश कुमार यादव, सोनू कुमार यादव ने कहा कि हमलोगों पर बीयर पीने का लगाया गया आरोप झूठा है।

### वज्रपात से एक बच्चे की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा जिला मेराल थाना क्षेत्र के ओखडगाढ़ा पंचायत के धारणिया टोला गांव में वज्रपात से एक बच्चे की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। मिली सूचना के अनुसार बताया जा रहा है कि धरनिया टोला निवासी घायल शहाबुद्दीन अंसारी के पुत्र इस्माईल अंसारी उर्फ कलुआ उसकी मौत वज्रपात से हो गई। घटना के संबंध में बताया गया कि कलुआ अपनी बकरी चराने गया हुआ था अचानक बारिश होने से बचने के लिए आम के पेड़ के नीचे बकरी के साथ छुप गया, तभी वज्रपात होने से उसकी मौत हो गयी।

### दुर्घटना में युवक की मौत

**कांडी (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत लमारी कला गांव स्थित श्यामलाल साव की किराना दुकान के समीप एक युवक की मौत हो गयी। घटना बुधवार की सुबह तकरीबन 9 बजे की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त युवक मिक्सर मशीन के बीच में बैठ कर लमारी खुर्द गांव में किसी पक्का मकान की ढलाई के लिए जा रहा था। इसी क्रम में उसके पास जो लंच बॉक्स था वह गिर गया। गाड़ी चलते चलते उसने लंच बॉक्स उठाने की कोशिश की तभी वह युवक नीचे गिर गया व मिक्सर मशीन का पिछला चक्का उस युवक पर चढ़ गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

## लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लुंगी का किया गया वितरण

**कांडी (आजाद सिपाही)।** झारखंड सरकार की सोना सोबरन योजना के तहत प्रखंड क्षेत्र के डुमरसोता पंचायत के डुमरसोता गांव में जन वितरण प्रणाली के लाभुकों के बीच धोती, साड़ी व लुंगी का वितरण किया गया। पंचायत के मुखिया राजेश्वर विश्वकर्मा, उप मुखिया चंचला देवी, पंचायत समिति सदस्य गीता देवी, फेयर प्राइस डीलर्स एसोसिएशन के गढ़वा जिलाध्यक्ष कामेश्वर दुबे, संघ के प्रखंड अध्यक्ष ब्रजमोहन मिश्र सचिव रविनाथ प्रसाद उपाध्यक्ष लक्ष्मण राम व कोषाध्यक्ष प्रमोद सिंह ने पीडीएस लाभुकों को वस्त्र प्रदान किया। इस दौरान पंचायत की वार्ड सदस्य रीना देवी, जमींदार चौधरी, अनिल ठाकुर सहित कई लोग उपस्थित थे।

**हंगामा :** बीज भंडार में पारस डीएपी खाद में बालू निकलने पर किसान ने नकली खाद बेचने का लगाया आरोप

# बीडीओ ने खाद में मिलावट की जांच कर दुकान को कर दिया सील

**बीज दुकान में भीड़ इकट्ठा देख बीडीओ ने पहुंचकर दुकानदार से स्टॉक, वितरण पंजी एवं खाद क्रय की बिल मांगी, लेकिन दुकानदार कागजात नहीं दिखा सका**

आजाद सिपाही संवाददाता

**भवनाथपुर।** भवनाथपुर थाना मोड़ के समीप रामचन्द्र मेहता के बीज भंडार में पारस डीएपी खाद में बालू निकलने पर सरैया के किसान बीरेंद्र साह ने नकली खाद बेचने का आरोप लगाया। डीएपी पारस खाद में किसान बीरेंद्र साह दुकानदार के सामने डीएपी खाद को पानी में घोल उसमें से बालू निकालकर दिखाने लगा। बाजार का दिन होने के कारण ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई। रास्ते से गुजर रहे जिला कृषि पदाधिकारी रामाश्रय राम भीड़ देख दुकान पर पहुंचे और अपने समक्ष खाद को पानी में घुलवाया। खाद से बालू मिलने पर कहा प्रथम द्दष्टया खाद में बालू की मिलावट प्रतीत हो रही है। मौके पर बीडीओ जयपाल महतो ने खाद में मिलावट का खेल देख दुकान से लैब जांच के लिए सैम्पल लेने के पश्चात दुकान को सील कर दिया।

**क्या है मामला :** थाना मोड़ के समीप मेहता बीज भंडार से सरैया निवासी वीरेंद्र साह 15 दिन पूर्व ढाई बोरी डीएपी पारस खाद 1750 रुपए प्रति बोरी की दर से ले गया था। किसान ने बताया कि एक एकड़ में टमाटर की खेती किये हैं। तीन बार खाद देने के बाद भी लाभ नहीं हुआ, तब खाद को पानी में डाल रातभर रखा किन्तु खाद पूर्ण रूपेण नहीं घुला। उक्त विलय से लगभग एक चौथाई भाग बालू निकला। आक्रोशित होकर किसान बुधवार को मेहता बीज भंडार पहुंचा और बीज भंडार से खाद लेकर पानी में घोला और वहां भी बालू निकला। बालू निकलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा हो गई।

रास्ते से गुजर रहे जिला कृषि पदाधिकारी ने भीड़ को देख रुके और दुकान पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। किसान बीरेंद्र साह ने पूरी आपबीती जिला कृषि पदाधिकारी को बताते हुए उनके समक्ष भी खाद को पानी में डाल बालू निकालकर दिखाया। खाद में बालू निकलने की सूचना मिलने पर भवनाथपुर बीडीओ जयपाल महतो भी मौके पर पहुंचे और दुकानदार से स्टॉक, वितरण पंजी एवं खाद क्रय की बिल मांगी। लेकिन मौके पर दुकानदार इस तरह का कागजात नहीं दिखा सका। उसके बाद बीडीओ जयपाल महतो, जिला कृषि पदाधिकारी रामाश्रय राम की उपस्थिति में दुकान को सील कर दिया गया। मकरी निवासी दिलकश अंसारी ने अधिकारियों को बताया कि आठ दिन पूर्व इसी दुकान से शक्तिमान यूरिया चार सौ रुपये बोरा की खरीदारी किये थे। जिला कृषि पदाधिकारी रामाश्रय राम, बीडीओ जयपाल महतो ने धर्मेंद्र मेहता के बीज भंडार में भी जांच की और वहां से भी खाद का सैंपल जांच के लिए इकट्ठा किया। मेहता बीज भंडार के संचालक रामचंद्र मेहता ने कहा कि डालटनगंज के सेठी स्टोर से खाद लाते हैं खाद में क्या मिला है, मुझे जानकारी नहीं है।



### क्या कहते हैं कंपनी के कृषि सलाहकार

**जांच के दौरान मौके पर पहुंचे कंपनी के कृषि सलाहकार महेंद्र ठाकुर ने बताया कि दुकानदार को सामान में यदि कोई फाल्ट प्रतीत होता है तो इसकी शिकायत कंपनी के टोल फ्री नंबर पर की जा सकती है। जिसके बाद कंपनी के लोग दुकान से सैंपल उठाकर जांच के लिए भेजते हैं।**

### क्या कहते है जिला कृषि पदाधिकारी

**इस बाबत जिला कृषि पदाधिकारी रामाश्रय राम ने कहा मेहता बीज भंडार में किसान की शिकायत पर जांच की गई। प्रथम द्दष्टया डीएपी पारस में बालू प्रतीत होता दिखाई दे रहा है। खाद का नमूना ले लिया गया है, जो लैब में जांच की जाएगी। गलत साबित होने पर वितरक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करायी जाएगी। साथ ही उन्होंने यह भी कहा सभी दुकानदार पॉस मशीन से खाद की बिक्री करें।**

## अंकिता को जिंदा जलाये जाने से पूरा झारखंड शर्मसार हुआ है : रामलला दुबे



**अंकिता की हत्या के खिलाफ भाजपाइयों ने किया विरोध-प्रदर्शन**

आजाद सिपाही संवाददाता

**कांडी।** कांडी के पतीला चौक पर अंकिता सिंह हत्या के विरोध में मोमबत्ती और टायर जलाकर भाजपाइयों ने विरोध-प्रदर्शन किया गया। मौके पर भाजपा किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष रामलला दुबे ने कहा कि झारखंड की ह्रदय विदारक घटना जो दुमका में घटी, जिसमें झारखंड की बेटी अंकिता को जिंदा पेट्रोल छिड़ककर जलाया गया। इससे सारा झारखंड शर्मसार हुआ है। झारखंड के मुख्यमंत्री को शर्म करना चाहिए कि आपके राज में आपके सरकार में बेटी-बहन सुरक्षित नहीं हैं। कानून व्यवस्था की पोल खुल चुकी है। झारखंड सरकार को एक पल भी कुर्सी पर बैठने का अधिकार नहीं है। जहां घर में भी हम बेटी-बहनों को सुरक्षा नहीं दे पा रहे हैं, लगातार लूट, भ्रष्टाचार, हत्याएं व बलात्कार की घटनाएं बढ़ रही हैं और झारखंड का मुखिया अपनी कुर्सी बचाने के लिए पिकनिक मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि झारखंड की कानून व्यवस्था पूरे राज्य को शर्मसार कर रही है। बेटी अंकिता के हत्यारा पुलिस गिरफ्त में बेखौफ हंस रहा है। कहीं न कहीं सरकार की मंसा और कानून व्यवस्था की पोल खुल रही है।

उन्होंने राज्यपाल से आग्रह किया है कि मुआवजा के तौर पर गरीब परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी और 50 लाख रुपये दिये जाएं।

### जल छाजन विभाग से बनायी गयी नाली निर्माण का अधिकारियों की टीम ने की जांच



**मझिआंव (आजाद सिपाही)।** शिकायत के आलोक में जिला उपायुक्त रमेश घोलप के निर्देशानुसार गठित जांच टीम के द्वारा बरडीहा प्रखंड मुख्यालय में जल जीवन मिशन के तहत जल छाजन विभाग के द्वारा बनाई गई मिट्टी खुदाई कर नाली निर्माण की जांच की गई। इस दौरान गठित जांच टीम में मझिआंव नपं के कार्यपालक पदाधिकारी सह दंडाधिकारी निकिता बाला एवं सहायक परियोजना पदाधिकारी विकास कुमार वर्मा ने स्थल पर जाकर योजनाओं का भौतिक सत्यापन किया किया। जांच टीम के पदाधिकारियों ने बरडीहा प्रखंड के बरडीहा गांव में सरजू राम एवं अन्य तीन किसानों के खेत में बनाई गई नाली का निरीक्षण किया। जांच के पश्चात जांच टीम में शामिल दंडाधिकारी निकिता बाला ने जानकारी देते हुए कहा कि जांच के दौरान धरातल पर योजना सही पायी गयी। उन्होंने कहा कि आज के दौर में दिन प्रतिदिन हो रही प्रकृति के अनमोल संसाधन की बर्बादी को रोकने के लिए सरकार प्रयासरत है। कहा कि सरकार गांव में जल संरक्षण के लिए लोगों को जागरूक कर रही है। उन्होंने कहा कि जल बचाने के लिए लोगों की सोच में बदलाव लाना होगा। तभी कृषि की नयी नयी तकनीकों को अपनाकर फसलों की पैदावार में बढ़ोतरी की जा सकती है।

### जिला नियोजन पदाधिकारी सह कौशल पदाधिकारी ने दिव्यांगों के साथ की बैठक

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** उपायुक्त के निर्देशानुसार जिला नियोजन पदाधिकारी सह कौशल पदाधिकारी नीरज कुमार की अध्यक्षता में नियोजन सह कौशल कार्यालय गढ़वा में जिले के दिव्यांगजनों का बैठक आहूत की गई। इस बैठक में जिले के सभी प्रखंडों से दिव्यांगजन उपस्थित हुए। बैठक का मुख्य उद्देश्य जिले के दिव्यांगजनों के अनुरूप कौशल प्रशिक्षण देकर उन्हें स्वरोजगार से जोड़ना है। बैठक में उपस्थित सभी दिव्यांगजनों ने प्रशिक्षण से संबंधित मुद्दों पर अपने अपने मंतव्य दिये। जिला दिव्यांग संघ के अध्यक्ष बबलू कुमार ने बताया की जिले मे कुल 1200 दिव्यांग हैं। इनके द्वारा सुझाव दिया गया कि हम सभी दिव्यांगों को प्रशिक्षण देकर ऋण प्रदान किया जाए। ताकि रोजगार स्वरोजगार से जुड़कर जिले के दिव्यांग सम्मानपूर्वक जीवन यापन कर सकें। साथ ही वंशीधर नगर के अनुमंडलीय अध्यक्ष कमलेश बिहारी के द्वारा विभिन्न ट्रेडों जैसे साइकिल रिपेयरिंग, मोटर साईकिल रिपेयरिंग, सिलाई, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रिशियन, मोबाइल रिपेयरिंग आदि प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। बैठक में एमजीएनएफ सौरभ राज, कुमार अनिरुद्ध सिंह, जिला अध्यक्ष बबलू राम, अनुमंडल अध्यक्ष बंशीधर नगर अध्यक्ष कमलेश बिहारी, प्रखंड अध्यक्ष केतार रविकांत चंद्रवंशी, राकेश कुमार, सुमेर पासवान, फजलुरहमान अंसारी सहित सभी प्रखंड के दिव्यांग प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### ब्रह्म बाबा स्थान पर संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ भव्य आयोजन



**मेराल (आजाद सिपाही)।** मानस मंडली बिशुनपुर की ओर से मंगलवार की शाम में गढ़वा के प्रसिद्ध ब्रह्म बाबा विराजमान स्थल, पोटमा-लगमा में अखंड 400वां सप्ताहिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम, हनुमंतलला एवं ब्रह्म बाबा की पूजा अर्चना के पश्चात गढ़वा कुटुंब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश राम बचन सिंह, प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश संजीव कुमार सिंह, स्थाई लोक अदालत के अध्यक्ष कमल नयन पांडे, पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी रासबिहारी तिवारी, डीएवी गढ़वा के प्राचार्य अजय चौबे, ब्रह्म बाबा वर्शिप मैनेजमेंट कमेटी के अध्यक्ष राजेंद्र दुबे, भाजपा नेता संतोष दुबे, मंडली प्रमुख अरुण दुबे, संयोजक द्वारिका नाथ पांडेय ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। ऐतिहासिक आयोजन में गढ़वा के दर्जनों गांव के सैकड़ों धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल होकर सुंदरकांड पाठ का वाचन किया, जिससे आसपास का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय रहा। संगीतमय पाठ में मुख्य गायक अरुण दुबे, सह गायक ब्रजेश पांडे, अमरेंद्र मिश्र, आत्मा पांडे, अशोक पटवा, श्यामा दुबे, राजनाथ दुबे, सतीश चौबे, रघुपति सिंह, अजय सिंह, राकेश तिवारी, सियाराम पांडे, अरविंद तिवारी, शेखर सिन्हा, दिलीप पांडे, श्रीपति पांडे, दिलीप श्रीवास्तव, शंभू त्रिपाठी, चंदन जयसवाल, बंशीधर नगर के राधेश्याम शुक्ल, अनिल विश्वकर्मा, भाजपा नेता संजय भगत, राघवेंद्र सिंह, प्रमोद कुमार तिवारी, दीपक पांडे, प्रशांत तिवारी, रामेश्वर विश्वकर्मा, देवेंद्र शर्मा, प्रमोद महाजन आयोजन समिति के संजय दुबे, नंदलाल दुबे, रामाशंकर ठाकुर, कृष्णानंद दुबे, गोपाल ठाकुर, अर्जुन दुबे, बाल्मिकी तिवारी, शंभू नाथ दुबे, अशर्फी दुबे, लक्ष्मण दुबे, प्रदीप पासवान, श्रीकांत दुबे, मनोज पाठक, नंदू पाठक, संजय सोनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com


# घर-घर पधारे विघ्नहर्ता भगवान गणेश

**गणेश चतुर्थी पर हुई भगवान श्री गणेश की पूजा आराधना**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा/महुआटांड़।** रिद्धि-सिद्धि के दाता विघ्नहर्ता भगवान श्रीगणेश उत्सव बुधवार से शुरू हुआ, जो नौ सितंबर तक चलेगा। इस दिन भगवान गणेश घर-घर व मंदिरों-पंडालों में पधार गए। गणेश चतुर्थी पर लोहरदगा शहरी क्षेत्र में लगभग 12 व जिले में 40 स्थानों पर भगवान श्री गणेश की भव्य प्रतिमाएं स्थापित की गई। पूरा लोहरदगा भगवान श्री गणेश की आराधना में डूबा गया है। पूजा पंडालों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। राणा चौक पूजा पंडाल में विद्युत सज्जा देखने लायक है। गणेशोत्सव को लेकर शहर में धार्मिक माहौल है। वहीं,



किस्को मोड़ शांति नगर में भगवान श्रीगणेष की आराधना के लिए बनाये गए भव्य पूजा पंडाल और आकर्षक विद्युत सज्जा सबको आकर्षित कर रहा है। देर रात तक गणेश प्रतिमा पंडालों में भक्तों की भीड़ जुटी रही। वहीं, महुआडांड प्रखंड में भी धूमधाम से गणेश पूजा मनाया जा रहा है. थाना चौक में मां काली



नवयुवक संघ के नवयुवकों द्वारा भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई है। पुरोहित पंडित सर्वेश पाठक द्वारा पूरे विधि-विधान के साथ वैदिक मंत्रोंच्चारण के बीच पूजा अर्चना की जा रही है । संघ के विकास कुमार छोटू ने बताया कि जो सितंबर को गणेश महोत्सव का समापन किया जाएगा।

## शराब के नशे में छोटे सी बात को लेकर हुए विवाद में हुई थी धक्का-मुक्की

# सेन्हा में युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

आजाद सिपाही संवाददाता

**सेन्हा/लोहरदगा।** सेन्हा थाना अंतर्गत उरांव मुहल्ला गांव में 24 वर्षीय एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पहचान अमित उरांव के रूप में हुई है। पता चला है कि शराब के नशे की हालत में मामूली बात को लेकर हुए विवाद में धक्का मुक्की के बाद एक गिरने से उसकी मौत हुई है। दूसरी ओर, मृतक के परिजनों ने हत्या करने का आरोप लगाया है। परिजनों ने बताया कि



शव का पंचनामा व स्वजनों से पूछताछ करती पुलिस।

मंगलवार की देर रात शराब के नशे में प्रकाश उरांव के घर के समीप अमित का विवाद हुआ था। जिसमें धक्का मुक्का होने लगी। इसी बीच अमित के सिर पर किसी भारी वस्तु से वार किया गया, जिससे उसकी मौत हुई है। मृतक की भाभी ने बताया कि उसका बेटा अशोक उरांव भागते हुए घर आया और बताया कि चाचा को मारा-पीटा जा रहा है। जब तक वे लोग वहां पहुंचते तबतक अमित जमीन पर अचेत अवस्ता में पड़ा था। जिसे आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। वहीं घटना की सूचना पाकर सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत और एएसआई जमशेद खान दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच में जुट गए। दूसरी ओर, प्रकाश उरांव की पत्नी कलावती उरांव ने बताया कि अमित ने उसके दरवाजे में लात मारी थी, जिसे लेकर विवाद हुआ था। वहीं पुलिस भी प्रथम दृष्टया में गिरने से मौत होना मान रही है। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असल कारणों का पता चल सकेगा। पुलिस पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# लोहरदगा के अंचलाधिकारी अरुण तिर्की का हृदयाघात से निधन, सांसदों-विधायकों व नेताओं ने जताया शोक

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** लोहरदगा जिले के सदर अंचल के अंचलाधिकारी अरुण तिर्की का बुधवार को दिल का दौरा पड़ने के बाद गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया था। जहां उनका निधन हो गया। वह पांचवीं जेपीएससी के अधिकारी थे। उधर, निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पता चला है कि मंगलवार की शाम वह गुमला स्थित अपने निवास जाने के लिए लोहरदगा से निकले थे। बुधवार की सुबह प्रातः भ्रमण के लिए गए थे। वहीं उनके सीने में दर्द उठा। वह चिकित्सक के पास भी गए, जहां सब कुछ ठीकठाक बता कर छुट्टी दे दी गई। पर गुमला के पालकोट रोड स्थित घर आने के बाद उन्हें दिल का दौरा आया। जिसके बाद परिजन तुरंत इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने मृत



घोषित कर दिया। वह अपने पीछे 12 साल का एक बेटा और पत्नी को छोड़ गए है। दूसरी ओर, इस घटना के बाद लोहरदगा जिले में शोक की लहर दौड़ गई। डीसी डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, कल्याण पदाधिकारी नारायण राम के अलावा भाजपा सांसद सुदर्शन भगत आदि ने शोक प्रकट किया। सांसद ने कहा कि अरूण तिर्की का कम समय में निधन होने की सूचना ने उन्हें स्तब्ध कर दिया है। यह अपूरणीय क्षति है। उधर, राज्यसभा सांसद समीर उरांव, भाजपा जिलाध्यक्ष, मनीर उरांव, पूर्व विधान पार्षद प्रवीण सिंह, पूर्व विधायक रमेश उरांव, पूर्व माटी कला बोर्ड अध्यक्ष श्रीचंद प्रजापति, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओमप्रकाश सिंह, जिला सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर प्रसाद, पूर्व जिला अध्यक्ष ब्रज बिहारी प्रसाद, मदनमोहन पाठक, राकेश प्रसाद, राजकिशोर महतो, राजमोहन राम, सुनैना कुमारी, सामेला भगत, नवीन कुमार टिंकू, नीरज कुमार नलिन, हर्षनाथ महतो, सूरजमोहन साहू, बालकृष्णा सिंह, राजकुमार वर्मा, अनिल उरांव, मीना बाखला, छेदी राम, जगनंदन पौराणिक, भारती सिन्हा, पशुपति नाथ पारस, सुरेश बैठा, अजातशत्रु, अजय कुमार पंकज, विश्वजीत शाहदेव, अविनाश शाहदेव, शुकुल राम, सजल कुमार और ओम गुप्ता आदि ने भी शोक प्रटक किया है।

# चार पदों पर बीडीओ काबिज, इसलिए नहीं हो रहा जनता का काम: सुरेश गंझु

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और सदस्यों ने लातेहार विधायक सह जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष वैद्यनाथ राम और डीसी भोर सिंह यादव को पत्र लिखकर चंदवा के वीडियो पर चार पदों पर काबिज होने और लोगों का काम नहीं करने का आरोप लगाया है। आरोप लगाया कि बीडीओ विजय कुमार सीओ, सीडीपीओ और आरएमओ के पद पर भी काबिज हैं। जिस कारण किसी भी विभाग का काम पूरा नहीं कर पा रहे हैं। जनता प्रखंड कार्यालय आती तो जरूर है, लेकिन काम नहीं हो पाने के कारण उन्हें मायुश होकर खाली हाथ ही लौटना पड़ता है। इस लेकर बुधवार को अध्यक्ष व सभी सदस्यों ने अपने कार्यालय में बैठक कर जनता की



बात को जिला के सभी पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि, विधायक से अवगत कराने की बात कही है। आरोप है कि पूरे प्रखंड में आंगनबाड़ी केंद्र का खाद्य पदार्थ रखा हुआ है पर सीडीपीओ नहीं रहने के चलते उसका वितरण नहीं हो पा रहा है वहीं, एसओ के नहीं रहने के चलते खाद्य पदार्थ में भी काफी परेशानी हो रही है। पूरे प्रखंड में सूखा राहत का कार्य अभी तक नहीं चला पाया है जिससे जनता त्राहिमाम कर रही है। इसी लिए चिट्ठी लिखकर अधिकारियों-जनप्रतिनिधियों को जनता की समस्याओं से अवगत कराया गया है। उधर, इस बाबत पूछे जाने पर बीडीओ विजय कुमार ने कहा कि काम अधिक होने और समय का अभाव होने के कारण ऐसी स्थिति उत्पन्न हुई है। इस मौके पर प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष मनोज चौधरी, रंजीत उरांव, असगर खान, संदीप टोप्पो, मंजू देवी, आश्रिता मुच्चू व कृष्णा उरांव उपस्थित थे।

## पूर्व मुखिया पर जानलेवा हमला कर फरार आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सेन्हा थाना अंतर्गत कंडरा चौक में बुटी पंचायत के पूर्व मुखिया विष्णु उरांव पर बीते दिनों जानलेवा हमला हुआ था। जिसे लेकर सेन्हा थाने में कांड संख्या 71/20 दर्ज कर पुलिस अग्रेतर कार्रवाई में जुटी थी। उक्त घटना में शामिल कंडरा निवासी लक्ष्मण उराव फरार चल रहा था। जानकारी के मुताबिक न्यायालय के आदेश पर वारंटी लक्ष्मण को पुलिस काफी दिनों से तलाश कर रही थी। इसी बीच गुप्त सूचना मिलने पर सेन्हा थाना प्रभारी ऋषिकांत के निर्देश पर छापामारी कर उसे गिरफ्तार कर लिया गया। उसके खिलाफ भादवि की धारा 323, 341, 324, 307, 325 एवं 120 बी के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। वहींस एएसआई जमशेद खान ने बताया कि 12 जुलाई 2020 को कंडरा चौक में बुटी पंचायत के मुखिया विष्णु उरांव के ऊपर लक्ष्मण ने धारदार हथियार से जानलेवा हमला किया था। जिसमें मुखिया गंभीर रूप से घायल हो गये थे।

## मृतक के परिजनों को मुखिया ने उपलब्ध करवाया खाद्य एवं नगद सहयोग राशि



**लातेहार (आजाद सिपाही)।** मनिका प्रखंड मुख्यालय अंतर्गत जुंगूर पंचायत के चोरबोरवा गांव में बुधवार को मुखिया देवेंद्र कुमार कुजूर की ओर से मृतका स्वर्गीय फूलवंसिया कुंवर के कामकाज के लिए उसके पुत्र गोला राम एवं मदन राम के घर जाकर 50 किलो चावल व नगद सहयोग राशि मुहैया करवाया गया। ताकि मृतिका के कामकाज में उसके परिवार वालों को मदद मिल सके। इस मौके पर कांग्रेस अनुसूचित जाति प्रखंड अध्यक्ष नरेश राम, संतोष उरांव, उमेश राम, नंदकिशोर राम व जगजीवन राम आदि उपस्थित थे।

## मंत्री पुत्र रोहित उरांव ने किस्को एवं कुडू के ग्रामीण क्षेत्रों में किया मांदर का वितरण



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** सूबे के वित्त मंत्री सह लोहरदगा विधायक डॉ रामेश्वर उरांव के बेटे रोहित उरांव ने किस्को एवं कुडू प्रखंड के ग्राम जांगी, कोल्सीमारी, चुंद, लावागईं, कड़ाक, जरियों, हुरहूद एवं कुडू प्रार्थनासभा एवं किस्को प्रखंड में ग्राम किस्को, निनी, सलैया, गोपालगंज, जनवल, आनंदपुर, डटमा, आदि गांव में करमा पर्व के अवसर पर मांदर का वितरण किया। रोहित उरांव ने कहा कि हमारी प्राकृतिक पर्व करमा पूजा इस बार काफी धूमधाम से मनाई जाएगी। इसलिए हमारी ओर से ग्रामीण क्षेत्रों के लिए मांदर का वितरण किया जा रहा है। वर्तमान समय में हमारी संस्कृति एवं धरोहर को संजो के रखने की जरूरत है। नशा पान को समाज से दूर करनी चाहिए। अपने आदिवासी परंपरा रीति-रिवाज के साथ हर पर्व का खुशियों के साथ मनाने की जरूरत है। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, संतोष महतो, महावीर उरांव, राजमनी उरांव, दुर्गा उरांव, धीरज उरांव, जतरु उरांव, राजकुमार उरांव, भंगा भगत, जगदीश उरांव, संजय भगत, बिगना उरांव, कर्मा उरांव, दरोगा उरांव, सुशील उरांव रामवृक उरांव, अमित उरांव, देवठान उरांव और सोमरा उरांव आदि उपस्थित थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

## अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है नवनिर्मित मॉडल महिला कॉलेज : कुलपति डॉ अजीत



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बीएस कॉलेज का अंग नवनिर्मित बरही मॉडल महिला कॉलेज का बुधवार को विधिवत शुभारंभ हुआ। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार गुप्ता, कुलसचिव डॉ एमसी मेहता, परीक्षा नियंत्रक डॉ एके झा, डीएस डब्ल्यू डॉ आरके शर्मा, प्राचार्य बीएस कॉलेज डॉ एस केपी गुप्ता और प्राचार्य मॉडल महिला कॉलेज डॉ नीता सहाय ने संयुक्त रूप से विधिवत गणेश पूजन कर उद्घाटन किया। कुलपति ने कहा कि नवनिर्मित मॉडल कॉलेज अत्याधुनिक सुविधाओं से लैस है। इसी वर्ष इस कॉलेज में अध्ययन अध्यापन का काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए सारी कागजी कार्यवाही पूरी हो चुकी है। आस पास के विद्यार्थियों के लिए ये कॉलेज मिल का पत्थर साबित होगा। कुलपति ने यह भी कहा कि इस कॉलेज के विकास में सबकी भागेदारी अपेक्षित है। इस मौके पर लोहरदगा बीएस कॉलेज के सहायक प्राध्यापक डॉ शशि गुप्ता, नईम खान, डॉ मीरा कुमारी, डॉ संतोष सांडिल्य, डॉ लाल अजय नाथ शहदेव, डॉ अजय प्रताप वर्मा, डॉ विजेंद्र विश्वकर्मा, मनीष मिश्रा, रोशन खलखो, संजय रविदास, शारोन सुरीन, अर्जुन लकड़ा आदि उपस्थित थे।

## हेमंत सरकार को कोई खतरा नहीं: रामचंद्र सिंह



**बरवाडीह (आजाद सिपाही)।** झारखंड में हेमंत सोरेन सरकार की यूपीए गठबंधन के सभी विधायक एकजुट है। यूपीए गठबंधन का कोई भी विधायक भाजपा के झांसे में नहीं आने वाले। सभी विधायक एकजुट होकर किसी भी परिस्थिति का सामना करने को तैयार है। ये बातें कांग्रेस विधायक रामचंद्र सिंह ने कही। वे बुधवार को बरवाडीह प्रखण्ड के मंगरा स्थित अपने आवास में बोल रहे थे। वह सोमवार को मंगरा पहुंचे थे। विधायक ने अपनी भाभी की आकस्मिक निधन पर उनके श्राद्ध कर्म के दशग्रात्र कार्यक्रम में शामिल होने के लिए मंगरा के बगल मुगीर्डीह गांव पहुंच थे। बड़े भाई ब्रह्मदेव सिंह की पत्नी की शोक में शामिल होकर 10 वां कार्यक्रम में बाल मुंडन करवाया। उन्होंने यूपीए घटक दल के विधायक को दूसरे दल में शामिल होने की बात को नकार दिया।

## बच्चों का पेट भरना नहीं, बल्कि पौष्टिक भोजन देना मूल उद्देश्य : संजीत शर्मा



**लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** अन्नामृत फाउन्डेशन के निदेशक संजीत शर्मा ने बताया कि अन्नामृत फाउंडेशन के चिरी स्थित केंद्रीयकृत रसोई घर में लोहरदगा जिले के 40 हजार बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन योजना के तहत पौष्टीक भोजन उपलब्ध कराने की शुरूआत की गई है। भोजन में बच्चों को कश्मीरी राजमा, काला चना, काबुली चना जैसे पोषक तत्वों की प्रचुरता वाली चीजों को दिया जाता है। उन्होंने बताया कि हमारी भोजन बनाने की तकनीक स्कूल स्तर पर बनने वाले मध्याह्न भोजन से अलग है। विद्यालयों में बनने वाले भोजन की गुणवता और स्वाद भिन्न हो सकता है पर केंद्रीयकृत रसोई द्वारा बनाये गये भोजन की पौष्टिकता, गुणवता, और स्वाद एक जैसे ही रहती है। उन्होंने कहा कि अन्नामृत फाउंडेशन का उद्देश्य सिर्फ बच्चों का पेट भरना नहीं बल्कि उन्हें गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराना है। जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास हो सके।

# त्योहार में खलल पैदा करने वालों की खैर नहीं : विश्वजीत सिंह



**किस्को/लोहरदगा (आजाद सिपाही)।** बगड़ू थाना परिसर में बुधवार को थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शांति समिति की बैठक में आदिवासी समूदाय के कर्मा पर्व को आपसी भाईचारा और शांतिपूर्ण तरीके से मनाने का निर्णय लिया गया। बैठक में प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत भी मौजूद थीं। किस्को प्रखंड प्रमुख सुचित्रा भगत ने कहा कि बगड़ू थाना क्षेत्र के लोग हमेशा से अमन पसंद और शांतिप्रिय हैं। क्षेत्र के लोग आपसी भाईचार के साथ त्योहार मनाते आए हैं और आगे भी मनाते रहेंगें। वहीं थाना प्रभारी विश्वजीत कुमार सिंह ने कहा कि कर्मा पर्व के दौरान मेला स्थल एवं चौक-चौराहों में पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। कर्मा पर्व के दौरान सोशल मीडिया और व्हाटसएप्प इंस्टाग्राम आदि सोशल साइटों पर पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। जो भी लोग अफवाह फैलाने और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बिगाड़ने की कोशिश करेंगें उन्हें चिन्हित कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस मौके पर सब इंस्पेक्टर अब्राहम अल्मा मुरमू, एएसआई रंथू भगत, झामुमो नेता इसरार अहमद, वसीम अकरम, नवल भगत, मीर अजहरूद्दीन, मुस्ताक अनवर, नंदलाल भगत, मीर रिजवान, सुरेश बैठा, मनोज उरांव व अन्य लोग मौजूद थे।

## बालूमाथ प्रखंड के सभी प्रज्ञा केंद्र संचालकों को सीओ ने दिया सख्त निर्देश

**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** बालूमाथ अंचलाधिकारी अफताब आलम ने प्रखंड अंतर्गत सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक वीएलई को सख्त निर्देश जारी करते हुऐ कहा कि प्रधानमंत्री किसान योजना के अंतर्गत प्रति वर्ष छह हजार रुपए तीन किस्तों मे किसानो के खाते में हस्तांतरित किया जा रहा है। जिसमें बिना ई-किवाईसी किए हुए किसानों को इस राशि का लाभ उनके खाते तक नहीं पहुंच पाएगा। अंचलाधिकारी ने कहा कि अभी भी बालूमाथ प्रखंड अंतर्गत आठ हजार लाभुकों को ई-केवाईसी नहीं हुआ है। उन्होंने निर्देश दिया कि आज से ही कैंप लगा कर प्रधानमंत्री किसान योजना का ई-केवाईसी 100 फीसदी कराना सुनिश्चित करें। अंचलाधिकारी ने सभी राजस्व कर्मचारी, पंचायत सेवक ,बीएओ, बीसीईओ, कृषक मित्र,पीसएस, मुखिया, जनप्रतिनिधि के ई-केवाईसी कराऐ खाने में हाथ बटांऐ।

## नक्सली बालेश्वर जामडीह जंगल में पुलिस से हुए मुठभेड़ में भी था शामिल

# टीएसपीसी नक्सली बालेश्वर गंझू गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

**किस्को/लोहरदगा।** जिले के अति सुदूरवर्ती व उग्रवाद प्रभावित जोबांग थाने की पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीएसपीसी के सदस्य बालेश्वर गंझु उर्फ अफजल जी उर्फ सीता गंझू को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया गया है। वह चतरा जिले के कुंदा थाना अंतर्गत पिंजनी ग्राम का रहने वाला है। जोबांग थाना प्रभारी शशि शेखर कुमार व पुलिस ने गुप्त सूचना पर दबिश देखर उसके घर से दबोच कर जेल भेज दिया है। इसे लेकर जोबांग थाना



गिरफ्तार टीएसपीसी नक्सली बालेश्वर गंझू की जानकारी देते थाना प्रभारी।

प्रभआरी शशि शेखर कुमार ने बुधवार को बताया कि उग्रवादी कांड में नक्सली बालेश्वर गंझू के विरुद्ध जोबांग थाने में कांड संख्या-11/20 सहित अन्य आपराधिक मामले दर्ज है। यही नहीं, पुलिस और प्रतिबंधित नक्सली संगठन टीएसपीसी के साथ जोबांग थाना क्षेत्र के जामडीह जंगल में साल 2020 में हुए मुठभेड़ में भी नक्सली बालेश्वर शामिल था। जिसके बाद से उसकी हर गतिविधियों पर लगातार नजर रखी जा रही थी। इसी बीच बालेश्वर के अपने घर पर होने की गुप्त सूचना पर छापामारी की गई, जहां वह पकड़ा गया। उसकी गिरफ्तारी के लिए चलाए गए अभियान में जोबांग थाना के सब इंस्पेक्टर सोनू चौधरी, सब इंस्पेक्टर गणेश कुमार यादव एवं सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## महुआटांड़ में युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**महुआडांड़ (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र स्थित शिवनगर ग्राम में एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान संजू लोहरा (29) के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार बुधवार की सुबह घरेलू विवाद में युवक ने फांसी लगा आत्महत्या कर ली। इसकी सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। साथ ही पुलिस ने मृतक के स्वजनों का बयान दर्ज कर जांच कर रही है।

## कोलियरियों में हो रहा मजदूरों का शोषण : राजेंद्र



**बालूमाथ (आजाद सिपाही)।** लातेहार जिला के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष और वरिष्ठ भाजपा नेता राजेंद्र साहू को जनता मजदूर संघ (जमसं) ने रजाहरा और अम्रपाली-चंद्रगुप्त एरिया का संयोजक मनोनीत किया है। जमसं के महामंत्री व जेबीसीसीआई सदस्य सिद्धार्थ गौतम ने उन्हें पत्र भेजकर सीसीएल के दोनों एरिया में संगठित व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की कमेटी बनाने की जिम्मेदारी सौंपी है। केंद्रीय संगठन सचिव कमलेश कुमार सिंह ने डकरा में पत्रकारों को बताया कि उक्त दोनों एरिया में संगठन की गतिविधियों को मजबूती प्रदान करने के उद्देश्य से राजेंद्र साहू को यह जिम्मेवारी दी है। वहीं राजेंद्र साहू ने कहा कि जब से दोनों एरिया में कोयला की गतिविधियां शुरू हुई है तब से संगठित और असंगठित क्षेत्र के मजदूरों का शोषण हो रहा है। यही नहीं रैयत, विस्थापित को भी न्याय नहीं मिल रहा है। जमसं सीसीएल की एक मान्यता प्राप्त श्रमिक संगठन है इसलिए इस मंच के माध्यम से दोनों क्षेत्र की समस्याओं पर काम करना प्राथमिकता होगी। वहीं, उनके मनोनयन पर सीसीएल कमेटी ने उन्हें बधाई दी है। दूसरी ओर, आम्रपाली में विस्थापित प्रभावित ग्रामीणों द्वारा आंदोलन की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। विस्थापित प्रभावित नेता सह ट्रक मालिक संघ के संयोजक आशुतोष मिश्रा ग्रामीण प्रतिनिधि मंडल के साथ बुधवार को अम्रपाली चंद्रगुप्त महाप्रबंधक वी के शुक्ला से मिलकर समस्या का समाधान करेंगें।

## लोहरदगा सदर के अंचलाधिकारी की हार्ट अटैक से गुमला में हुई मौत



**शोक की लहर, लोहरदगा डीसी सहित के अन्य पहुंचे सदर अस्पताल**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** लोहरदगा में सदर अंचल में पदस्थ अंचलाधिकारी करीब 45 वर्षीय अरुण तिर्की की बुधवार को हार्ट अटैक से गुमला में मौत हो गई। सीओ अरुण तिर्की का पैतृक आवास सरना टोली गुमला में है और गणपति पूजा छुट्टी पर मंगलवार की शाम गुमला पहुंचे थे। बुधवार की सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले इसी दरमियान उन्हें कुछ अजीब सा महसूस हुआ। इसके बाद अचानक घर लौट कर आराम करने लगे। तत्पश्चात पूरे मामले की जानकारी अपने दोस्त अजय लकड़ा और दिनेश महतो को दूरभाष पर दी। सूचना पर सीओ के दोस्त उनके आवास पहुंचे और तत्काल अंचलाधिकारी को डॉक्टर सुगेंद्र साय के पास ले गए। जहां इसीजी कराया गया, जिसकी रिपोर्ट नॉर्मल थी। इसके बाद जांच हेतु ब्लड सैंपल लिया गया और सीओ को आराम करने के लिए घर भेज दिया गया। लेकिन घर पहुंचते ही अचानक वे गिर पड़े। पुनः आनन-फानन में परिजन उन्हें लेकर सदर अस्पताल के लिए निकले। अस्पताल पहुंचते ही डॉक्टरों ने सीओ को मृत घोषित कर दिया। वहीं, डॉक्टर ने बताया कि संभवतः हार्ट अटैक से अंचल अधिकारी की मौत हुई है। इधर, सीओ की मौत की सूचना के बाद पूरा माहौल गमगीन हो गया। मृतक की पत्नी अनुपमा देवी सहित परिजन दहाड़ मारकर रोने लगी। वहीं, घटना की सूचना पर लोहरदगा उपायुक्त, एसडीओ, मजिस्ट्रेट सहित अन्य अधिकारी सदर अस्पताल पहुंचे और मृतक के परिजनों से मुलाकात की। साथ ही हरसंभव सहयोग की बात कही। समाचार लिखे जाने तक मृतक के शव का पोस्टमार्टम नहीं हुआ था। अस्पताल परिसर में सरकारी कर्मियों सहित शुभचिंतकों के आने-जाने का सिलसिला जारी था।

## के ओ कालेज व एन सी सी का संयुक्त वार्षिक शिविर शुरू

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कार्तिक उरांव महाविद्यालय में 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के द्वारा संयुक्त वार्षिक शिविर (सीएटीसी) का आयोजन किया जा रहा है। यह अयोजन 30 अगस्त से 6 सितंबर तक किया जायेगा। इस कैंप में गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा के लगभग 550 आर्मी विंग कैडेट तथा बिहार झारखंड डायरेक्टरेट के 50 एयरविंग कैडेट भाग लेंगे। आज कैडेट्स के डॉक्युमेंटेशन और कैम्प सेटिंग की कार्रवाई के साथ शिविर की शुरूआत हुई। इस कैम्प में कोविड 19 के सुरक्षा मानकों का पूर्णतया पालन किया जा रहा है। कैंप में कैडेटों को संबोधित करते हुए 46 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमान अधिकारी कर्नल सुदीप सिन्हा ने कहा कि सेना एवं अर्धसैनिक बलों के पश्चात देश की सबसे महत्वपूर्ण रक्षा पंक्ति एनसीसी ही है। कैम्प में आपको सेना के अनुशासन की झलक मिलेगी। यह कैम्प जीवन में कुछ पाने को प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि इस कैम्प का मुख्य उद्देश्य प्रैक्टिकल कक्षाएं हैं। उन्होंने कहा कि यह शिविर इस बात के लिए प्रेरित करता है कि कैडेटस को जीवन में अपना लक्ष्य निर्धारित कर भविष्य निर्माण के लिए अथक परिश्रम करना चाहिए। कैंप के दौरान कैडेटों को ऑब्सटेकल ट्रेनिंग, वेपन ट्रेनिंग , फायरिंग,मैप रीडिंग, ड्रिल आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा . इसके अलावा कैडेटों को फील्ड क्राफ्ट ,बैटल क्राफ्ट, सामाजिक कार्य आदि का प्रशिक्षण दिया जाएगा .इस कैंप में सूबेदार मेजर वि एल हमुआका, सूबेदार वीर बहादूर ,सूबेदार एल थांगा,नायब सुबेदार भरतवीर ,नायब सूबेदार रामा यादव, हवलदार संजीव, हवलदार पंकज,हवलदार मेरेन, हवलदार अशोक,नायक रोलेन आदि भाग ले रहे हैं।

## लोहरदगा सीओ के निधन पर जताया शोक

**गुमला (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस सशक्तिकरण अभियान के लोहरदगा सह प्रभारी रमेश कुमार चीनी ने लोहरदगा सीओ सह बीडीओ अरुण तिर्की के आकस्मिक निधन पर शोक जताया है। कहा है कि वे कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे, जो अपने दायित्व के प्रति पूरी तरह से जवाबदेह थे। व्यक्ति विशेष से ऊपर उठ कर जनहित में काम करते थे। अचानक उनके निधन से वे मर्माहत हैं। चूंकि प्रशासनिक अधिकारी होने के बावजूद अपने व्यक्तिगत लगाव के कारण उनकी छाप लोगों के बीच थी। निश्चित उनका निधन समाज के लिए अत्यंत दुखकारी है। शोक जताने वालों में अकील रहमान, हेमावती देवी, हिमेश कुमार, बैजनाथ, रामनिवास प्रसाद, अरुण गुप्ता आदि शामिल है।

**कार्यक्रम :** अंकिता की मौत पर भाजपाइयों ने किया श्रद्धांजलि सभा का आयोजन, कहा

# राज्य में अपराध की घटनाएं हो रही हैं और राज्य सरकार पिकनिक में मस्त है

**आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन जुलूस की शक्ल में महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने टावर चौक पर पुतला फूंका**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** बहुचर्चित मामला दुमका की अंकिता की मौत को लेकर भाजपा महिला मोर्चा ने श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया। पालकोट रोड स्थित पार्टी कार्यालय में जिला अध्यक्ष अनूप चंद्र अधिकारी एवं महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण बाड़ा के नेतृत्व में अंकिता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर उसे श्रद्धांजलि दी गई। इसके बाद पार्टी के द्वारा आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन जुलूस के शक्ल में महिला मोर्चा के कार्यकर्ताओं एवं जिला पदाधिकारी के साथ टावर चौक पर मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया गया। आरोपी को फांसी देने की मांग की गई। आये दिन ऐसे लोग झारखंड में महिलाओं की हत्या और बलात्कार कर रहे हैं परंतु झारखंड की हेमंत सरकार इन्हें सजा दिलाने के बदले में तुष्टिकरण की राजनीति करने में लगी हुई है।

वक्ताओं ने कहा कि एक और जहां राज्य में लूट, भ्रष्टाचार के साथ-साथ हत्या बलात्कार की घटनाएं हो रही हैं वहीं राज्य सरकार पिकनिक और मौज मस्ती करने में संलिप्त है। नैतिकता के आधार पर इस सरकार को तुरंत इस्तीफा दे देना चाहिए।

इस मौके पर जिला महामंत्री सतनारायण पटेल, सविंदर सिंह, संयुक्ता देवी, निर्मल गोयल, बबुआ पंडित, गोपाल निधि, सुजीत नंदा, बालकेश्वर सिंह, कौशलेंद्र जमुहार, प्रतिमा देवी अमरमणि दीदी गौरी किंडो सोना मनी मीरा देवी खेतू नायक जी लक्ष्मी जी शंभू सिंह और भी बहुत से कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## गुमला में गणेशोत्सव की धूम, पूजा पंडालों पर उमड़ी भक्तों की भीड़

**'जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा' जैसे भजनों से गुमला का माहौल भक्तिमय बना हुआ है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** इन दिनों गुमला में गणेश महोत्सव की धूम है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों में गणेश पूजा की जा रही है। जिसके लिए बड़े-बड़े पंडाल बनाये गए हैं। गणेश उत्सव के भजनों से पूरा शहर गुंजायमान है। विशेषकर ज्योति संघ स्थित ब्लू डायमंड सोसायटी का पूजा पंडाल देखने योग्य है। जय गणेश जय गणेश जय गणेश देवा जैसे भजनों से गुमला का माहौल भक्तिमय बना हुआ है। पूजन उत्सव के आरंभ में गणेश उत्सव मनाए जाने की परंपरा का निर्वाह करते हुए सारे भक्तजन श्री गणेश की जय जयकार करते नजर आ रहे हैं। पूजा पंडालों में श्री गणेश के दर्शन के लिए भक्तों की भीड़ लगी है। पूजा पंडाल के आयोजक व्यवस्था बनाने में जुटे हैं, ताकि भक्तों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। कोरोना काल के बाद पूरे उत्साह के साथ गणेश पूजा मनाई जा रही है, जिसके कारण भक्तों में भारी उत्साह देखा जा रहा है।

## विहिप-बजरंग दल कार्यकर्ता चालीसा पाठ में शामिल हुए



**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न गांवों से विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के सैकड़ों कार्यकर्त्ता बाइक से गणेश चतुर्थी के अवसर पर भरनो स्थित शिव मंदिर में आरती सह हनुमान चालीसा पाठ व जागरण के कार्यक्रम में शामिल होने के लिए बुधवार शाम रवाना हुए। मुख्य अतिथि हिन्दू सचेतक सह समाजसेवी भैरव सिंह विहिप विभाग सह मंत्री गुमला केशव चन्द्र साय व लोहरदगा जिला के सतिश पाण्डे की मौजूदगी में आरती, जागरण व हनुमान का कार्यक्रम रखा गया है। बाइक से रवाना होने वालों में जिला सुरक्षा प्रमुख मनीष बाबू, धर्म प्रचारक पूर्णिमा देवी, प्रखंड अध्यक्ष पंकज साहु, मुकेश श्रीवास्तव, सौरभ ताम्रकार, रामनिवास साहु, छोटेलाल ताम्रकार, रविन्द्र साहु, तेज नारायण सिंह, उदय कुशवाहा, विश्वकर्मा गिरि, दिलीप कुमार नाग, राकेश जायसवाल, नारायण साहु, बादल वर्मा,अमर कुमार साहु, संदीप केशरी, विकास राम, अमित सोनी, विक्रम कुमार, किशोर सिंह,राजेश कुमार, सहित सैकड़ों कार्यकर्त्ता शामिल थे।

## एचपी सीएल हुसैन पेट्रोल पंप में किया गया पौधरोपण

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** नवाडीह चौक में एचपी सीएल हुसैन पेट्रोल पंप में संचालक अल्ताफ हुसैन और मैनेजर भगत जी ने पौधारोपण किया। मौके पर आलोक नाथ भगत, सकलेन मुश्ताक, रिजवान आलम, अन्नू कुमारी एलेक्स मौजूद थे।

## मलगो जंगली टोली टीम बनी हॉकी टूर्नामेंट की विजेता

**सिसई (आजाद सिपाही)।** राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय करकरी टाना भगत खेल मैदान में बुधवार को न्यू स्पोटिंग क्लब बुड़का के तत्वावधान में पांच दिवसीय कैश प्राइज मनी हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूनामेंट का उदघाटन समाजसेवी सह डीलर संघ अध्यक्ष मकीन अंसारी, पूर्व पंसस ममता कुमारी और उपमुखिया निरजंन उरांव ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच सरना युवा क्लब मंलगो जंगली टोली और जोगवा टोली लापुंग के बीच खेला गया जिसमें मलगो जंगली टोली टीम ने जोगवा टोली टीम लापुंग को 4-5 गोल से हराकर विजयी रही। मौके पर कुदरा पंचायत के उप मुखिया निरंजन उरांव, आजाद किण्डो क्लब के अध्यक्ष रविंदर उरांव, उपाध्यक्ष भूषण उरांव, कोषाध्यक्ष संजय उरांव, सचिव अशोक उरांव, बीरू उरांव, उप सचिव नवीन मिंज आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

### महत्वपूर्ण न्यूज

## घाघरा में अंकिता की हत्या के विरोध में हिंदू संगठनों ने निकाला कैंडल मार्च



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा प्रखंड मुख्यालय में विभिन्न हिंदू संगठनों ने मंगलवार देर शाम कैंडल मार्च निकाल अंकिता सिंह की हुई हत्या के विरोध में प्रदर्शन किया। इस क्रम में चांदनी चौक से सैकड़ों की संख्या में लोग कैंडल मार्च निकालकर थाना चौक पहुंचे और पुनः चांदनी चौक पहुंच अंकिता के हत्यारे शाहरुख खान का पुतला दहन किया। इस क्रम में अंकिता के हत्यारे को फांसी दो, हेमंत सोरेन मुदार्बाद सहित कई नारे लगाए गए। इस मौके पर हिंदू जागरण मंच एवं बजरंग दल के सदस्य शामिल थे।

## चैनपुर में विभिन्न स्थानों पर मूर्ति स्थापित कर की जा रही है भगवान गणेश की पूजा



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में प्रथम पूज्य भगवान गणेशोत्सव कार्यक्रम गणेश चतुर्दशी के दिन बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी चैनपुर के दुर्गा मंदिर परिसर व एमएलए रोड में अलग-अलग कमेटी के द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति स्थापित कर भगवान की पूजा अर्चना की जा रही है। सैकड़ों की संख्या में लोग गणपति बप्पा के दर्शन के लिए मंदिर परिसर व पूजा पंडाल पहुंच रहे हैं। दुर्गा मंदिर परिसर में ग्राम पुरोहित मुन्नू पाठक के द्वारा पूजा कराया गया, जहां काफी संख्या में श्रद्धालु जुटे। पूजा के बाद लोगों में प्रसाद का वितरण किया गया। समिति के अध्यक्ष शुभम केशरी ने बताया कि शुक्रवार को धूमधाम से गणपति बप्पा का विसर्जन किया जाएगा। मौके पर चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह दलबल के साथ विधि व्यवस्था को लेकर दुर्गा मंदिर में उपस्थित थे और भगवान गणपति का आशीर्वाद लिया। मौके पर मुख्य रूप से पूजा समिति के गणेश सिंह, विशाल कुमार, नित्यानंद कुमार, अमर कुमार, सुरेंद्र कुमार, निखिल सिंह, विक्रम कुमार, हिमांशु कुमार, बिट्टू कुमार, कृष्णा कुमार, राहुल कुमार, अमित कुमार, गोलू कुमार, नीरज मौर्य, बजरंग कुमार, अमित सिंह, रुपेश कुमार के सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित थे।

## घाघरा में दो स्थानों पर पंडाल स्थापित कर की गयी भगवान गणेश की पूजा

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय के दो स्थानों पर पंडाल बनाकर धूमधाम से गणेश पूजा की गई। इस निमित्त गणेश पूजा समिति थाना चौक घाघरा में नवनिर्मित पंडाल का शुभारम्भ सीओ प्रणव ऋतुराज, थाना प्रभारी अमित चौधरी, जिला परिषद सदस्य सतवंती देवी सहित समाजसेवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। वहीं थाना चौक स्थित माध्वंस क्लब घाघरा के पूजा पंडाल का शुभारंभ विधिवत पूजन के साथ किया गया। मौके पर उपस्थित लोगों में अशोक उरांव, शंभू साहू, अखिलेश्वर साहू, संतोष गुप्ता, मुकेश महापात्रा, अविनाश गुप्ता, टिंकू गुप्ता, निलय कुमार, नीरज कुमार साहू, निखिल गुप्ता, राहुल गुप्ता, बॉबी कुमार, बसंत साहू, प्रवीण कुमार, दीपक गुप्ता, सत्यम गुप्ता, अमित साहू, सोनू कुमार, गोलू कुमार, जसवंत महतो, अमित वर्मा सहित दोनों समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

## डुमरी में दो स्थानों पर पंडालों में मूर्ति स्थापित कर की जा रही गणेश पूजा

**डुमरी (आजाद सिपाही)।** डुमरी प्रखंड में दो स्थानों पर पूजा पंडाल बनाकर धूमधाम से गणेश पूजा-अर्चना की गई। इस निमित्त गणेश पूजा समिति डुमरी ने विधिवत तरीके से पूजा-अर्चना की। थाना प्रभारी मनीष कुमार ने कहा कि आपस में मिलजुल कर पर्व को मनायें। वहीं गणपति बप्पा मोरया क्लब ब्लॉक रोड डुमरी में भी धूमधाम से गणेश जी की पूजा-अर्चना की गयी। प्रखंड के ब्लॉक रोड में गणपति बप्पा मोरया क्लब का पंडाल बनाया गया है। अध्यक्ष संजय केशरी ने बताया कि गुरुवार को बच्चों की नाच-गान प्रतियोगिता, शुक्रवार सुबह भंडारा एवं रात 8 बजे कीर्तन कार्यक्रम तथा शनिवार को मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। मौके पर राहुल केशरी, रितेश केशरी, मनीष कुमार, गोलू केशरी, आदित्य केशरी चंदन केशरी, विवेक केशरी, विशाल केशरी सहित दोनों समिति के कई सदस्य उपस्थित थे।

**बैठक :** स्थानीय प्रशासन के साथ बैंक अधिकारियों एवं ग्रामीणों की हुई आपात बैठक

# बीओआइ घाघरा शाखा खोलने पर बनी सहमति

**बैंककर्मी के साथ मारपीट के आरोपियों गिरफ्तार कर जल्द ही सलाखों के पीछे भेजा जाएगा : थाना प्रभारी**

**विकास साहू**



**घाघरा।** घाघरा बैंक कर्मी के साथ मारपीट मामले में चार दिनों से लगातार बैंक बंद होने के बाद प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार को आपात बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता एसडीओ रवि आनंद ने की। बैठक में मुख्य रूप से रांची जोनल के बैंक पदाधिकारी शामिल हुए। जहां बैंक कर्मी के साथ में हुई मारपीट की निंदा करते हुए कहा कि बैंक कर्मी इस घटना के बाद असहज और असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। इसके लिए प्रखंड प्रमुख के पति कृष्णा लोहरा व उनके 10-12 साथी पूर्णतः जिम्मेवार हैं। ऐसे असामाजिक लोगों को कानून के द्वारा कठोर सजा दी जाएगी। लेकिन इन सब मामलों के बाद घाघरा के आम जनमानस को काफी परेशानी हो रही है। बैंक नहीं खुलने से आर्थिक नुकसान के साथ-साथ व्यावसायिक वर्ग को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एसडीओ रवि आनंद ने यह भी कहा कि हमें इस बात का आभास है कि लोग सुदूरवर्ती क्षेत्र से इस आशा में आते हैं कि बैंक में जाकर जमा राशि को निकाल कर अपने घर में जरूरत को पूरा कर सकें और यहां आने के बाद बैंक बंद पाते हैं तो ग्राहक आक्रोशित और नाराज हो जाते हैं। वहीं मौजूद बीओआई के जोनल मैनेजर संजय कुमार खेमका ने कहा कि हम बैंक बंद कर स्थानीय ग्रामीणों को या हमारे उपभोक्ताओं को परेशान करना कतई नहीं चाहते हैं, लेकिन बैंक कर्मी असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बैंक कर्मी बैंक आने से कतरा रहे हैं। बैठक में मौजूद घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी ने आरोपी पर कार्रवाई से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि मारपीट करने वाले प्रखंड प्रमुख पति कृष्णा लोहरा पर प्राथमिकी दर्ज करने के बाद गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। साथ ही उनके साथियों को भी जल्द सलाखों के पीछे भेज दिया जाएगा।

**बैंक की विधि व्यवस्था सुधारने का ग्रामीणों ने किया गया आग्रह :** बैठक में मौजूद टाना भगत इंटर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य विपिन बिहारी सिंह ने लोगो को कहा कि बैंक कर्मी के साथ मारपीट की घटना काफी निंदनीय और चिंतनीय है। इसकी पुनरावृत्ति ना हो इसके लिए हम सभी ग्रामीणों को ध्यान देने की जरूरत है कि इस तरह की घटना आगे ना हो। साथ ही श्री सिंह ने प्रशासन व बैंक के अधिकारियों को ध्यान आकृष्ट करते हुए कहा बैंक की जो लचर व्यवस्था है उसे प्रबंधन दुरुस्त करे। उपभोक्ताओं की पीड़ा को बैंक को भी समझना होगा। बैंक ग्राहक बैंकिंग कार्य कराने के लिए सुबह 5:00 बजे से ही कतारबद्ध होने लगते हैं। बावजूद कई बार तो शाम तक उनका काम नहीं हो पाता और उन्हें बैरंग घर वापस लौटना पड़ता है। मैनेजमेंट चाहे तो प्रक्रिया को सरल करके उपभोक्ताओं के लिए सुविधा प्रदान किया जा सकता है।

बैठक में मुख्य रूप से बैंक अधिकारी संगठन के महासचिव सुनील लकड़ा, घाघरा अंचलाधिकारी प्रणव ऋतुराज, घाघरा थाना प्रभारी अमित कुमार चौधरी, एसआई मुकेश कुमार, वरिष्ठ प्रबंधक प्रकाश उरांव, वरिष्ठ प्रबंधक नीरज कुमार चतुवेर्दी, रोशन चौधरी, मनीष नारायण, गौरी शंकर साहू, विकास तिग्गा के साथ-साथ घाघरा के व्यवसाइयों में प्रदीप प्रसाद, मनोज साहू, मनोज सिन्हा, मुखिया जोगेंद्र भगत, इंद्र प्रताप पांडे, कमलेश ठाकुर, मुकेश महापात्रा, सुशीत गोस्वामी, मिहिर झा, अजय प्रताप जायसवाल सहित कई लोग मौजूद थे।

### ग्रामीणों के आश्वासन के बाद अधिकारियों बैंक खोलवाया

**रांची जोनल से आये बैंक के अधिकारियों ने मौजूद प्रबुद्ध जनों व प्रखंड प्रशासन से कहा कि हमारे नगर शाखा के बैंकर बैंक संचालन करने में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। जवाबदेही ग्रामीणों को लेनी होगी कि आगे इस तरह की घटना न हो। इस पर ग्रामीणों ने कहा कि ऐसी घटना दुबारा नहीं होगी। इस पर हमारी ओर से विशेष रूप से ध्यान दिया जाएगा। जिसके बाद एसडीओ रवि आनंद के साथ बैंक अधिकारियों ने घाघरा शाखा परिसर जाकर बैंक खुलवाया।**

# रांची विवि के कुलपति ने घाघरा में किया मॉडल डिग्री महाविद्यालय का उद्घाटन

**इस क्षेत्र के लिए यह महाविद्यालय मील का पत्थर साबित होगा : डॉ अजीत कुमार सिन्हा**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




घाघरा। प्रखंड के आरंगी गांव में बने मॉडल डिग्री महाविद्यालय का गणेश चतुर्दशी के अवसर पर बुधवार को उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में मौजूद रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा के द्वारा भगवान गणेश की मूर्ति की पूजा-अर्चना की गयी। इस दौरान अतिथियों का स्वागत बीएड की छात्राओं के द्वारा पारंपरिक नृत्य करते हुए किया गया।

मौके पर कुलपति अजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि इस क्षेत्र के लिए यह महाविद्यालय मील का पत्थर साबित होगा। सुदूरवर्ती इलाके के बच्चे कई किलोमीटर दूर से गुमला व अन्य महाविद्यालय में जाकर पढ़ाई करने को मजबूर होते थे। कुलपति ने स्थानीय जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों से आग्रह किया कि गांव में महाविद्यालय पढ़ाई के लिए पूर्णतः तैयार है। आप क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करें, ताकि बच्चे महाविद्यालय में आकर नामांकन करायें व अपनी पढ़ाई को जारी रखें। कुलपति ने आगे कहा कि महाविद्यालय में पढ़ाये जाने वाले विषयों के प्रोफेसर नियुक्त किये जाएंगे। घाघरा सीओ प्रणव ऋतुराज ने नामांकन के प्रयासों से संबंधित जानकारी देते हुए कहा कि सभी पंचायत के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधियों की बैठक कर महाविद्यालय के संबंध में विस्तृत जानकारी दी जाएगी। जिससे इच्छुक छात्र महाविद्यालय में नामांकन करा सकेंगे।

मौके पर मुख्य रूप से प्रोफेसर डॉ राजकुमार शर्मा, डॉ एमपीसी मेहता, घाघरा थाना प्रभारी अमित चौधरी, डॉ राजेश झा, डॉ. आशीष झा, गुमला केओ कॉलेज के प्रिंसिपल अमर ज्योति खलखो, डॉ. सीमा, डॉ कंचन, डॉ. अमर, डॉ. अमिताभ भारती. जिला परिषद सदस्य मानती देवी, मुखिया लोदो एक्का सहित कई शिक्षक व ग्रामीण लोग मौजूद थे।

### महाविद्यालय में नौ विषयों की कक्षाएं चलेंगी

**इस सत्र में महाविद्यालय में हिंदी, अंग्रेजी, इतिहास, राजनीतिक शास्त्र, मानव शास्त्र, वाणिज्य, भौतिक, रसायन व भूगर्भ विज्ञान के ऑनर्स की कक्षाएं चलेंगी।**

आजाद सिपाही
रांची, गुरुवार, 01 सितंबर, 2022
www.azadsipahi.com
10

# मुरुमातु के विस्थापित हुए परिवारों को मिलेगा आवास : उपायुक्त

## पांडू प्रखंड के मुरुमातु गांव पहुंच उपायुक्त ने स्थल का लिया जायजा



**मेदिनीनगर/पांडू (आजाद सिपाही)।** पलामू उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे ने बुधवार को पांडू प्रखंड के मुरुमातु गांव पहुंचकर उस स्थल का जायजा लिया, जहां स्थानीय ग्रामीणों द्वारा कुछ परिवारों को विस्थापित किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। साथ ही पुराना थाना भवन में तत्काल रूप से आवासित सदस्यों से बातचीत की। वहीं पांडू थाना पहुंचकर मामले में संलिप्त स्थानीय ग्रामीणों पर अबतक हुए कार्रवाई की जानकारी ली। उपायुक्त ने उनके पारिवारिक सदस्यों से सीधी बातचीत कर उनकी समस्याओं को जाना और उन्हें मिलने वाली योजनाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त किया। उपायुक्त ने प्राथमिकता के तहत उनकी समस्याओं का तत्काल निदान का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि इनके आवासन हेतु जिला प्रशासन भूमि की खोज में जुटी है। भूमि चिन्हित करते हुए उसपर आवास निर्माण कर उन्हें मुहैया कराई जाएगी। साथ ही आधार, राशन कार्ड बनाने एवं अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाएगा। उपायुक्त ने इसे जमीन विवाद से संबंधित मामला बताया और कहा कि यह मामला जमीन विवाद से संबंधित है। एक स्थानीय ग्रामीण के नाम पर जमीन की जमाबंदी है। इसका वेरिफिकेशन स्थानीय अंचल अधिकारी द्वारा किया जा रहा है। वर्तमान समय में सभी पारिवारिक सदस्यों को पुराना थाना भवन में आवासन, भोजन एवं अन्य सुविधाओं की व्यवस्था की गई है। उन्हें सुरक्षा के साथ-साथ अन्य सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। इन्हें विस्थापित करने में संलिप्त लोगों के खिलाफ थाने में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। मामले में 12 नामजद व्यक्तियों के साथ-साथ 150 से अधिक अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच की जा रही है। 3 लोग गिरफ्तार भी किये गये हैं। अन्य व्यक्तियों को गिरफ्तार करने का निदेश स्थानीय पुलिस को दिया गया है। साथ ही विवादित भूमि पर धारा-144 लगाते हुए विवादित स्थल पर मजिस्ट्रेट एवं पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। सदर एसडीओ राजेश कुमार साह ने कहा कि इन परिवारों को स्थानीय पुराना थाना भवन में सुरक्षित रखवाते हुए, उन्हें खाना-पानी देने के साथ-साथ अन्य आवश्यक एवं जरुरी सुविधाओं का ख्याल रखा जा रहा है। साथ ही उन्हें वस्त्र भी प्रदान किए गए हैं। सुरक्षित स्थान पर जमीन सेटल कर अंबेडकर आवास का निर्माण कर उन्हें पूनर्वासित करने का कार्य किया जाएगा। विवादित स्थल पर धारा-144 लगा दिया गया है। उन्होंने कहा कि इनकी सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। इस मौके पर उपायुक्त आंजनेयुलू दोड्डे के साथ नजारत उप समाहर्ता शैलेश कुमार सिंह, सदर एसडीओ राजेश कुमार साह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सुरजीत कुमार, पांडू थाना प्रभारी धुमा किस्कू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

### जेहादियों के द्वारा दिया गया मुरुमातु कि घटना का अंजाम : रामचंद्र चंद्रवंशी

बिश्रामपुर विधायक रामचन्द्र चंद्रवंशी ने बुधवार को पांडू में पीड़ित मुसहर परिवार से मुलाकात किया एवं घटना की जानकारी ली, इस दौरान उन्होंने कहा कि मुरुमातु में मुसहर परिवार के साथ जो घटना घटी है इस घटना का अंजाम जेहादियों द्वारा दिया गया है, घटना में शामिल एक भी अपराधी बचे नहीं उन्हें कड़ी सजा मिलनी चाहिए, वहीं विधायक श्री चन्द्रवंशी ने अपने निजी ट्रस्ट के द्वारा मुसहर परिवार को अनाज व वस्त्र का वितरण किया.

## रैक के अनलोडिंग ट्रक के धूल से गंभीर बीमारी की आशंका : बब्लू गुप्ता

**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** दुर्गा पेट्रोल पंप से क्रासिंग तक के लोगों का रेलवे रैक के ट्रक के धूल ने जीना मुश्किल कर रखा है।इस रोड के लोगों को धूल से गंभीर बीमारी हो जाने का डर सता रहा है।इस धूल से मुक्ति दिलाने हेतु आजसू के केंद्रीय सचिव बब्लू गुप्ता ने सदर अनुमंडल पदाधिकारी से आवेदन के माध्यम से आग्रह किया है।बब्लू गुप्ता ने कहा कि इस रोड से बड़ी संख्या में स्कूल कॉलेज के विद्यार्थी आते जाते हैं।रेलवे रैक के ट्रक के धूल के कारण दिन में कोहरे जैसा माहौल बना रहता।जिसमे सांस लेना तो दूर चलना भी मुश्किल है।इस रोड में लगभग पचास आवासीय मकान हैं।जिनमे बच्चे,वृद्ध,महिलाएं और अन्य सदस्य रहते हैं।इन लोगों का कहना है कि रेलवे रैक के ट्रक के धूल के कारण दिन में भी घरों के दरवाजे खिड़की को बंद रखना पड़ता है।धूल उड़ते रहने के कारण बच्चे खेल नही पाते और महिलाएं,वृद्ध,अन्य सदस्य घर के बाहर घूम फिर नही सकते।बब्लू गुप्ता ने सदर अनुमंडल अधिकारी से दुर्गा पेट्रोल पंप से रेलवे क्रासिंग तक रैक के ट्रक पारी परिचालन वाले दिन रोड पर पानी दिलवाने का आग्रह किया है।जिससे रोड पर धूल न उड़े।करवाई नही होने पर आजसू के केंद्रीय सचिव बब्लू गुप्ता ने आंदोलन करने की चेतावनी दी है।

## वज्रपात से बघना में पशुपालकों के 10 गायों की हुई मौत



**हरिहरगंज /पलामू(आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सूदूरवर्ती बघना जंगल में चरने के दौरान बुधवार को दोपहर में अचानक आंधी और वर्षा के साथ हुई वज्रपात की घटना में 10 गायों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नंदू भुईयां के 4 गाय , श्री गोविंद भुईयां के 3 गाय , विदेशी भुईयां के 1 और हजारी भुईयां के 2 गायों की वज्रपात से मौत हुई है। पशुपालकों ने बताया कि इस घटना में सभी को करीब 2 लाख रुपए का नुकसान पहुंचा है। भुक्तभोगी पशुपालकों ने कहा कि पशु पालन ही जीविका का मुख्य आधार था। किंतु इस घटना से सभी पशुपालकों के सामने रोजी रोटी की समस्या उत्पन्न हो गई है। उन्होंने सरकार से राष्ट्रीय आपदा राहत कोष से आर्थिक सहायता देने की मांग की है।

## सतबरवा में गणेश पूजा का आयोजित



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर लक्ष्मण घाट सतबरवा में गणेश पूजा समिति के द्वारा गणेश पूजा का चार दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह दूसरा अधिवेशन है जो भगवान गणेश की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा और युवा समाजसेवी अतुल कुमार के दीप प्रज्वलित के साथ ही पूजा शुरू हो गया। यह तीन दिनों तक चलेगा और चौथे दिन प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। इस दौरान भंडारा और भक्ति जागरण का भी आयोजन किया जाएगा। उक्त बातें समिति के सदस्यों ने बताया। साथ ही समिति के सदस्य सुजु प्रसाद ने मुख्य अतिथि अतुल जी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर सतन प्रसाद जायसवाल, धीरज कुमार सोनी, बबलू प्रसाद, राजा कुमार, दीपू कुमार, हिमांशु कुमार, मनोहर समेत कई लोग उपस्थित थे।

## शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय खंडहर में तब्दील



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही)।** सतबरवा का शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय खंडहर में तब्दील हो चुका है जिसके कारण पिछले कई वर्षों से राजकीय बुनियादी विद्यालय सतबरवा के भवन में संचालित किया जा रहा है। मंगलवार को टीचर ट्रेनिंग कर रहे हैं अभ्यार्थियों से प्रैक्टिकल परीक्षा के इंटरव्यू के दौरान उपस्थित क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निर्देशक पदाधिकारी (आरजेडीई) शिव नारायण साह ने आजाद सिपाही संवाददाता से बातचीत के दौरान बताया कि शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय का भवन जल्द बनेगा इसका कार्य प्रोसेस में है। वही महाविद्यालय परिसर में मांस और शराब का लग रहे साप्ताहिक हाट बाजार के सवाल पर उन्होंने कहा कि महाविद्यालय में कार्यरत प्राचार्य लिखित शिकायत हमें दें इस पर कार्रवाई तुरंत होगी। बताते चलें कि सतबरवा का टीचर ट्रेनिंग कॉलेज बहुत पुराना है और लगभग 60 एकड़ भूमि महाविद्यालय के नाम पर है। जर्जर भवन के बारे में पहले भी अखबार के माध्यम से पत्रकारों द्वारा खबर प्रकाशित किया गया है लेकिन अभी तक इस में कोई सुधार नहीं हुआ है। वही महाविद्यालय परिसर में प्रत्येक बुधवार को मांस और शराब की बाजार लगती है।

## गणेश पूजा पंडाल का हुआ उद्घाटन



**पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)।** पांकी प्रखंड के थाना रोड़ बबन बाबा मैरेज हॉल में आयोजित गणेश पूजा का उद्घाटन अवध बिहारी मिश्रा ज्योतिषी, प्रखंड प्रमुख पंचम प्रसाद,पांकी पूर्वी मुखिया प्रेम प्रसाद ने संयुक्त रूप से फीता काटकर व वैदिक मंत्रोच्चारण कर किया। मौके पर पूजा कमिटी के संरक्षक बबन मिश्रा ने बताया कि हर वर्ष के भांति इस वर्ष भी बड़ी धूम-धाम से गणेश पूजा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि यह पूजा सात दिवसीय कार्यक्रम चलाया जाएगा। 31 अगस्त संध्या साढ़े सात बजे से सुप्रसिद्ध प्रवचनकर्ता श्री श्री 108 ब्रजकिशोर चंद्र महाराज के द्वारा भक्ति एवं संगीत मय प्रवचन का आयोजन किया गया है। 6 अगस्त को हवन उपरांत संध्या में मूर्ति विसर्जन किया जाएगा। मौके पर द्वारिका मिश्रा,हिरेश प्रसाद , बैजनाथ मिश्रा, कौशल मिश्रा, सेवानिर्वित शिक्षक श्यामनंदन पाठक ,लोटन पांडे, बबन मिश्रा, सुरेन्द्र प्रसाद, रूपेश प्रसाद, उप मुखिया अनारिक राम, दयानंद पांडे तथा सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

# हेडमास्टर की लापरवाही से राजकीय कृत उत्तक्रमित मध्य विद्यालय मदनपुर 117 छात्र फेल



**छतरपुर/पलामू(आजाद सिपाही)।** शिक्षकों की लापरवाही से छतरपुर के कई इलाकों में छात्रों का भविष्य अधर में लटक गया है। ताजा मामला छतरपुर नगर पंचायत के मदनपुर का है जहां आंतरिक मूल्यांकन जमा नहीं होने के कारण राजकीय कृत उत्तक्रमित मध्य विद्यालय मदनपुर, छतरपुर के 8वीं कक्षा के 117 बच्चे फेल हो गए हैं। विद्यालय के एक शिक्षक ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि प्रकाशित रिजल्ट मार्जिनल जारी किया गया है, जिसके लिये हेडमास्टर जिमेवार हैं। रिजल्ट आने के बाद स्कूल के बच्चे और अभिभावक में काफी रोष व्याप्त है। इसकी सूचना पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष पद के प्रत्याशी अरविंद गुप्ता चुनमुन को मिली वे तुरंत मदनपुर गांव जाकर बच्चों और उनके अभिभावकों की समस्या से अवगत हुए। तत्काल बीईओ और बीपीएम से उन्होंने बात की। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि हेडमास्टर को शो कॉज कर जल्द ही आंतरिक मूल्यांकन के पेपर जैक में भिजवाया जायेगा।चुनमुन ने विद्यालय प्रबंधन को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि यह स्कूल प्रबंधन की घोर लापरवाही है। जल्द ही अगर परीक्षाफल सुधार कर प्रकाशित नहीं किया गया तो ग्रामीणों के साथ सड़क जाम कर विरोध प्रदर्शन होगा। परीक्षाफल प्रकाशन की जानकारी के बाद मदनपुर बाजार में सैकड़ों लोग इकट्ठा हो गए। लोगों ने स्कूल प्रबंधन एवं विद्यालय के प्राचार्य के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मौके पर अरविंद ने यह कहा कि स्कूल में किसी भी तरह की मनमानी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। लोगों के अनुसार यजी मामला केवल मदनपुर का ही नहीं है बल्कि कई ऐसे स्कूल हैं जहां के बच्चों का भविष्य स्कूल की लापरवाही से अधर में लटक गया है। मदनपुर में इस मौके पर जितेंद्र राम, वासुदेव राम,(पूर्व मुखिया) हरिचंद्र साव,शोभी यादव, कर्मदेव पासवान, कामेश्वर पासवान, उमेश राम,धनंजय पासवान, रामनरेश राम, करमू ठाकुर, नंदू साव, शिवनाथ साव,राजेश यादव,गणेश साव, सुदेश राम सहित स्कूल के दर्जनों बच्चे और सैकड़ो ग्रामीण मौजूद थे।

# अंकिता मामला: विधायक कमलेश कुमार सिंह ने आरोपी को फांसी देने की मांग की



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद के विधायक सह एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने अंकिता मामले में आरोपियों को फांसी की सजा देने की मांग की है। उन्होंने कहा है की इस तरह के जुर्म फांसी से कम मंजूर नहीं है। श्री सिंह ने कहा कि शाहरुख और मो. नईम ने जो जघन्य घटना को अंजाम दिया है, उसे सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए। फांसी की सजा होनी ही चाहिए। ताकि आगे इस तरह की घटना दोबारा नहीं घटे। उन्होंने कहा कि बेटियों पर इस तरह की घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस मामले में एसआईटी का गठन हो चुका है। अंकिता के परिजनों को इंसाफ दिलाने के लिए एनसीपी सड़क से संसद तक आवाज बुलंद करेगी। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि अंकिता की जान बचाई जा सकती थी। सरकार को उसे समय रहते एयर एंबुलेंस से बाहर भेजना चाहिए था। उन्होंने कहा की चतरा की काजल पर एसिड अटैक की घटना घटी है। उन्हे एयर लिफ्ट कर भेजा जा रहा है। गत दिनों रांची में महिलाओं से संबंधित दो घटनाएं घटी हैं। अन्य जिलों से भी हर दिन अत्याचार की खबरें मिल रही है। सरकार को उसे गंभीरता से लेने की जरूरत है। इस तरह की घटनाओं से लड़कियों का मनोबल कम होता है। जिसे एनसीपी बर्दाश्त नहीं करेगी।

**महादलितों को उजाड़ना गलत**

पलामू के पांडु थाना क्षेत्र के मुरुमातु में जिस जगह से महादलित समुदाय के लोगों को उजाड़ा गया है। यह सरासर गलत है। विधायक कमलेश कुमार सिंह ने इस मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि जिन लोगों को उजाड़ा गया है, उन्हें जिला प्रशासन उसी जगह पर बसाए।

## पलामू के युवक ने रक्तदान कर छत्तीसगढ़ की महिला की बचाई जान



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** शहर के भगवती अस्पताल में भर्ती महिला मरीज रामानुजगंज छत्तीसगढ़ निवासी किरण देवी को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता होने पर सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा के आग्रह पर वेद प्रकाश तिवारी ने रक्तदान कर मरीज की जान बचाई । मालूम हो कि रामानुजगंज छत्तीसगढ़ से इलाज कराने मेदिनीनगर आई महिला को ओ पॉजिटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने पर सनातन सेना के प्रदेश संगठन मंत्री नवीन तिवारी ने पलामू प्रमंडल में रक्तदान महादान के क्षेत्र में सक्रियता के साथ विगत आठ वर्षों से रक्तदान महादान जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर उक्त महिला मरीज को रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया। सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने संस्था के सक्रिय सदस्य ओढ़नार निवासी वेद प्रकाश तिवारी से रक्तदान कराकर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। पेशे से सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा ने बताया कि रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप, अब लोग जागरूक होकर रक्तदान करने की एक अपील पर लोगों की जान बचाने का कार्य कर रहे हैं। बल्ड बैंक में रक्त समूह की मात्रा की कमी नहीं हो, रक्त के जरूरतमंद मरीजों को सरलता पूर्वक रक्त उपलब्ध हो सके इसके लिए धीरज मिश्रा ने सभी राजनीतिक सामाजिक धार्मिक व्यवसायिक संगठनों से रक्तदान शिविर का आयोजन करने का अपील किया है । सनातन सेना के प्रदेश संगठन मंत्री नवीन तिवारी ने रक्तदान महादान के प्रति सराहनीय कार्य को लेकर धीरज मिश्रा का आभार प्रकट करते हुए कहा कि सनातन सेना सामाजिक कार्यों में हर संभव अपना सहयोग प्रदान करेगी । इस अवसर सनातन सेना के छोटू त्रिपाठी,गुड्डू वर्मन मौजूद रहे ।

## भाजपा ग्रामीण मंडल ने अंकिता को दी श्रधांजलि



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** भाजपा ग्रामीण मंडल मेदिनीनगर के नेतृत्व में रेड़मा चौक पर झारखंड की बेटी अंकिता को श्रद्धांजलि अर्पित किया गया। साथ ही सरकार से मांग किया गया कि हत्यारे को जल्द से जल्द फांसी दी जाए। सभा को संबोधित करते हुए मंडल अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय ने कहा कि झारखंड में इस तरह की घटनाएं लगातार हो रही है। परंतु हेमंत सरकार तुष्टीकरण की राजनीति करने में व्यस्त है। अंकिता को यदि बेहतर उपचार मिला होता तो शायद आज अंकिता हम सबके बीच होती। जिला महामंत्री श्याम बाबू ने कहा कि जल्द से जल्द हत्यारे को फांसी की सजा दी जानी चाहिए। जब तक हत्यारे को सजा नहीं मिलती है भारतीय जनता पार्टी लगातार विरोध प्रदर्शन करती रहेगी। आज ऐसी कई घटनाएं लगातार घटित हो रही है।परंतु निकम्मी सरकार जिहादियों के साथ मिलकर एकतरफा कार्रवाई करती है। भाजपा जिला अध्यक्ष विजयानन्द पाठक ने कहा कि सरकार यदि अपनी नीति नहीं बदली तो भाजपा ईट से ईट बजा देगी। निकम्मी हेमंत सरकार को तत्काल गद्दी से बाहर होना चाहिए यह सरकार सिर्फ लूटने में व्यस्त है।झारखंड के लोगों में त्राहिमाम मचा हुआ है।भूख, बेरोजगारी, उग्रवादी, जिहादी लगातार इस तरह की घटनाएं को अंजाम दे रहे हैं।हेमंत सरकार सिर्फ एक धर्म विशेष के लिए राजनीति करती है।कार्यक्रम में प्रदेश मंत्री विवेक भवानी सिंह, अविनाश वर्मा, धर्मेंद्र उपाध्याय, श्याम बाबू, सुरेंद्र विश्वकर्मा, जिला सोशल मीडिया संयोजक सोमेश सिंह, किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, मंडल अध्यक्ष अविनाश सिन्हा, ग्रामीण मंडल उपाध्यक्ष छोटू सिंह, आशीष सिंह, शुभक तिवारी, बंटी सिन्हा, अमर मिश्रा, प्रभात तिवारी,दीपक सिंह,रविंद्र तिवारी, आशीष कुमार दुबे, सौरभ सिंह एवं काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## विशेष समुदाय के लोगों ने मानवता को किया शर्मशार : विभाकर नारायण पांडे



**मेदिनीनगर(आजाद सिपाही)।** पलामू जिले के पांडु प्रखंड अंतर्गत मुरुमातु गांव में पिछले चार दशकों से रहने वाले मुसहर जाति के 50 परिवारों को विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा मारपीट कर बेघर कर देने का मामला सामने आया है। भाजपा के नेता एवं प्रदेश कार्यसमिति सदस्य विभाकर नारायण पांडे,प्रदेश युवा मोर्चा अध्यक्ष किसलय तिवारी, पूर्व महामंत्री उपेंद्र सिंह, युवा मोर्चा महामंत्री विपुल गुप्ता एवं अन्य भाजपा कार्यकताओं ने मुरुमातु गांव जाकर घटनास्थल का निरीक्षण किया एवं विस्थापित पीड़ित परिवारों से मुलाकात की। पीड़ितों ने प्रतिनिधिमंडल को जानकारी दी कि हम सभी चार दशक से उस स्थान पर घर बनाकर रह रहे हैं सरकार द्वारा हमें बंदोबस्ती पटा दिया गया है। दिनांक 29-08-22 को एक विशेष समुदाय के द्वारा हमें बेघर कर दिया गया एवं मारपीट एवं गाली-गलौच कर हमें भगा दिया गया।मौके पर भाजपा नेता विभाकर नारायण पांडे एवं प्रदेश युवा मोर्चा के अध्यक्ष किसलय तिवारी ने कहा कि दलितों पर एक विशेष समुदाय के लोगों के द्वारा अत्याचार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।मुसहर जाति के लोगों के लिए जंग लड़ते रहेंगे जब तक प्रशासन द्वारा उन्हें स्थापित नहीं कर दिया जाता। द्वय नेताओं ने कहा विशेष समुदाय के लोगों को अगर कोई कठिनाई है तो उन्हें न्यायालय की शरण में जाना चाहिए ना कि इस तरह का अमानवीय व्यवहार करना चाहिए हेमंत सरकार में लगातार दलितों पर अत्याचार हो रहे हैं जोकीन की विफलता को दर्शार्ता है। जहां देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बेघरों को घर उपलब्ध करा रहे हैं वहीं दूसरी ओर विशेष समुदाय के द्वारा लोगों को बेघर किया जा रहा है।

## बच्चों को रड से दागने का दोषी प्राचार्य गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहर के मुख्य बाजार क्षेत्र में संचालित निजी विद्यालय लक्ष्मी शिशु वाटिका प्ले स्कूल में प्राचार्य शशिकेस कश्यप के द्वारा यूकेजी कक्षा में पढ़ने वाले एक मासूम बच्चे को लोहे के गर्म रॉड से शरीर के पिछले हिस्से में दागने के मामले में दोषी प्राचार्य को पुलिस ने गिरफ्तार कर बुधवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। एसडीपीओ पूज्य प्रकाश ने बताया कि उक्त स्कूल के प्राचार्य के द्वारा अन्य छात्रों के साथ इस तरह के घटना को अंजाम दिया गया है। जो जघन्य अपराध की श्रेणी में आता है। प्ले स्कूल में इस तरह के जिम्मेदार प्राचार्य सह व्यवस्थापक के द्वारा बच्चों के इस तरह कार्य करने से शिक्षा जगत को शर्मशार करने वाली घटनाओं की जितनी निंदा की जाए वह कम है। वैसे पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करते हुए उसे जेल भेज दिया गया है। साथ ही पुलिस सभी बिंदुओं पर अनुसंधान कर रही है।

## वार्ड पार्षद सुषमा गुप्ता ने किया धोती-साड़ी का वितरण



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** हुसैनाबाद शहरी क्षेत्र के वार्ड पांच में बुधवार को मुख्यमंत्री सोना सोबरन धोती-साड़ी योजना के तहत गरीब ग्रामीणों के बीच साड़ी और धोती का वितरण किया गया। मौके पर वार्ड पांच के पार्षद सुषमा गुप्ता , सांसद प्रतिनिधि श्रवण अग्रवाल व भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने ग्रामीणों को धोती और साड़ी देते हुए कई योजनाओं की जानकारी दी।मौके पर वार्ड पार्षद सुषमा गुप्ता ने नगर पंचायत द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी देते हुए जागरूक किया। साथ ही योजनाओं का लाभ लेने के लिए आगे आने का आह्वान किया।उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को सुलभ तरीके से क्षेत्र की जनता के बीच पहुचाना हमारी प्राथमिकता है।मौके पर वार्ड पांच के जनवितरण प्रणाली दुकानदार विश्वनाथ सिंह,नीला कुँवर, ममता देवी,रमपतिया कुँवर,दुर्गा साह, शिव नारायण साह, जमशेद आलम,सलमा खातून समेत दर्जनों लाभुक मौजूद थे।

# स्पोर्ट्स



एमएस धोनी ने मेरे विकास में एक बड़ी भूमिका निभाई है। जब भी मुझे मौका मिलता, मैं उन्हें देखता और चीजें सीखता था।

# एमएस धोनी ने मेरे विकास में एक बड़ी भूमिका निभाई है : हार्दिक पांड्या



**दुबई।** स्टार भारतीय ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने बुधवार को कहा कि दिग्गज विकेटकीपर और पूर्व भारतीय कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी ने उनके विकास में बड़ी भूमिका निभाई। हार्दिक पांड्या का यह साल काफी शानदार रहा है। इस साल उन्होंने बल्ले और गेंद दोनों के साथ शानदार प्रदर्शन किया है। पाकिस्तान के खिलाफ एशिया कप 2022 के पहले मैच में उन्होंने 3 विकेट लेने के साथ ही 17 गेंदों में 33 रन बनाकर भारतीयटीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसके अलावा उनकी कप्तानी में गुजरात टाइटंस ने अपने पहले सीजन में ही ला इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का खिताब भी जीता। पांड्या ने खेल चैनल स्टार स्पोर्ट्स पर कहा, ‘मैं जीवन और खेल के बारे में नई चीजें सीखने की कोशिश कर रहा एक नया बच्चा था। एमएस धोनी ने मेरे विकास में एक बड़ी भूमिका निभाई है। जब भी मुझे मौका मिलता, मैं उन्हें देखता और चीजें सीखता था। जिस तरह की मानसिकता और ज्ञान उन्होंने मुझे दिया वह मैदान पर मेरे व्यक्तित्व में झलकता है। पांड्या ने कहा कि उनकी असफलताओं ने उन्हें अपनी भूमिका को बेहतर ढंग से समझने और यह पता लगाने में मदद की कि वह किन भूमिकाओं में अच्छे हैं, वे अपनी भूमिकाओं में कैसे बेहतर हो सकते हैं।

# पांच दिनी एतवा उरांव फुटबॉल टूनामेंट आज से

## आनंद फैशन और संत जेवियर के बीच होगा उद्धाटन मैच

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रांची ।** शहीद एतवा उरांव स्मारक न्यास और युवा विकास क्लब, बुढ़ाखुखरा (मांडर) के संयुक्त तत्वावधान में पांच दिनी शहीद एतवा उरांव फुटबॉल टूनामेंट-2022 का उद्घाटन एक सितंबर, 2022 को दिन के 10 बजे से होगा। टूनामेंट का फाइनल पांच सितंबर को होगा। खेल प्रभारी फ्रांसिस जेवियर खलखो और मो. साकिब ने बताया कि रांची जिला अंतर्गत मांडर प्रखंड के बुढ़खुखरा स्थित खेल मैदान में आयोजित फुटबॉल टूनामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि नौशाद आलम, ग्रामीण आरक्षी अधीक्षक, रांची झारखंड, विशिष्ट अतिथि अनिमेष नैथानी, आरक्षी उपाधीक्षक, खलारी, रांची व विशिष्ट अतिथि विनय यादव, मांडर थाना प्रभारी करेंगे। इसके अलावा मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहेंगे। टूनामेंट में कुल 32 टीमें शामिल होंगी। एक सितंबर को उद्धाटन मैच (ग्रुप ए) आनंद फैशन वर्ल्ट बीजूपाड़ा और संत जेवियर इंटर कॉलेज मांडर मिशन के बीच होगा। इसके आलावा फैज क्लब मुड़मा व छोटा नागपुर यूनियर क्लब, एसएस चांजनी चौक व एनएफसी पोखरटोली, केएमटीएफसी कंजिया व टीवाएस शोरूम मांडर सहित कुल सात मैच खेले जाएंगे।

## डिगवाडीह कार्मेल स्कूल में आयोजित दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता का समापन



**झरिया (आजाद सिपाही)।** डिगवाडीह कार्मेल स्कूल में खेल दिवस पर आयोजित दो दिवसीय खेलकूद प्रतियोगिता का समापन टीचर्स वर्सेस स्टूडेंट के बीच बास्केटबॉल मैच के साथ हुआ। जिसमें दोनों टीमों का नाम 'टीम उत्तर-टीम पूर्व' रखा गया था। टीम उत्तर (टीचर्स) ने टीम पूर्व (स्टूडेंट्स) से मुकाबला में 8/4 से जीत हासिल की साथ ही साथ स्टूडेंट्स के बीच में लबोरी (पिट्ठू) गेम का भी आयोजन किया गया। जिसमें चार टीम बनाई गई थी। इन चारों टीम का नाम शांति, नीति, प्रीति, और ज्योति रखा गया था। इन चारों के बीच शानदार मुकाबला रहा और इस मुकाबले में सबसे अव्वल ज्योति की टीम ने टीम नीति से 15/9 पॉइंट से जीत हासिल की। वहीं प्राचार्य सिस्टर सिलवी एवं उपप्राचार्य सिस्टर प्रिस्का ने सभी टीमों को बधाई दी व हौसला बढ़ाया।

### फुसरो के दुर्गा मंदिर प्रांगण में हुआ पेवर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास

# आरोप लगाकर विकास कार्य को बाधित करना ही विपक्षियों की मंशा : राकेश सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**फुसरो/बेरमो।** फुसरो नगर परिषद की ओर से वार्ड संख्या 23 अंतर्गत बैंक मोड फुसरो स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में विकास कार्य को लेकर लगभग 12 लाख रुपये की लागत से पेबर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास किया गया। शिलान्यास नप अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह, उपाध्यक्ष छेदी नोनिया ने संयुक्त रूप से किया। यह कार्य आकाश मिश्रा द्वारा किया जायगा। यहां पंडित श्रीकांत पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कर शिलान्यास करवाया। इस दौरान नप अध्यक्ष ने कहा कि दुर्गा पूजा को देखते हुए दुर्गा मंदिर प्रांगण में पेवर ब्लॉक



पेबर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास करते नप अध्यक्ष राकेश सिंह व अन्य

कार्य का शिलान्यास परस्पर किया जा रहा है। उसी के तहत आज न्यू स्टार क्लब फुसरो में पेवर ब्लॉक कार्य का शिलान्यास किया गया। उन्होंने कहां कि सभी जगह पेवर ब्लॉक का कार्य दुर्गा पूजा के पूर्व पूरा किया जाएगा। सांसद प्रतिनिधि द्वारा आरोप लगाए जाने पर उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों की हमेशा मंशा रही है कि हम लोगों पर आरोप लगाकर विकास के कार्यों को बाधित करना। कहा कि सांसद प्रतिनिधि ने जो भी आरोप लगाए है वो निराधार हैं। उन्होंने जहां फोटो डाली है वहां प्रतिदिन 11 बजे सफाई की जाती है। वह केवल आलोचना करने के लिए फोटो खींचकर सोशल मीडिया में डाले हैं। कहा कि विपक्षियों की इस तरह के रवैया से हमलोग घबड़ाने वाले नहीं हैं।

नप अध्यक्ष ने कहा कि बड़ा नाला बनवाने के लिए हम लोग निरंतर प्रयासरत हैं। यहां के पूर्व पांच बार के सांसद रविंद्र पांडेय को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि उन्होंने भी इस मुद्दे पर संज्ञान लिया है। उन्होंने कहा था कि इसमें हमलोग आम सहमति बनाकर जो भी शुल्क लगता है उसे देकर बड़ा नाला बनवाने का कार्य करेंगे। लेकिन उसी बैठक में पूर्व विधायक मुआवजे की बात उठाकर योजना को लटकाने की कोशिश करने लगे। उन्होंने कहा कि बेरमो के विधायक अनूप सिंह भी इस पर काफी सक्रिय हैं। उन्होंने कहा है कि बोर्ड में की बैठक में इसे पारित कर यह तय करें कि किसे कितना मुआवजा देना है। मौके पर वार्ड पार्षद नीरज पाठक, भरत वर्मा, मंदिर कमेटी के विजय सिंह, नरेंद्र सिंह, शिव सिंहा, घनश्याम प्रसाद, मनोज गुप्ता, धमेंद्र सिंह, मनोज शर्मा, कृष्ण कुमार चांडक, रवि छाबड़ा, दिलीप सिंह, संवेदक अकाश मिश्रा, राहुल मिश्रा आदि थे।

## एक्टू जिला कमेटी की बैठक में लिए गए कई निर्णय



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** एआईसीटीयू(एक्टू)के जिला कमेटी की बैठक बुधवार को जुनकुदर कल्याण केंद्र में आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह व संचालन जिला सचिव कार्तिक प्रसाद ने किया। एक्टू के राज्य कमेटी के महासचिव कॉमरेड शुभुंदू सेन ने कहा कि देश में आर्थिक, निजीकरण एवं मजदूर विरोधी नीतिओं के सवाल पर देश के पक्ष-विपक्ष दोनों दुर्भाग्यवश सहमती में है। इसका विरोध केवल कम्युनिस्ट पार्टियां ही कर रही है। इसी तरह ट्रेड यूनियनों की स्थिती भी वही है। इस तरह की स्थिति आजादी के बाद पहली बार देखने को मिल रही है। पीएम मोदी व गृह मंत्री अमित शाह की जन विरोधी नीतिओं के खिलाफ कम्युनिस्ट आंदोलन के साथ मजदूर मोर्चे को बेहतर भागीदार बनाने का समय है। भाजपा सरकार के खिलाफ में विपक्ष गोलबंद हो रहे हैं और आंदोलन भी तेज किया जा रहा हैं। बैठक के माध्यम से निर्णय लिया गया कि भाकपा माले के 11वां महाधिवेशन की तैयारी में एक्टू से संबंधित सारे संगठिन-असंगठित मोर्चे पर बड़े दायरे में सदस्यता व सांगठनिक कामो को पूरा कर लेना है। शहीद भगत सिंह की जयंती के अवसर पर 28 सितंबर को आर्थिक नीति, निजीकरण, श्रम कानून के सवाल पर रांची में एक्टू के नेतृत्त्व में रैली होगी। उसमें धनबाद जिला से बड़ी बड़ी संख्या में कार्यकर्ता-समर्थक भाग लेंगें। वहीं दुमका की बेटी अंकिता सिंह के हत्यारों व झारखंड की बेटी के शारीरिक शोषण करने वाली भाजपा नेत्री सीमा पात्रा को कठोर से कठोर सजा देने की मांग की गई। इस मौके पर कृष्णा सिंह, नागेन्द्र कुमार, हरेन्द्र सिंह, मनोरंजन मलिक, नकुलदेव सिंह, लक्ष्मीनारायण दास, काशी कोयरी, सत्येन्द्र चौहान, संजीत राऊत, मुन्ना चौहान, नगेन महतो, मानिक मंडल, जितेंद्र शर्मा, मो मुख्तार, नौरेन राखा, विजय चौहान, जमुना शर्मा, सुनील महतो आदि सदस्य उपस्थित थे।

## भाकपा बेरमो अंचल परिषद का 16 वां सम्मेलन संपन्न



**बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)।** भाकपा बेरमो अंचल परिषद का 16 वां सम्मेलन बुधवार को बोकारो थर्मल क्लब में संपन्न हुआ। सम्मेलन की शुरूआत झंडोत्तोलन एवं सहिद बेदी पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर भाकपा नेता पंचानंद कुमार एवं चंद्रशेखर झा ने कहे कि विगत चार वर्षों के बाद यह सम्मेलन हो रहा है। इन चार वर्षों में कोरोना काल के दौरान कई लोगों ने अपनी जान गवाई। इसके बावजूद पार्टी मजदूर एवं बेरोजगारों के हित में सराहनीय कार्य करती रही। पार्टी के सभी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी बधाई के पात्र हैं। आज बोकारो थर्मल में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी बेरमो अंचल परिषद का 16वां अंचल सम्मेलन संपन्न होने जा रहा है। वहीं अंचल मंत्री ब्रज किशोर सिंह ने कहा कि सम्मेलन मे पार्टी को मजबूत बनाने के साथ साथ देश के वर्तमान राजनीतिक हालात पर चर्चा होगी। देश में बेतहाशा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, मजदूर विरोधी, किसान विरोधी नीतियों के खिलाफ चर्चा के साथ ही आंदोलन करने का फैसला लेंगे। साथ ही केंद्र सरकार की जमकर आलोचना करने हुए वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार मजदूर एवं गरीब बिरोधी है। सम्मेलन को लखन लाल महतो, आफताब आलम खान, जानकी महतो, मो सजहां अंसारी, रामेश्वर साव, गुलाब चंद महतो, बीएन महतो, नवीन कुमार पाठक आदि ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राजकिशोर प्रसाद सिंह, गुलाब महतो, पप्पू शर्मा, घनश्याम रजक और नवीन पाठक सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बीसीसीएल और धनबाद वासियों पर बरसती रहे गणपति की कृपा : समीरन



**धनबाद (आजाद सिपाही)।** कोयलांचल में प्रथम पूज्य भगवान गणेश पूजा की धूम है। गणेश चतुर्दशी के मौके पर धनबाद के दर्जनों स्थानों पर निर्मित पूजा पंडालों के साथ घरों में भगवान गणेश की प्रतिमा स्थापित की गई। बीसीसीएल सीएमडी आवास पर भी गणेशोत्सव का आयोजन किया गया। जहां सभी एरिया के जीएम एवं उनकी पत्नी उपस्थित थे। बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता की पत्नी मिली दत्ता में पूजा अर्चना कर गणेशोत्सव की शुरूआत की। इस दौरान आशा दुबे, पूर्णिमा गोयल, पूर्णिमा दत्ता चित्रा शाह, नीरू सिन्हा, निभा पांडे, शिखा दास, शोभा मलिक, कविता विकास, चंचला किशोर, अर्चना कुमारी उपस्थित थीं। साथ ही सीआईएसएफ के डीआईजी विनय काजला,जीएम कोऑर्डिनेशन पी चंद्रा,जीएम सिजुआ जितेंद्र मलिक, जीएम कुसुंडा ए गोयल, जीएम सह कतरास एरिया डायरेक्टर टेक्निकल कोले सहित कई अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे। बीसीसीएल सीएमडी समीरण दत्ता ने कहा हम सभी इस वर्ष अपने आवास में धूमधाम से गणेशोत्सव मना रहे है।

# विकास का प्रतीक है करम पर्व : राजेश महतो

आजाद सिपाही संवाददाता

**बोकारो।** करम पर्व पूर्णतः कृषि सभ्यता पर आधारित है जो खास कर छोटा नागपुर पठार के अंतर्गत निवास करने वाले किसान वर्ग में काफी हर्ष उल्लास के साथ मनाये जाने वाला महत्वपूर्ण पर्व है। उक्त बातें महतो मोटेल में आयोजित प्रेस वार्ता में जिला परिषद राजेश महतो ने कहीं। उन्होंने कहा कि कृषि एक करम है जो संसार के प्रायः सभी जीवों के जीवन यापन में एक महत्वपूर्ण विकल्प के तौर पर देखा जाता है। इस त्योहार के माध्यम से बहन अपने भाई को बताती हं कि कृषि कर्म में कौन सा बीज कितना दिन में अंकुर लेता है और उसकी देखभाल कैसे करनी चाहिए। यह करने से उसको क्या फायदा होगा ये सब जानकारी बहनें जावा





कार्यक्रम की जानकारी देते कमेटी से जुड़े लोग।

उठाकर नौ दिन तक उसकी देखभाल और विभिन्न प्रकार के पुरखेनि गीतों के माध्यम से भाइयों को देती है और बताती है कि यही तुम्हारा कर्म है ।

जावा उठाने वाली बहनों को करमइति या जावाक माइ के नाम से संबोधित किया जाता है क्योंकि वह कुंवारी अवस्था से ही अपने मातृशक्ति को प्राप्त व पालन करने की कार्य करती है। नौ प्रकार के विभिन्न बीजों को वह नदी के बालू के साथ डाली या टुपा बोती है। उसका लालन-पालन करती है। यह फ्रॉक मूल रूप से कहां जाए तो यहां पर आओ कृषि सभ्यता के उद्भव एवं विकास से जुड़ा हुआ पर्व है जो हजारों वर्ष पूर्व किस प्रकार से नदी के किनारे इसी सभ्यता का विकास हुआ था उसके जीवन गाथा इस त्येहार के साथ जुड़ा हुआ है। वर्तमान समय में बहुत सारे लोग कर्मा धर्मा नामक मनगढ़ंत कहानियों को इस पर्व से जोड़कर देखते हैं जो कि पूर्णतः कल्पनिक है।

इस पर्व के महत्व का संदेश देने के लिए आगामी चार सितंबर को विशाल करम जुलूस बृहद झारखंड कला संस्कृति मंच की ओर से डहरे करम बेड़हा का आयोजन किया गया है। आईटीआई मोड़ चास से नया मोड़ बिरसा चौक बोकारो तक विशाल जुलूस निकाला जाएगा। उक्त कार्यक्रम में गांव घर से हजारों की संख्या में लोग अपना पारंपरिक परिधान के साथ साथ पारंपरिक वाद्य यंत्र ढोल ,नगाड़ा ,मांदर झुमका ,बांसी आदि के साथ जुलूस में शामिल होंगे।

## घोड़ामुर्गा शिव मंदिर में एक-दूजे के हुए प्रेमी युगल

**धनबाद (आजाद सिपाही)।** घोड़ामुर्गा शिव मंदिर में बुधवार को ग्रामीणों ने समाज की उपस्थिति में एक प्रेमी युगल का विवाह संपन्न कराया। मुखिया धनंजय गोप और बसपा नेता सुबल दास की पहल पर दोनों की शादी हुई। जानकारी के मुताबिक घोड़ामुर्गा गांव निवासी मनोज गोप के पुत्र करण गोप का प्रेम प्रसंग गांव के ही दुलाल गोप की पुत्री पुतुल कुमारी से चल रहा था। जिसकी खबर होने पर समाज की उपस्थिति में दोनों का विवाह करा दिया गया।

# ट्रेन की चपेट में आकर युवक की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**चिरकुंडा।** कुमारधुबी ओपी अंतर्गत कुमारधुबी रेलवे स्टेशन से महज कुछ ही दूरी पर बुधवार की शाम मानसिक रूप से विक्षिप्त पेशे से ठेला चालक खुदबुद्दीन उर्फ लाडो नामक युवक की मौत हो गई। वह कुमारधुबी स्टेशन के आउटर सिग्नल पोल232/18 संख्या संख्या के पास जम्मूतवी सियालदाह एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आ गया। इसकी सूचना पाकर जीआरपी एवं कुमारधुबी पुलिस मौके पर पहुंच शव को पोस्टमार्टम के लिए धनबाद भेज दिया। जानकारी के अनुसार मृतक लाडो



ठेला चलाकर अपना जीवन यापन कर रहा था। लेकिन कुछ दिनों से उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहने के कारण वह इधर-उधर भटक रहा था। घटना की सूचना पाकर घटनास्थल पर पहुंचे परिजनों ने बताया कि उसका भाई पिछले कई दिनों से मानसिक रूप से बीमार था। बुधवार सुबह आठ बजे से ही वो घर से निकला था शाम में खबर मिला की ट्रेन की चपेट में आकर किसी की मृत्यु हो गई। जब वे लोग वहां पहुंचे तो देखा की उसके छोटे भाई की ही मौत हो गई है। मृतक शादीशुदा है वो अपने पीछे अपनी पत्नी छोड़ गया है। वहीं मृतक की पत्नी का रो रोकर बुरा हाल है।

### पाटलिपुत्र मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल में 'श्रीनिवास ब्लड सेंटर' का उद्घाटन

# जरूरतमंदों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने में मददगार साबित होगा ब्लड सेंटर : सुमंत

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** पाटलिपुत्र मल्टीस्पेशलिस्ट अस्पताल में श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसायटी द्वारा संचालित 'श्रीनिवास ब्लड सेंटर' का बुधवार को उद्घाटन किया गया। झारखंड सरकार के एफडीए विभाग के रिजीनल निदेशक सुमंत कुमार तिवारी एवं धनबाद के सिविल सर्जन डॉ अलोक विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से सेंटर का उद्घाटन किया। इसके बाद मुख्य अतिथियों ने ब्लड सेंटर परिसर का जायजा लिया। ब्लड बैंक में अत्याधुनिक उपकरणो को देखा। इस दौरान सुमंत कुमार तिवारी ने कहा कि यह ब्लड सेंटर जरूरतमंद मरीजों को ससमय ब्लड उपलब्ध कराने में मददगार बनकर मिल का पत्थर साबित होगा। इस क्षेत्र के लोगों को भी इस ब्लड सेंटर के माध्यम से रक्त संबंधित



कार्यों में सहुलियत मिलेगा। वहीं, पाटलिपुत्र मल्टी स्पेश्यलिटी हॉस्पिटल के श्रीनिवास ब्लड सेंटर में मायुम ने रक्तदान शिविर का आयोजन किया। झारखण्ड मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय अध्यक्ष नंद लाल अग्रवाल एवं डॉ निर्मल ड्रोलिया ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ निर्मल ड्रोलिया, डॉ निखिल ड्रोलिया (ऑर्थोपीडिक सर्जन), प्रांतीय उपाध्यक्ष विवेक लिल्हा,पूर्व प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण गोयल,प्रांतीय मॅट्रिमोनी संयोजक पंकज ड्रुवानिया मंच के वरिष्ठ सदस्य दीपक लाडिया, श्रीनिवास ब्लड सेंटर के इंचार्ज आशुतोष झा, मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोल सिटी शाखा के अध्यक्ष विकाश पटवारी, सचिव नीरज अग्रवाल, कोषाध्यक्ष राकेश अग्रवाल, संयोजक प्रिंस कथूरिया, शिवशंकर चौधरी, विष्णु भीमसरिया, राहुल मजरिया शुशील मित्तल समेत कई सदस्य उपस्थित रहे। शिविर में सर्वप्रथम डॉ निखिल ड्रोलिया ने रक्तदान किया। इसके बाद कुल 21 यूनिट ब्लड संग्रह किया गया। जिसमें मारवाड़ी युवा मंच धनबाद कोल सिटी शाखा के सदस्यों, श्रीनिवास ब्लड सेंटर के कर्मियों एवं आमजनों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर नंद लाल अग्रवाल ने सेंटर के इंचार्ज आशुतोष झा को बधाई देते हुए कहा कि जोड़ाफाटक रोड में ब्लड सेंटर के खुल जाने से लोगों को सुविधा होगी। ब्लड के लिए दूर दराज भटकना नहीं पड़ेगा। वहीं, निर्मल ड्रोलिया ने बताया कि अब पाटलिपुत्र हॉस्पिटल कैंपस में ही ब्लड बैंक की सुविधा प्रदान की जा रही है। सभी को लाभ मिलेगा।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### अंकिता हत्याकांड के विरोध में धनबाद भाजपा ने निकाला जुलूस, जताया आक्रोश





**धनबाद (आजाद सिपाही)।** अंकिता हत्याकांड के विरोध में बुधवार को धनबाद के भाजपाईयों ने जुलूस निकाल कर विरोध जताया। इसका नेतृत्व विधायक राज सिन्हा, जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह आदि कर रहे थे। जुलूस रणधीर वर्मा चौक से लुबी सर्कुलर रोड होते हुए रणधीर वर्मा स्टेडियम पहुंचकर समाप्त हुई। इस दौरान विधायक राज सिन्हा ने झारखण्ड सरकार पर जमकर निशाना साधा। कहा कि सरकार अंकिता का ससमय इलाज ना करवाकर मौज मस्ती कर रही थी। वहीं, सत्ता पक्ष के एक विधायक ने अंकिता पर अनर्गल बयान भी दिया। उन्होंने मांग की कि सरकार इस डीएसपी को बर्खास्त करे जो अपराधी शाहरूख को बचाने की कोशिश कर रहा था। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर सरकार इस मामले को गंभीरता से नहीं लेती है तो आगे उग्र आंदोलन किया जाएगा।

### कापासारा आउटसोर्सिंग प्रबंधन के खिलाफ बिहार-बंगाल धौड़ा के ग्रामीणों ने खोला मोर्चा



**चिरकुंडा (आजाद सिपाही)।** निरसा थाना अंतर्गत ईसीएल के कापासारा आउटसोर्सिंग प्रबंधन की मनमानी के खिलाफ बुधवार को बंगाल-बिहार धौडा के ग्रामीण गोलबंद होकर आंदोलन का शंखनाद कर दिये। ग्रामीण आउटसोर्सिंग प्रबंधन द्वारा किए जा रहे हैवी ब्लास्टिंग से काफी परेशान और भयभीत हैं। ब्लास्टिंग के दौरान बड़े-बड़े पत्थर उड़कर उनके घर पर गिर रहे है, जिस कारण कई बार दुर्घटनाएं हो चुकी है। वहीं, घर के एस्बेस्टस टूट रहे हैं। इतना ही नहीं आउटसोर्सिंग प्रबंधन कोयला उत्पादन के लिए लगातार जमीन का अधिग्रहण कर उसकी कटाई कर रहा है, जिस कारण धोड़ा जाने वाली सड़क भी प्रबंधन ने काटना शुरू कर दिया है। धोड़ा के ग्रामीणों का कहना है कि वह उत्पादन के खिलाफ नहीं है, लेकिन जो पिछले 70-75 सालों से यहां लोग रह रहे हैं उसे कोलियरी प्रबंधन कहीं और बसाये अथवा उसके रहने का कोई इंतजाम करें। जब तक प्रबंधन इस पर ठोस पहल नहीं करता है तब तक रास्ता के साथ-साथ जमीन को काटने नहीं दिया जाएगा। जरूरत पड़ी तो आउटसोर्सिंग का उत्पादन भी ठप कर दिया जाएगा।

### लोदना कोलियरी कार्यालय में कागजातों की चोरी

**अलकडीहा (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल के लोदना कोलियरी कार्यालय में सेंधमारी कर कागजातों की चोरी कर ली गई। पीएफ सहित अन्य विभागों के कागजात की चोरी होने से हड़कंप मचा है। ड्यूटी पर तैनात छह कर्मियों पर प्रबंधन ने जांच शुरू कर दी। सभी पर गाज गिरना तय माना जा रहा है। बताते चलें कि चोरों ने बंद कारखाना के रास्ते कार्यालय में सेंधमारी की। घटना रविवार की रात की है। सभी कागजात बंडल में बांध कर रखे हुए थे। छह कर्मियों की ड्यूटी रहती है। कर्मियों ने बताया कि चोर केवल कागजात लेकर गए हैं। बाकी सामान को हाथ तक नहीं लगाया है। केवल कागजातों की चोरी होना चर्चा का विषय है। कहीं घपले घोटाले से तो नहीं जुड़ा है। प्रबंधन इस पर चुप्पी साधे हुए है। ड्यूटी पर तैनात संजय राय, कृष्णा प्रसाद सरदार, जियारत अंसारी, उमेश दुसाध, सुरेश दुसाध और रामप्रवेश सभी कर्मियों के ऊपर प्रबंधन ने कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। कर्मियों ने कहा कि कार्यालय के समीप लाइट की व्यवस्था नहीं है। प्रबंधन का कहना है कि पुराने कागजात थे। वैसे पता किया जा रहा है कौन-कौन से कागजात की चोरी हुई है।

### मैनुअल ट्रक लोडिंग सहित नौ सूत्री मांग को लेकर बस्ताकोला प्रबंधन और झाकोमयू के बीच वार्ता



**भगतडीह (आजाद सिपाही)।** बस्ताकोला परियोजना कोल डंप में मैनुअल ट्रक लोडिंग शुरू करने सहित 9 सूत्री मांग को लेकर बुधवार को प्रबंधन और झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के बीच वार्ता हुई। जिसमें यूनियन समर्थकों में बस्ताकोला डंप में ट्रक लोडिंग का कार्य शुरू करने की मांग की। साथ ही कहा कि परियोजना के आसपास रहने वाले सैकड़ों लोग बेरोजगार हैं। ट्रक लोडिंग चालू होने से लोगों को रोजगार मिलेगा। प्रबंधन की ओर से परियोजना पदाधिकारी एके शर्मा ने कहा कि पूर्व में मैनुअल ट्रक लोडिंग शुरू करने के लिए डीओ ऑफर भेजा गया था पर विभिन्न यूनियन समर्थकों के आपसी विवाद के कारण ट्रक लोडिंग शुरू नहीं हो सका। अगर सभी यूनियन के लोग आपसी समझौता कर ट्रक लोडिंग शुरू करें तो कही परेशानी नहीं होगी। वहीं वार्ता में प्रदूषण, पेयजल आपूर्ति, बिजली में लो वोल्टेज आदि समस्याओं पर भी चर्चा हुई। उधर, परियोजना पदाधिकारी ने सभी मांगों पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर बीसीसीएल जोनल अध्यक्ष हराधन रजवार, नकुल चंद्र महतो, उमाशकर चौहान, प्रभास सिंह, लक्ष्मण चौहान, कंचन कुमार, गणेश कुमार निषाद, भोला पासवान, मधुसूदन रजक, कृष्णा चौहान, मोहम्मद सरफराज, रेखा पासवान सहित दर्जनों असंगठित मजदूर मौजूद थे।

### सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी गयी भावभीनी विदाई



**कतरास (आजाद सिपाही)।** बीसीसीएल कतरास क्षेत्रीय सभागार में मंगलवार को कतरास क्षेत्र के 14 सेवानिवृत कर्मचारियों को एक सादा समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गयी। सभी कर्मियों को माला पहनाकर उन्हें उपहार भेंट किया गया । महाप्रबंधक एके सिंह ने कर्मियों के कार्यकलापों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी कर्मियों को ट्रॉली बैग , चांदी का सिक्का, घड़ी, शॉल और मिठाई दिया गया। इस मौके पर अवर महाप्रबंधक सुधाकर प्रसाद, क्षेत्रीय कार्मिक प्रबंधक सुरेंद्र भूषण, राणा संतोष सिंह, सौरभ सिंह, विवेक खोडियार, प्रियंका कुमारी, रामरूप गोप एंव यूनियन के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

## बीजेपी ने शुरू की विधानसभा चुनावों की तैयारी

# हर राज्य में मोदी ही होंगे भाजपा का स्टार चेहरा, सर्वे में स्टेट लीडरशिप फेल



### जहां विपक्ष में भाजपा, वहां भी मोदी का ही चेहरा

जिन राज्यों में भाजपा विपक्ष में है वहां भी पार्टी मोदी के चेहरे के साथ सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ेगी। सूत्रों का कहना है कि पार्टी के आंतरिक सर्वे में कोई मौजूदा सीएम ऐसा नहीं है जिसकी लोकप्रियता 25 फीसदी से ऊपर हो, जबकि पीएम मोदी की लोकप्रियता का ग्राफ 75 फीसदी से ऊपर है। ऐसे में पार्टी किसी भी मौजूदा उट को ही अपना चेहरा प्रोजेक्ट कर कोई रिस्क नहीं लेना चाहेगी।

आजाद सिपाही संवाददाता

**नयी दिल्ली।** आगामी चुनावों को लेकर भाजपा ने कमर कस ली है। 2023 तक होने वाले सभी विधानसभा चुनाव सामूहिक नेतृत्व में लड़ेगी। रणनीति के मुताबिक किसी भी राज्य में मुख्यमंत्री का नाम प्रोजेक्ट नहीं किया जायेगा। हालांकि, मौजूदा मुख्यमंत्रियों को चुनाव जीतने के बाद भी सीएम बने रहने का मौका मिल सकता है। इस साल के आखिर में गुजरात और हिमाचल प्रदेश के चुनाव हैं। जबकि अगले साल कर्नाटक, त्रिपुरा, मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में विधानसभा चुनाव होने हैं। हिमाचल, गुजरात, त्रिपुरा और मध्य प्रदेश में भाजपा की सरकार है। पिछले दिनों संसदीय बोर्ड के पुनर्गठन के बाद आला नेताओं की इस बात पर सहमति बनी कि सत्तारूढ़ राज्यों के नेतृत्व को लेकर सत्ता-विरोधी रुझान हैं। संगठन स्तर पर आपसी तालमेल की कमी है। ऐसे में मौजूदा मुख्यमंत्रियों के नेतृत्व में चुनाव लड़ने के विकल्प से बचने की जरूरत है। प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के इतिहास में ऐसे पहले ऐसे नेता हैं जिसके खिलाफ अब भी एंटी इंकंबेंसी न के बराबर है। प्रधानमंत्री मोदी भाजपा के इतिहास में ऐसे पहले ऐसे नेता हैं जिसके खिलाफ अब भी एंटी इंकंबेंसी न के बराबर है। एक वरिष्ठ भाजपा नेता ने बताया कि, मौजूदा मुख्यमंत्रियों की भी यही राय है कि विधानसभा चुनाव में सिर्फ पीएम का चेहरा होना चाहिए। केंद्र की योजनाओं का सत्तारूढ़ राज्य सरकार की तरफ से बेहतर डिलिवरी का नैरेटिव सेट करना चाहिए। राज्यों के मतदाताओं को यह संदेश देना चाहिए, मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार बेटर चॉइस है। पार्टी के एक महासचिव ने कहा, सामूहिक नेतृत्व का मतलब यह नहीं है कि सत्ता में आने पर उट बदला जायेगा। हो सकता है कि मौजूदा सीएम को दोबारा मौका दिया जाये, जैसा गोवा या उत्तराखंड में हुआ।

## जैकलीन की बढ़ीं मुश्किलें, कोर्ट में पेश होने का आदेश

**नयी दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को समन जारी करते हुए 26 सितंबर को अदालत में पेश होने का आदेश दिया है। अदालत ने हाल ही में दर्ज मामले में दायर चार्जशीट पर संज्ञान लिया है। वहीं 12 सितंबर को दिल्ली पुलिस भी अभिनेत्री से पूछताछ करेगी। प्रवर्तन निदेशालय ने 215 करोड़ रुपये की वसूली के मामले में जैकलीन फर्नांडीज को आरोपी बनाया है। इडी ने इस महीने की शुरूआत में बॉलीवुड अभिनेत्री के खिलाफ चार्जशीट भी दायर की थी। ईडी ने जैकलीन को जबरन वसूली के मामले में आरोपी पाया था। इडी का मानना है कि वह जानती थी कि ठग सुकेश चंद्रशेखर जबरन वसूली करता था। मुख्य गवाहों और आरोपियों के बयानों से पता चला है कि जैकलीन फर्नांडीज लगातार वीडियो कॉल पर सुकेश के संपर्क में थी। सुकेश ने श्रीलंका की इस अभिनेत्री को महंगे तोहफे देना भी कबूल किया है। कुछ समय पहले कोर्ट ने जैकलीन की करीब 7 करोड 12 लाख रुपये की एफडी इडी ने अटैच की थी। अभिनेत्री पर ये भी आरोप है कि जैकलीन ने चंद्रशेखर से 10 करोड़ रुपये के महंगे गिफ्ट्स भी लिए हैं।

## एमसीएल जागृति महिला मंडल ने की जरूरतमंद लोगों को साइकिल प्रदान

आजाद सिपाही संवाददाता

**संबलपुर।** महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल) ने कॉरपोरेट सोशल रिस्पांसिबिलिटी (सीएसआर) के तहत जरूरतमंद परिधीय युवाओं को उनके दैनिक कार्य जीवन में सहयोग प्रदान करने के लिए साइकिल प्रदान की है। जागृति महिला मंडल की अध्यक्ष पद्मजा सिंह ने उपाध्यक्षाओं सरिता पटेल और रश्मि बेहुरा की उपस्थिति में छह साइकिल प्रदान की। इसी कडी में सेंट लुक्स स्कूल, संबलपुर के जरूरतमंद छात्र को जागृति महिला मंडल ने आर्थिक सहायता प्रदान की और गंगाधर मेहर कॉलेज के छात्रों को अध्ययन के लिये अध्ययन सामग्री भी प्रदान की गई।



## सोनिया गांधी की मां पाओला माइनो का इटली में निधन

### जयराम रमेश ने ट्वीट कर दी जानकारी

**नयी दिल्ली (आजाद सिपाही)।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी की मां का देहांत हो गया है। कांग्रेस के प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। जयराम रमेश ने ट्वीट किया-सोनिया गांधी की मां पाओला माइनो का शनिवार 27 अगस्त, 2022 को इटली में उनके घर पर निधन हो गया। अंतिम संस्कार कल 28 अगस्त को हुआ। सोनिया गांधी पिछले हफ्ते अपनी मां से मिलने के लिये गई थीं। यह यात्रा मेडिकल जांच के लिये उनकी विदेश यात्रा का हि था, जहां उनके बेटे राहुल गांधी और बेटी प्रियंका गांधी वाड्रा उनके साथ गये थे। सोनिया अभी विदेश में ही हैं। राहुल और प्रियंका पिछले कुछ सालों में कई बार अपनी नानी से मिलने गये थे। 2020 में जब राहुल गांधी को उनकी लगातार विदेश यात्राओं पर कुछ आलोचनाओं का सामना करना पड़ा, तो पार्टी ने कहा था कि वह एक बीमार रिश्तेदार से मिलने के लिए इटली की निजी यात्रा पर हैं।

## यूपी में 22 जगह इनकम टैक्स की रेड

# लखनऊ, कानपुर समेत शहरों में सरकारी विभाग के अफसर-कर्मचारी, ठेकेदारों के ठिकानों पर छापा

एजेंसी

**लखनऊ/कानपुर।** यूपी में भ्रष्टाचार पर बड़ा एक्शन हुआ है। आयकर विभाग यानी क्ळ ने लखनऊ, नोएडा और कानपुर समेत 22 जगहों पर छापेमारी की है। आइटी ने यूपी में उद्योग विभाग, उद्यमिता विकास संस्थान, उद्यमिता प्रशिक्षण संस्थान, यूपीआइ कॉन से जुड़े अफसरों और ठेकेदार पर छापेमारी की है। आयकर की रडार पर करीब 18 अधिकारी-कर्मचारी हैं। आइटी की टीमें इनके ठिकानों पर लैंड डील से जुड़े दस्तावेज खंगाल रही हैं। बुधवार सुबह करीब 5 बजे छापेमारी शुरू हुई। आइटी दिल्ली में भी एक जगह छापेमारी कर रही है। इस ऑपरेशन का नाम-बाबू साहब पार्ट-2 दिया गया है। अधिकारियों ने बताया कि 18 जून को ऑपरेशन बाबू साहब पार्ट-1 के तहत कार्रवाई की गई थी। सरकारी संस्थानों के अधिकारियों और कर्मचारियों पर टेंडर मैनेज कराने के आरोप हैं। खबर में आगे बढ़ने से पहले आप इस पोल में भी शामिल हो सकते हैं।

लखनऊ के विपुल खंड में रहने वाले डीपी सिंह के यहां इनकम टैक्स की टीम सुबह-सुबह पहुंची। वह प्रॉपर्टी डीलर और ठेकेदार हैं। उनके यहां 18 जून को ऑपरेशन बाबू साहब पार्ट-1 के तहत छापेमारी हुई थी। इसमें क्ळ को डॉक्यूमेंटेशन प्रूफ मिले थे। इसी आधार पर डीपी सिंह क्ळ की रडार पर हैं। छापे के सभी स्पॉट पर बाहरी लोगों की एंट्री बैन कर दी गई है। लोकल पुलिस की सिक्योरिटी के लिए मदद ली जा रही है।

छापे के सभी स्पॉट पर बाहरी लोगों की एंट्री बैन कर दी गई है। लोकल पुलिस की सिक्योरिटी के लिए मदद ली जा रही है। सरकारी योजनाओं में घोटाले करके कुछ अधिकारी आइटी के रडार पर आए हैं। करप्शन के इन मामलों के तार यूपी के उद्यमिता विकास संस्थान से जुड़े हैं। मार्च में संस्थान के डायरेक्टर देवेंद्र पाल सिंह की कार से 30 लाख रुपये नगद बरामद किया गया था।

## पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी की हिरासत 14 सितंबर तक बढ़ी

आजाद सिपाही संवाददाता

**कोलकाता।** घोटाला मामले में एक विशेष अदालत ने पश्चिम बंगाल के पूर्व मंत्री पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी की न्यायिक हिरासत 14 सितंबर तक बढ़ा दी है। इससे पहले पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को 31 अगस्त तक न्यायिक हिरासत में भेजा गया था। इडी ने 23 जुलाई को पार्थ चटर्जी और अर्पिता मुखर्जी को गिरफ्तार किया था। तब से ही वे ईडी की हिरासत में थे। इडी का दावा है कि उसने मुखर्जी के आवासों से 49.80 करोड़ रुपये नकद, जेवरात और सोने की छड़ें बरामद की हैं। उसने दावा किया है कि एजेंसी को संपत्तियों और कंपनियों से संबंधित दस्तावेज भी मिले हैं। दोनों को धन शोधन रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत गिरफ्तार किया गया है। ईडी को आशंका है कि शिक्षक भर्ती घोटाला 100 करोड़ से ज्यादा का हो सकता है। ईडी की टीम ने अर्पिता के चार ठिकानों पर छापामारी शुरू की थी। अधिकारी जब अर्पिता के बेलघरिया फ्लैट का ताला तोड़कर अंदर घुसे तो वहां नोटों के बंडल मिले। जिनकी गिनती करने के लिये पांच मशीनें मंगाई गईं। इससे पहले अर्पिता के टॉलीगंज स्थित फ्लैट से 21 करोड़ रुपए मिले थे। अर्पिता के ठिकानों से अब तक कुल 53.22 करोड़ रुपये नकद मिले थे।



## दिल्ली के दौरे पर मुख्यमंत्री नवीन पटनायक

# 16 देशों के राजदूतों से करेंगे बातचीत

- नवीन पटनायक निवेशकों को समझायेंगे कि राज्य सरकार सिंगल विंडो के जरिये जमीन, बिजली, पानी और जरूरी सुविधायें मुहैया करा रही है।

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुवनेश्वर।** मुख्यमंत्री नवीन पटनायक आज से 6 दिवसीय दिल्ली दौरे पर हैं। वह आज शाम दिल्ली में इंवेस्टर्स मीट में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में नवीन 16 देशों के राजदूतों से चर्चा करेंगे। मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव इस बात पर ध्यान केंद्रित करेगा कि विभिन्न देशों से ओडिशा में अधिक पूंजी कैसे लाया जाये। हालांकि नवीन पटनायक निवेशकों को समझायेंगे कि राज्य सरकार सिंगल विंडो के जरिये जमीन, बिजली, पानी और जरूरी सुविधायें मुहैया करा रही है। यह कांक्लेव कोरोना के चलते दो साल बाद होने जा रहा है। 'मेक इन ओडिशा कॉन्क्लेव' 30 नवंबर से 4 दिसंबर तक आयोजित किया जायेगा। इसके साथ ही मुख्यमंत्री अगले चार दिनों में नयी दिल्ली में कैपिटल फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री को उनकी आजीवन सेवा के लिए सम्मानित किया जायेगा। इस मौके पर पूर्व मुख्य न्यायाधीश एमवी रमना शामिल होकर पुरस्कार प्रदान करेंगे।





















आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक*** : विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**